* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

22 नवंबर, 2022
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 34

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

नन्ही बच्ची का भाषण सुन दंग रह गये पीएम मोदी ने भगवा गमछे पर दिया ऑटोग्राफ

SURJABASHA

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)

Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2023-24
NURSERY to IX th
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
BUS FACILITY AVAILABLE.
CONTACT NO. : 98359 36571 94311 06503 83405 81301

लातेहार पुलिस को मिली कामयाबी, बेंदी जंगल में मुठभेड़

तीन नक्सलियों को मार गिराया

■ नक्सली संगठन के तीन हथियार भी बरामद ■ सर्च ऑपरेशन के दौरान हुई मुठभेड़

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। नक्सल विरोधी अभियान में जिला पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली। जवानों ने सदर थाना क्षेत्र के बेंदी जंगल में जेजेएमपी के साथ हुई मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को मार गिराया। यह मुठभेड़ पुलिस द्वारा चलाये जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान हुई। पुलिस को भारी पड़ता देख बाकी नक्सली जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले। मुठभेड़ स्थल से तीन हथियार भी बरामद किये गये हैं। इनमें दो इंसास राइफल और एक एसएलआर शामिल हैं। मुठभेड़ की पुष्टि लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने की है।

एसपी के अनुसार लातेहार एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में सीआरपीएफ और जिला पुलिस बल के जवान सदर थाना क्षेत्र के बेंदी जंगल में सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसी दौरान पुलिस को नजदीक आता देख नक्सलियों ने जवानों पर निशाना साधते हुए गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की। इसमें जेजेएमपी संगठन के तीन नक्सली ढेर हो गये। पुलिस को भारी पड़ता देख बाकी उग्रवादी जंगल का फायदा उठाते हुए फरार हो गये। एसपी ने कहा कि तीनों शव बरामद कर लिये गये हैं। पुलिस द्वारा इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

एक दिन पहले हुई थी निर्माण साइट पर फायरिंग

बता दें कि एक दिन पहले यानी रविवार को नक्सलियों ने एकमहुआ-हुटाप-अमझरिया सड़क निर्माण कार्य में लगी कंपनी की साइट पर हमला कर दिया था। इस हमले में जेजेएमपी संगठन के नक्सली शामिल थे। यह हमला लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में हुआ था। बताया गया कि एकमहुआ से अमझरिया रोड तक एक कंपनी सड़क निर्माण कार्य में लगी है। देर शाम जेजेएमपी के नक्सली यहां पहुंचे और लेवी के लिए गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद नक्सलियों ने कंपनी के मुंशी और एक कर्मचारी को कब्जे में ले लिया। उनका मोबाइल छीन लिया। इसके बाद हवाई फायरिंग शुरू कर दी। एक महीना पहले पुतरीटोला के समीप रेलवे साइट पर भी नक्सलियों ने हमला किया था। बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड के टोरी-महुआमिलान रेलवे स्टेशन के बीच चंदवा थाना क्षेत्र के पुतरीटोला के जोड़ा जामुन (माल्हन) के समीप तीसरी लाइन निर्माण कार्य चल रहा है। 21 अक्टूबर 2022 को नक्सलियों ने यहां हमला कर दिया था। तब माओवादियों ने रवींद्र गंझू के नाम से यहां पर्चा छोड़ा था।

हर्षिता रश्मि को नहीं चाहिए डीएसपी का पद

सरकार को लिखा, दूसरे विभाग में हो तैनाती

बीमारी के कारण नहीं कर पाती ट्रेनिंग

रांची (अजय शर्मा)। नवनियुक्त डीएसपी हर्षिता रश्मि को अब वर्दी रास नहीं आ रही है। वह चाहती हैं कि सरकार उनकी नियुक्ति पर पुनर्विचार करे और उन्हें किसी दूसरे विभाग में तैनात किया जाये। अभी चार माह पहले जेपीएससी ने चार बैच के लिए संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया था, जिसमें हर्षिता सफल हुई थी। अच्छा नंबर आने के कारण उन्हें डीएसपी के पद पर पदस्थापित किया गया। अपने पैतृक विभाग में योगदान करने के बाद उन्हें प्रशिक्षण के लिए भेजा गया, लेकिन वह इस कठिन प्रशिक्षण को पूरा नहीं कर पा रही हैं। इस संबंध में उन्होंने एक पत्र में लिखा है और बीमारी का हवाला देते हुए सरकार से अनुरोध किया है कि उन्हें दूसरे विभाग में तैनात किया जाये। अब उनके आवेदन पर सरकार विचार कर रही है और जेपीएससी को पुनर्विचार के लिए लिखा जा रहा है। हालांकि यह थोड़ी कठिन प्रक्रिया है।

हर्षिता ने क्या लिखा है : गृह विभाग सचिव को लिखे पत्र में डीएसपी ने लिखा है कि उन्हें प्रशिक्षण कार्य से मुक्त कर दिया जाये। उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को इसका कारण बताया है। इस पत्र की प्रति कई अन्य विभागों को भी दी गयी है।

केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जायेंगे एसपी विनीत कुमार : वायरलेस के एसपी विनीत कुमार केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाना चाहते हैं। उन्होंने इस संबंध में पुलिस मुख्यालय को एक पत्र लिखा है। पुलिस मुख्यालय ने उनके पत्र को अपनी अनुशंसा के साथ आगे भेज दिया है। अभी हाल ही में रांची के सिटी एसपी अंशुमन कुमार केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए विरमित किये गये हैं।

झारखंड सरकार आरक्षण संशोधन विधेयक को दी गयी स्वीकृति

मेरिट से 23 और आरक्षित कोटा से 77 प्रतिशत नियुक्तियां की जायेंगी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में अब सरकारी नौकरी पर आरक्षण का नियम नये सिरे से लागू होगा। मेरिट पर 23 प्रतिशत और आरक्षित कोटा पर 77 प्रतिशत नियुक्ति की अनुशंसा राज्य सरकार ने की है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 14 सितंबर 2022 को मंत्रिपरिषद की बैठक में स्वीकृत कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (संशोधन) विधेयक में सन्निहित प्रस्ताव में संशोधन को स्वीकृति दे दी है। यह अधिनियम भारत राज्य के संविधान की नौवीं अनुसूची में सम्मिलित होने के उपरांत प्रभावी होगा।

2001 के मूल अधिनियम की धारा 4 (1) एवं 4(2) के प्रावधान विलोपित : ज्ञात हो कि झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़ा वर्गों के लिए) से जुड़े

2001 के मूल अधिनियम की धारा 4 (1) एवं 4(2) के प्रावधानों को विलोपित करते हुए उसे निम्न रूप से प्रतिस्थापित किया गया है ।

4 (1)) के अंतर्गत किसी स्थापना में सेवाओं और पदों की सभी नियुक्तियां, जो सीधी भर्ती के द्वारा भरी जानी हो, निम्नलिखित रूप से विनियमित की जाएगी। खुली गुणागुण (मेरिट) कोटि से 23 प्रतिशत और आरक्षित कोटि से 77 प्रतिशत नियुक्तियां होंगी।

आरक्षित कोटि की 77 प्रतिशत में से आरक्षित उम्मीदवारों को विभिन्न कोटियों की रिक्तियां निम्न तरीके से भरी जाएगा। इसमे अनुसूचित जाति को 12 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति को 28 प्रतिशत, अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची 1) को 15 प्रतिशत और पिछड़ा वर्ग (अनुसूचित 2) को 12 प्रतिशत आरक्षण होगा। इसके अलावा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षित होगी। यह अधिनियम झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (संशोधन) अधिनियम- 2022 के नाम से जाना जाएगा। इसका विस्तार संपूर्ण झारखंड राज्य में होगा।

झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस आज

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा का 22वां स्थापना दिवस समारोह मंगलवार को शुरू होगा। तीन दिनों तक चलनेवाले समारोह के दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। 22 नवंबर को विधानसभा के स्थापना दिवस समारोह के मौके पर उत्कृष्ट विधायक के रूप में चयनित विनोद सिंह और सभा के उत्कृष्ट कर्मियों को सम्मानित किया जायेगा। राज्यपाल रमेश बैस उद्घाटनकर्ता होंगे। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद होंगे।

समारोह के पहले दिन देश की सीमा पर और नक्सली हिंसा में शहीद हुए राज्य के जवानों के आश्रित परिवारों को सम्मानित किया जायेगा। साथ ही राज्य में इस साल 10वीं और 12वीं के टॉपर विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा विधानसभा की त्रैमासिक पत्रिका 'उड़ान' का भी लोकार्पण होगा। स्पीकर रवींद्रनाथ महतो द्वारा लिखित पुस्तक 'संसदीय दायित्व के तीन साल' का भी लोकार्पण किया जायेगा।

चक्रधरपुर के कमलदेव हत्याकांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

● मुख्य साजिशकर्ता सतीश की तलाश में चाईबासा पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

चाईबासा। चक्रधरपुर के चर्चित कमलदेव हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मंडल साई निवासी गुलजार हुसैन उर्फ पिद्दू और सिमिदिरी निवासी मतिउर उर्फ रहमान उर्फ दानिश शामिल है। सोमवार शाम चाईबासा पुलिस ने दोनों आरोपियों को प्रस्तुत किया। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि 12 नवंबर को कमलदेव गिरि की हत्या कर दी गयी थी। घटना के दो दिन बाद पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर हत्या का मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। इसके लिए एक 11 सदस्यीय एसआइटी का गठन किया गया था। इस मामले का मुख्य साजिशकर्ता सतीश प्रधान और जाहिद है, जिन्होंने गुलजार और मतिउर के अलावा अपने चार अन्य साथियों के साथ मिल कर घटना को अंजाम दिया.

पुराने विवाद का बदला लेने के लिए हुई हत्या : एसपी ने बताया कि बीते साल सतीश प्रधान और कमलदेव के बीच झड़प हुई थी। इस मामले में दोनों जेल गये थे। उसके बाद से ही सतीश हत्या की साजिश रच रहा था। घटना को अंजाम देने के लिए सतीश ने अपने साथी जाहिद के साथ मिलकर गुलजार और मतिउर को हथियार बनाया और उनसे रेकी करवायी। वहीं घटना को अंजाम देने में दो से ज्यादा लोगों के शामिल होने की बात बतायी जा रही है। सतीश की गिरफ्तारी के बाद ही मामला साफ हो पायेगा।

पीएम मोदी आज देंगे 71 हजार नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार में मंगलवार को एक साथ 71 हजार युवाओं को पक्की नौकरी का नियुक्ति पत्र जारी किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 नवंबर को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देंगे। इससे पहले पीएम मोदी ने दीवाली पर भी रोजगार मेले के तहत लगभग 75 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे थे। केंद्र सरकार का प्रयास है कि विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में खाली पड़े पदों को मिशन मोड में डेढ़ साल के अंदर भर दिया जाये। इसके लिए युद्ध स्तर पर काम हो रहा है।

दीपावली पर दिये थे नियुक्ति पत्र : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जून में केंद्र के सभी मंत्रालयों और विभागों को इस दिशा में काम करने का निर्देश दिया था। दीपावली पर आयोजित रोजगार मेले में देशभर से चयनित युवाओं को नियुक्त पत्र दिया गया था। इनमें समूह-ए, समूह-बी (राजपत्रित), समूह-बी (अराजपत्रित) और समूह-सी की नियुक्तियों के साथ ही केंद्रीय सशस्त्र बल, उपनिरीक्षक, कांस्टेबल, कनिष्ठ लिपिक (एलडीसी), स्टेनो, पीए, आयकर निरीक्षक, रेलवे एमटीएस जैसे पद शामिल थे। रोजगार मेले में केंद्र सरकार के अनेक मंत्री भी शामिल हुए थे। ये मंत्री विभिन्न प्रांतों में पीएम की वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े हुए थे। इन्होंने वहां आसपास के युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा था। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ओड़िशा, अनुराग ठाकुर चंडीगढ़, पीयूष गोयल महाराष्ट्र और मनसुख मांडविया गुजरात से रोजगार मेले में शामिल हुए थे। इसके अलावा अन्य केंद्रीय मंत्री और सांसद भी अपने-अपने क्षेत्र में उन युवाओं के बीच रहे थे, जिन्हें नियुक्ति पत्र दिया जाना था।

नियुक्ति पत्र देने से पहले करेंगे संवाद

इस बार भी कुछ वैसा ही कार्यक्रम बनाया गया है। पीएम मोदी मंगलवार सुबह 10 बजे रोजगार मेला-2 की शुरुआत करेंगे। दूसरे चरण में रायपुर, नयी दिल्ली, पणजी, गुरुग्राम, पोर्ट ब्लयेर, विशाखापट्टनम, इटानगर, गुवाहाटी, पटना, श्रीनगर, उधमपुर, जम्मू, रांची, हजारीबाग, बंगलुरु, तिरुवनंतपुरम, लेह, भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, पुणे, नागपुर, इंफाल, शिलांग, आइजोल, दीमापुर, भुवनेश्वर और जालंधर आदि 45 शहर शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र देने से पहले उनके साथ संवाद करेंगे। 22 नवंबर को आयोजित होने वाले रोजगार मेले के दूसरे चरण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण चेन्नई से, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर से, सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर गुरुग्राम से, पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह पटना से, भारी उद्योग मंत्री डॉ महेंद्रनाथ पांडे प्रयागराज से और पीएमओ में राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह दिल्ली के छावला स्थित बीएसएफ कैंप से रोजगार मेले के साथ जुड़ेंगे।

शुभकामना संदेश

लोकतंत्र में जनता लोक व्यवस्था के लिए विधायिका पर विश्वास व्यक्त करती है और विधान सभा राज्य की जनता के लिए सर्वोच्च पंचायत होती है।

आज झारखण्ड विधानसभा अपनी उम्र के 22वीं पड़ाव को पूरा कर अपने अतीत से प्राप्त अनुभव और वर्त्तमान की ऊर्जा से अभिभूत नए जोश और उमंगों के साथ आगे बढ़ने को तत्पर है।

यह अवसर झारखण्ड की विधायिका के लिए एक संकल्प लेने का दिन है ताकि जनता हमें जिस उम्मीद के साथ चयनित कर विधान सभा भेजती है, हम सभी उनकी आशा और उम्मीदों पर खरा उतर पायें ।

झारखण्ड विधान सभा की 22वीं वर्षगांठ पर बहुत-बहुत बधाई।

रबीन्द्रनाथ महतो
अध्यक्ष, झारखण्ड विधानसभा

झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 49,400 रु./10 ग्राम
चांदी 63,500 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 22 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com

चुनौतियों की कसौटी पर 22 साल की झारखंड विधानसभा

झारखंड की जनता को राज्य की सबसे बड़ी पंचायत से क्या मिला

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड की सबसे बड़ी पंचायत, यानी विधानसभा 22 साल की हो गयी। किसी भी संस्था के लिए 22 साल का कालखंड उसके कामकाज की समीक्षा के लिए काफी होता है और यही कारण है कि झारखंड विधानसभा के अब तक के सफरनामे पर एक दृष्टि डाली जाये। आम तौर पर कहा जा सकता है कि झारखंड विधानसभा ने राज्य की सवा तीन करोड़ आबादी की आकांक्षाओं पर यदि पूरी तरह खरा नहीं उतरी है, तो इसने झारखंड को निराश भी नहीं होने दिया है, हालांकि इसके साथ विवाद हमेशा जुड़े रहे। वर्ष 2000 में जब पहली विधानसभा अस्तित्व में आयी थी, तब से लेकर आज तक हर बार कोई न कोई विवादित मुद्दा इसके साथ जुड़ता रहा। चाहे वह विधानसभा की स्थापना से संबंधित विवाद हो या फिर कार्यवाही के दौरान विभिन्न पक्षों के व्यवहार की। इन विवादों के बावजूद सदन ने कई बार सकारात्मक और सार्थक चर्चा कर झारखंड के हित में महत्वपूर्ण फैसले लिये और ऐसी नीतियां बनायीं, जिन पर चल कर झारखंड को लाभ ही मिला। सरना धर्म कोड, 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीयता नीति और ओबीसी आरक्षण को बढ़ाने समेत कई ऐतिहासिक फैसले पांचवीं विधानसभा में हुए। झारखंड विधानसभा के 22 साल के सफरनामे पर नजर दौड़ा रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

आज से ठीक 22 साल पहले 22 नवंबर 2000 को जब झारखंड की पहली विधानसभा अस्तित्व में आयी थी और एचइसी इलाके में स्थित रसियन हॉस्टल के लेनिन हॉल में इसकी पहली बैठक हुई थी, उस समय सदन के पहले उपाध्यक्ष बागुन सुंब्रुई ने कहा था कि इस सदन में झारखंडियों के सपने आकार लेंगे और उन्हें उड़ने की ताकत मिलेगी। उन्होंने कहा था कि लेकिन इसके लिए इसे वयस्क होने तक इंतजार करना होगा। अभी तो इसके खेलने-खाने के दिन हैं। बागुन सुंब्रुई की उस टिप्पणी को उस समय राजनीतिक दृष्टि से विवादित करार दिया गया था, लेकिन आज जब झारखंड विधानसभा अपनी 22वीं सालगिरह मना रही है, यह टिप्पणी बेहद सटीक लगती है। झारखंड की 82 सदस्यीय विधानसभा, जिसमें एक मनोनीत सदस्य शामिल हैं, की अब तक हुई बैठकों का लब्बो-लुआब यही निकाला जा सकता है कि राज्य की सबसे बड़ी पंचायत ने अब तक के अपने सफर में झारखंड को यदि बहुत अधिक दिया नहीं है, तो निराश भी नहीं किया है।

पिछले 22 साल में झारखंड विधानसभा की 540 दिन बैठक हो चुकी है और इसने सामान्य कामकाज के अलावा 383 विधेयकों को पारित किया है। यह उपलब्धि छोटी नहीं है। लगातार किराये के भवन में काम निबटाते हुए इस सदन ने राज्य की सवा तीन करोड़ आबादी को वह सब कुछ देने का प्रयास किया है, जो उसके लिए जरूरी था। सदन के पहले अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी से लेकर वर्तमान अध्यक्ष प्रो रवींद्रनाथ महतो तक ने राज्य की इस सर्वोच्च संवैधानिक संस्था की गरिमा को हमेशा अक्षुण्ण रखने का ही प्रयास किया। इतना ही नहीं, सदन के नेताओं ने भी, जिनमें बाबूलाल मरांडी से लेकर वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक शामिल हैं, ने हमेशा इस संस्था की पवित्रता को राज्य के लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप बनाये रखने के लिए हरसंभव प्रयास किया।

इसके बावजूद झारखंड की कोई भी विधानसभा विवादों से घिरने से नहीं बच सकी। कहा जाता है कि हर चमकीली वस्तु का दूसरा पहलू उसका स्याह पक्ष भी होता है। यह कहावत झारखंड विधानसभा के साथ भी लागू होती है। कई बार विधानसभा विवादों में घिरी। चाहे घोटालों को लेकर हो या फिर सदन की कार्यवाही को लेकर, झारखंड विधानसभा का विवादों ने हरदम पीछा किया। खास कर दलबदल संबंधी विवादों को लेकर विधानसभा की छवि पर जो दाग लगे, उसे लेकर झारखंड में चिंता भी जाहिर की गयी। विधानसभा को राजनीति का मंच बनाने की भी भरपूर कोशिश की गयी और जाने-अंजाने इसे हर राजनीतिक दल ने अपने हित के लिए इस्तेमाल किया, जबकि होना यह चाहिए था कि इस मंच का इस्तेमाल केवल राज्यहित के लिए किया जाता। दलबदल के मामले में राज्य की चौथी विधानसभा ने तो रिकॉर्ड ही बना लिया, जब अध्यक्ष ने पूरे पांच साल तक इस मामले की सुनवाई की और सदन की अवधि पूरी होने से ठीक पहले फैसला सुनाया। अब पांचवीं विधानसभा में दलबदल का एक मामला लंबित है और अध्यक्ष कह चुके हैं कि वह बहुत जल्द इस पर फैसला सुनायेंगे। यदि ऐसा होता है, तो यह भी एक रिकॉर्ड ही बनेगा।

एक और विवाद, जिसने झारखंड विधानसभा को कभी नहीं छोड़ा, वह है इसकी समितियों के कामकाज और उनकी रिपोर्ट पर कार्यवाही का सवाल। हर विधानसभा में विधायकों की समितियां बनीं, उन्होंने अपने-अपने विभागों के कामकाज की समीक्षा की और देर-सबेर रिपोर्ट भी सौंपी, लेकिन उन पर क्या कार्रवाई हुई, यह अब तक सामने नहीं आया है। विधानसभा समितियों के साथ कार्यपालिका के रिश्तों पर भी अक्सर सवाल उठते रहे और विधानसभा ने कई बार चेतावनी भी जारी की, इसके बावजूद इस दिशा में बहुत अधिक सकारात्मक प्रगति नहीं हुई।

विवादों के बावजूद झारखंड विधानसभा ने राज्य की हकीकतों को दुनिया के सामने रखा है। पिछले 22 साल में देश के संसदीय कामकाज में झारखंड विधानसभा ने अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज करायी है। चाहे पीठासीन पदाधिकारियों का राष्ट्रमंडल सम्मेलन हो या फिर दूसरे आयोजन, झारखंड को प्रतिष्ठा दिलाने में राज्य के प्रतिनिधि कभी पीछे नहीं रहे। इतना ही नहीं, विधानसभा ने आदिवासी सरना धर्म कोड जैसे संवेदनशील और 60 साल से लंबित मुद्दे को सर्वसम्मति से सुलझा कर अनोखी उपलब्धि हासिल की है। इसके अलावा 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीयता नीति और ओबीसी आरक्षण को बढ़ाने का विधेयक पास कर पांचवीं विधानसभा ने झारखंड के आदिवासियों और पिछड़ों की भावनाओं का सम्मान दिया है। अब, जबकि झारखंड विधानसभा किराये के भवन से निकल कर अपने खुद के भवन में चली गयी है और इसकी भव्य इमारत पूरी दुनिया में चर्चित हो रही है, उम्मीद की जानी चाहिए कि राज्य की सबसे बड़ी पंचायत का आगे का सफर बागुन सुंब्रुई की टिप्पणी के अनुरूप होगा, जब यह झारखंड के सपनों को पंख लगायेगी और यहां के सवा तीन करोड़ लोगों को उड़ने का हौसला देगी। वैसे भी किसी राज्य की विधानसभा उसके लोगों की आकांक्षाओं का आइना होती है। झारखंड विधानसभा ने अब तक यहां के लोगों की आकांक्षाओं को देखा भर है। अब उसके सामने इन्हें पूरा करने की चुनौती है, जिसकी जिम्मेवारी सदन के सदस्यों की है। उम्मीद किया जाना चाहिए कि झारखंड विधानसभा इस उम्मीद की कसौटी पर खुद को खरा साबित करेगी और तब झारखंड का दौर शुरू होगा।

मुंबई में मना 22वां झारखंड स्थापना दिवस महोत्सव

गिरिडीह के उद्योगपति मोहन प्रसाद साव, प्रवासी ग्रुप संचालक सिकंदर अली समेत कई शख्सियत सम्मानित

सुधीर सिन्हा

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। मुंबई के दादर में स्थित शिवाजी मंदिर हॉल में 18 नवंबर को 22वां झारखंड स्थापना दिवस महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। झारखंडवासी परिवर्तन संघ द्वारा आयोजित इस समारोह में गिरिडीह समेत देश स्तर के साहित्य, फिल्म और राजनीति से जुड़े 22 प्रसिद्ध हस्तियां को पुष्प गुच्छ, शॉल और अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया।

त्रैमासिक पत्रिका 'अपना झारखंड' का हुआ विमोचन : झारखंडवासी परिवर्तन संघ के बैनर तले आयोजित आहूत इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई प्रहलाद दामोदर मोदी उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम में मुंबई बीजेपी अध्यक्ष सह अधिवक्ता आशीष शेलार, झारखंड के बरकट्ठा विधायक अमित यादव, मुंबई बीजेपी उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार अभिजीत राणे, मुंबई आयकर विभाग डिप्टी कमिश्नर मनुलाल बैठा, एचपीसीएल (एचआर) दिनेश प्रसाद, ओएनजीसी मनोज कुमार, मूवी डायरेक्टर दिलीप शुक्ला समेत कई नामचीन हस्ती मौजूद थे। कार्यक्रम का आगाज झारखण्ड की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करती रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से किया गया।

वहीं समारोह के दौरान झारखंडवासी परिवर्तन संघ की त्रैमासिक पत्रिका 'अपना झारखंड' के पहले अंक का आगत अथियों के हाथों विमोचन किया गया।

प्रकृति के गोद मे बसे राज्य का सुंदर होना लाजमी - प्रहलाद : कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अथिति प्रह्लाद मोदी ने कार्यक्रम में शामिल झारखंड के लोगो को राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि झारखंड के प्राकृतिक सौंदर्य की चर्चा उन्होंने काफी सुना है। झारखंड को जल और जंगल का राज्य कहा जाता है। कहा कि जो राज्य प्राकृतिक की गोद में बसा है उसका सुंदरत होना तो लाजिमी है।

इस मौके पर झारखंडवासी परिवर्तन संघ के संस्थापक अध्यक्ष अरविंद आर्य ने बताया कि झारखंडवासी परिवर्तन संघ पिछले कई सालों से इस महोत्सव का आयोजन करती आ रही है। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य मुंबई में काम रहे झारखंडवासी को एकत्रित करना और उन्हें हर तरह की मदद पहुंचना है।

समारोह में इन्हें किया गया सम्मानित : समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई प्रहलाद दामोदरदास मोदी को राष्ट्रीय गौरव अवार्ड देकर समानित किया गया, जबकि गिरिडीह के प्रसिद्ध उद्योगपति मोहन प्रसाद साव, डॉ नेहा सिन्हा, ड्यूटी इनकम टैक्स कमिश्नर मनुलाल बैठा, एचपीसीएल के एचआर दिनेश प्रसाद, ब्लू फाउंडेशन के चेयरपर्सन डॉ पंकज सोनी को झारखंड गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, व्यवसायी माथुर प्रसाद, व्यवसायी राजू साहू, मुंबई बीजेपी अध्यक्ष आशीष शेलार, मुंबई बीजेपी उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्रा एवं यूपीएससी क्वालीफाई बीके राम को गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया, जबकि शक्तिमान सीरियल के राइटर बृजमोहन पांडे, लिरिक्स राइटर रांची विजय प्रभाकर एवं सिंगर रांची स्वाति प्रसाद को झारखंड कला रत्न अवॉर्ड देकर तथा प्रवासी मजदूरों के हितार्थ कार्य करने वाले गिरिडीह के सिकंदर अली, जिला परिषद सदस्य सरिया अनुप कुमार पांडेय, जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, समाज सेवक प्रदीप लाल, कुशवाहा समाज के अध्यक्ष विरेंद्र कुमार कुशवाहा को झारखण्ड सेवा रत्न अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

महोत्सव को सफल बनाने में इनकी रही भूमिका : झारखंड स्थापना दिवस महोत्सव को सफल बनाने में मनोज ठाकुर, प्रदीप लाल, राजीव रोहित, मनमोहन जयसवाल, द्वारिका सिंह, सुनील आर्य, विजय प्रसाद, उमाशंकर मोदी, तुलसी यादव, संतोष रजक, सीताराम गुप्ता, कृष्णा शाहू, जय साहा दिनेश पासवान आदि की भूमिका काफी सराहनीय रही।

सीआइएसएफ फायरिंग की जांच शुरू

हो रही है पूछताछ, राज्य सरकार को भेजी जायेगी रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। धनबाद के बाघमारा इलाके में सीआइएसएफ के जवानों की गोली से हुई चार लोगों की मौत सवालों के घेरे में है। घटना की मजिस्ट्रेट स्तर की जांच शुरू हो गयी है। डीसी संदीप कुमार ने जांच के आदेश जारी कर दिये हैं। इन चार लोगों की मौत को लेकर कई सवाल हैं, जिनके जवाब की तलाश होगी।

माफिया चला रहे हैं काला कारोबार : चार ग्रामीणों की मौत के पीछे सिर्फ सीआइएसएफ की गोली नहीं है। कोयले के अवैध खनन को हवा देने के लिए कई माफिया इन ग्रामीणों का इस्तेमाल करते हैं। बीसीसीएल का मुख्य रूप से पांच इलाका ऐसा है, जहां कोयला तस्करों की नजर है और यहां से कोयले की अवैध तस्करी होती है। इनमें मुख्य रूप से ब्लॉक टू के साथ-साथ कुसुंडा, बस्ताकोला और कतरास भी शामिल है। सुरक्षा के लिए बीसीसीएल प्रबंधन हर साल करोड़ों रुपये खर्च करता है। कई तरह के निगरानी उपकरण लगाये गये हैं। सीआइएसएफ जवानों पर भी खुद को बेदाग साबित करने का दबाव है, तो दूसरी तरफ मारे गये लोगों के परिजन जांच की मांग पर अड़े हैं।

छह महीने पहले ही हुआ था तबादला : छह महीने पहले ही बीसीसीएल यूनिट में पदस्थापित सीआइएसएफ के पुराने जवानों का तबादला हुआ। ऐसे में तस्करों से निपटने के लिए अपनाये गये इनके तरीके पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी है। सीआइएसएफ जवान को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

हो रही है पूछताछ : घटना की मजिस्ट्रेटी जांच शुरू हो चुकी है। नंदकिशोर गुप्ता की अगुवाई में दो सदस्यीय कमेटी बनायी गयी है। कमेटी में एसडीओ प्रेमकुमार तिवारी को भी शामिल किया गया है। जांच के बाद इस घटना की प्रारंभिक रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजी जानी है। डीसी ने बताया कि टीम से इस मामले की जांच के बाद जल्द रिपोर्ट जमा करने का आदेश दिया गया है। इस मामले में टीम पूछताछ करने लगी है।

गलती से चली गोली : सीआइएसएफ के डीआइजी विनय काजला ने घटना के संबंध में बताया कि कोयला चोरी करने आये बाइक सवार लोग उग्र हो गये। सीआइएसएफ जवानों से वे हथियार छीन रहे थे। राइफल छीना-झपटी में गोली चली और तस्करों को लग गयी। सीआईएसएफ ने दावा किया कि मारे गये लोग कोयला तस्करी के लिए पहुंचे थे। मामले में सीआइएसएफ की ओर से एक सौ अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करायी गयी है।

हाइकोर्ट ने यौन शोषण के आरोपी डीएवी कपिलदेव के निलंबित प्रिंसिपल को दी बेल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट ने यौन शोषण के आरोपी डीएवी कपिलदेव स्कूल के निलंबित प्रिंसिपल मनोज कुमार सिन्हा को जमानत दे दी है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुभाष चांद की अदालत में सोमवार को इस मामले की सुनवाई हुई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने मनोज सिन्हा की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। मनोज सिन्हा की ओर से अधिवक्ता अनुराग कश्यप ने कोर्ट में पक्ष रखा। हाइकोर्ट ने 30-30 हजार के दो निजी मुचलकों पर मनोज सिन्हा को बेल दी है।

स्कूल की नर्स ने लगाया था आरोप

बता दें कि डीएवी कपिलदेव स्कूल की नर्स ने निलंबित प्रिंसिपल मनोज सिन्हा के खिलाफ यौन शोषण का आरोप लगाते हुए सुखदेव नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इसके बाद हंगामा हुआ था। लगातार निलंबित प्रिंसिपल मनोज सिन्हा की गिरफ्तारी की मांग हो रही थी। मामला दर्ज होने के बाद से मनोज सिन्हा फरार चल रहे थे। पुलिस ने उन्हें 29 मई 2022 को जमशेदपुर से गिरफ्तार किया था। उसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में हैं।

अपराधी सन्नी सिंह के घर कुर्की-जब्ती

रांची, बोकारो और पश्चिम बंगाल पुलिस को तलाश है अपराधी सन्नी की

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित अपराधी सन्नी सिंह के घर की पुलिस ने कुर्की-जब्ती की है। भारी संख्या में पुलिस बल और मजिस्ट्रेट सन्नी सिंह के घर पहुंची और कुर्की-जब्ती की कार्रवाई को पूरा किया गया। बता दें कि अपराधी सन्नी सिंह की तलाश रांची, बोकारो और पश्चिम बंगाल पुलिस को है।

पांच साल से चल रहा फरार : अपराधी सन्नी सिंह कई मामलों में वांछित है और पिछले पांच साल से वह फरार चल रहा है, जिसे लेकर पुलिस के द्वारा कोर्ट के आदेश के बाद कुर्की जब्ती की कार्रवाई की गयी है। रविवार को कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम सन्नी के घर पहुंची और उसके घर के एक- एक सामान दो ट्रैक्टर में लादकर अपने साथ थाना ले गयी।

कोयला तस्करी में पुलिस की संलिप्तता का मामला

ढाई साल बाद भी सीआइडी जांच अधूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में कोयला चोरी और तस्करी का खेल काफी पुराना है। इसमें पुलिस और कोयला माफिया की मिलीभगत की बात भी अक्सर सुनने को मिलती है। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने जून 2020 में कोयला माफिया और पुलिस वालों के बीच बने इसी गठजोड़ को खत्म करने के लिए लातेहार कोयला चोरी का मामला सीआइडी को सौंपा था। लेकिन ढाई साल बाद भी लातेहार के बालूमाथ में पुलिस की मदद से कोयले की तस्करी करने वाले रामगढ़, लातेहार, रांची और चतरा के कोयला माफियाओं खिलाफ जांच पूरी नहीं हो पायी है।

माफियाओं के बीच होता था मैसेज का आदान-प्रदान : वहीं आरोपियों के मोबाइल को देखने से भी स्पष्ट हुआ था कि पुलिसकर्मियों और कोयला माफियाओं के बीच कारोबार से संबंधित मैसेज का आदान-प्रदान होता था। अवैध कोयला परिवहन के लिए डालटनगंज का संतोष मिश्रा, जिसका ऑफिस अरगोड़ा में है, कोयला परिवहन से संबंधित फर्जी पेपर माफियाओं को उपलब्ध कराता था। इसकी पुष्टि उससे पूछताछ में भी हुई थी। इस काम के लिए उसे पैसे मिलते थे। उसका संपर्क रामगढ़ के कुजू निवासी अमित केसरी से था। अमित वहां साइबर कैफे चलाता है। उसके सहयोग से संतोष मिश्रा फर्जी कागजात बनवाता था और व्हाट्सएप पर मंगाता था। पुलिस की टीम कुजू स्थित अमित केसरी के ऑफिस में भी छापेमारी कर चुकी है। उसने पूछताछ में बताया था कि वह कोयला ऑफिस जाने पर कंप्यूटर से फर्जी पेपर तैयार करता था।

माफियाओं के खाते से करोड़ों के लेन-देन हुए थे

कोयला चोरी को लेकर लातेहार के बालूमाथ थाना में केस दर्ज किया गया था। इस मामले में तत्कालीन एसपी प्रशांत आनंद ने डीजीपी सहित अन्य अफसरों को जांच रिपोर्ट भेजी थी। रिपोर्ट में लिखा था कि केस में गिरफ्तार व्यक्तियों के बैंक खाते से जानकारी मिली है कि नियमित रूप से कोयला माफियाओं के खाते से करोड़ों के लेन-देन हुए हैं। एसपी की रिपोर्ट के अनुसार, बालूमाथ थाना अंतर्गत ओसीपी माइनिंग एरिया में कोयला का अवैध कारोबार किया जा रहा था, जिस पर प्रोजेक्ट इंचार्ज अशोक कुमार की शिकायत पर कामेश्वर कुमार दास, ट्रक मालिकों और चालकों के खिलाफ बालूमाथ थाना में छह जून 2020 को केस दर्ज किया गया था।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	28.8 °C	12.0 °C
सूर्यास्त (आज)	:	17.02 बजे
सूर्योदय (कल)	:	06.06 बजे

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 22 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com

भाजपा की जनआक्रोश रैली : लगे 'हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ' के नारे

झामुमो सरकार को हटाने के लिए उलगुलान शुरू : दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रदेश भाजपा की ओर से सोमवार को राज्य के सभी जिलों, प्रखंडों में हेमंत सरकार के खिलाफ जन आक्रोश यात्रा की शुरूआत हुई। रांची में पार्टी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश, सांसद आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, रांची नगर निगम के डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, रांची महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता सहित कई प्रमुख नेता भी शामिल हुए। डीसी ऑफिस के समीप घेराव कार्यक्रम में दीपक प्रकाश ने कहा कि जन आक्रोश प्रदर्शन सोमवार से राज्य के सभी जिलों में शुरू हुआ है। इसमें राज्य की 3.50 करोड़ जनता का आक्रोश राज्य सरकार के खिलाफ देखने को मिल रहा है। हेमंत सरकार को हटाने तक राज्य में उलगुलान जारी रहेगा। जन आक्रोश की अब अभिव्यक्ति है कि सिंहासन खाली करो कि जनता आती है। हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ। अब इसी नारे के साथ सरकार के खिलाफ इस आंदोलन का बिगुल बजाया गया है। जाने वाली सरकार को जनता अंतिम सलामी देना चाहती है। दीपक प्रकाश ने कहा कि हेमंत सरकार के लूट खसोट, गिरती कानून व्यवस्था, रोजगार के सवाल पर पार्टी लगातार संघर्ष कर रही है। अब उलगुलान का समय है। यहां की 3.50 करोड़ जनता हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ की मंशा लिए बैठी है। हर शाख पर उल्लू बैठा है, अंजाम ए गुलिस्तां क्या होगा। वर्तमान में राज्य की महागठबंधन की सरकार अली बाबा और 40 चोरों की सरकार है। वे जनता के अरमानों के साथ कुठाराघात कर रहे हैं। खनिज संपदा की लूट, बालू, पत्थरों की चोरी जारी है। बिजली गायब है। गांव में सड़कें

नहीं बन रहीं। पंचायत चुनाव में पिछड़ों का हक मारे जाने के बाद अब हेमंत सरकार निकाय चुनावों में भी पिछड़ों का हक मार रही है। महंगाई के नाम पर ड्रामा करने वाली हेमंत सरकार वाटर कनेक्शन में 100 गुना ज्यादा चार्ज ले रही है। महिलाओं के साथ दुष्कर्म की सबसे अधिक घटनाएं देश में यहां हो रही हैं। सबसे अधिक हत्याएं इसी सरकार में हो रही हैं।

राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए दीपक प्रकाश ने कहा कि पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना में 5 किलो अनाज हर गरीब को दिया जा रहा है। पर गरीबों के निवाले को यह भ्रष्टाचारी, विनाशकारी, अत्याचारी, जनविरोधी, आदिवासी, महिला विरोधी सरकार छीन रही। हर साल 5 लाख युवाओं को रोजगार देने की बात थी पर यह सब नहीं हुआ। सामाजिक समरसता तोड़ने, तुष्टिकरण की राजनीति में यह सरकार लगी है। जुमे के कारण शुक्रवार को छुट्टी स्कूलों में होने लगी है। प्रार्थना बदलने को मजबूर किया गया। अब इस सड़ी गली सरकार को हटाना होगा।

पहले लालू ने, अब हेमंत राज्य को लूट रहे हैं : सीपी सिंह

सभा को संबोधित करते हुए रांची के भाजपा विधायक सीपी सिंह ने राज्य की कानून व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में दिनदहाड़े हत्या हो जाती है और पुलिस अपराधी को न पकड़ कर ठेले और खोमचे वालों को परेशान करती है। राज्य सरकार घोटालों की इतिहास रच रही है। सिर्फ एक जिले में 1000 करोड़ की घोटाला पकड़ा जाता है तो अनुमान लगाइये पूरे राज्य में कितना घोटाला हुआ होगा। उन्होंने कहा कि राज्य को लालू ने लूटा था इसलिए हिमंत सोरेन भी लूट रहे है, लूटने की आजादी है यहां।

इस आक्रोश प्रदर्शन में भाजपा झारखंड प्रदेश के महामंत्री सह राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, रांची के सांसद संजय सेठ, प्रदेश के मंत्री सह हटिया के विधायक नवीन जायसवाल, सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता, रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, कांके के विधायक समरी लाल, रांची महानगर के डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, इस कार्यक्रम के प्रभारी मनोज कुमार सिंह,हेमन्त दास, प्रदीप सिन्हा राहुल अवस्थी, योगेंद्र प्रताप सिंह, सूरज शाहदेव, महतो, पवन साहू, शोभा यादव, डॉ सीमा सिंह, सुचिता सिंह, बिनोद सिंह, ललित ओझा, अमरनाथ चौधरी, सुनीता सिंह आदि शामिल थे।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष महत्वपूर्ण काम पूरा होगा। आर्थिक समस्याओं का समाधान। व्यापार वृद्धि।

वृष संकल्पित काम पूरे होंगे। भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी। उद्योग-धंधे में सफलता।

मिथुन रुके हुए काम पूरे होंगे। निर्माण कार्य में प्रगति। धनलाभ के अवसर बनेंगे।

कर्क शुभ समाचार मिलेगा। गृह-भूमि-वाहन का सुख। सम्मान की रक्षा होगी।

सिंह सामयिक-सामाजिक विकास। शत्रुओं पर विजय मिलेगी। मानसिक शक्तियों में वृद्धि।

कन्या धनागम के अवसर बढ़ेंगे। अवसरों का फायदा उठावें। मांगलिक कार्य होगा।

तुला परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा। आर्थिक परेशानी दूर होगी। सेहत में सुधार होगा।

वृश्चिक नवीन योजना सफल। आर्थिक लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति की संभावना।

धनु निराशा दूर होगी। बिगड़े कार्य बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन लाभकारी सिद्ध होगा।

मकर अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। वाहन सुख। यात्रा सुखद। धन लाभ के अवसर बनेंगे।

कुंभ खर्च अधिक होगा। किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या को आप सूझ-बूझ से सुलझा लेंगे।

मीन घरेलू आवश्यकताओं पर व्यय। मानसिक चिंता बढ़ेगी। दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी होगी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

नाम परिवर्तन

शपथ पत्र संख्या 24 दिनांक 17 नवंबर 2022 के अनुसार **मैं, धनेश्वरी कुमारी बड़ाईक**, पिता-चौधरी बड़ाईक, निवासी-ग्राम+पोस्ट बनसिबा, थाना-सिल्ली, जिला-रांची झारखंड-835102 शपथ पूर्वक ब्यान करती हूं कि :- जो सही एवं सत्य हैं।

1. यह कि मैं भारतीय नागरिक हूं।
2. यह कि मैं उपरोक्त पते की निवासी हूं।
3. यह कि मेरा सही नाम धनेश्वरी कुमारी बड़ाईक हैं जो शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में दर्ज हैं।
4. यह की धनेश्वरी कुमारी एवं धनेश्वरी कुमारी बड़ाईक एक ही व्यक्ति का नाम है जो मैं स्वयं हूं।
5. यह कि मेरी मैट्रीक और इण्टरमिडिएट के कुछ शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में धनेश्वारी कुमारी दर्ज हो गया है जो गलत है। एवं सही नाम धनेश्वरी कुमारी बड़ाईक हैं।

पूजा सिंघल समेत कई अधिकारी के खिलाफ इडी करेगा चार्जशीट

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। 1000 करोड़ के अधैव खनन मामले में अब नलिंबित आइएएस पूजा सिंघल के साथ कई अधकिारी ईडी की रडार पर हैं। इडी की जांच में कई नये खुलासे हुए हैं। मिले तथ्यों के आधार पर इडी अब साहिबगंज, दुमका, पाकुड़ के खनन अधिकारी, पूजा सिंघल और उसके सीए सुमन कुमार सिंह के खिलाफ चार्जशीट दाखलि करेगा।

आधिकारिक सूत्रों से मलि जानकारी के अनुसार ये तीनों खनन अधिकारी 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन घोटाले का हिस्सा थे। इडी साहिबगंज के विवादास्पद जिला खनन अधिकारी विभूति कुमार के अलावा पाकुड़ के खनन अधिकारी प्रदीप साह और दुमका के कृष्ण चंद्र किस्कू के खिलाफ अवैध पत्थर खनन मामले में सह-आरोपी के रूप में चार्जशीट दाखिल करेगा। खनन सचिव की ओर से सुमन कुमार सिंह ने अवैध पत्थर खनन का कट मनी वसूल किया। सूत्रों के मुताबकि इडी को मलि साक्ष्य से पता चला है कि इन खनन अधिकारियों ने मासिक आधार पर सुमन कुमार सिंह को पैसे का भुगतान किया, जो लाखों में था। कभी-कभी अतिरिक्त पैसे का भुगतान भी किया जाता था। एक और चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ है कि पैसे के लेनदेन के लिए कोड वर्ड का उपयोग कयिा जाता था।

पूजा सिंघल की ओर से सुमन कुमार सिंह कर रहे थे काम

सूत्रों की मानें तो पूजा सिंघल की ओर से सुमन कुमार सिंह काम कर रहे थे। कई खनन अधिकारियों ने खुलासा किया है कि सुमन कुमार सिंह ने उनसे पैसे भी मांगे थे। उनकी मांग पूरी करने से इंकार करने के बाद उनमें से कुछ का तबादला कर दिया गया। साहिबगंज खनन अधिकारी विभूति कुमार शुरुआती दौर की जांच से ही इडी के निशाने पर रहे हैं। साहिबगंज अवैध पत्थर खनन का अड्डा बन कर उभरा है। विभूति कुमार का नाम उन एफआइआर में भी शामिल है, जिसकी इडी अवैध पत्थर खनन के तत्काल मामले में जांच कर रही है। विभूति के खिलाफ पिछले साल दिसंबर में पंकज मिश्रा और सात से आठ अन्य लोगों के साथ तालझारी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। प्राथमिकी एससी / एसटी एक्ट के अलावा आईपीसी की धारा 384 और अन्य के तहत दर्ज की गयी थी। पंकज मिश्रा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि हैं। इडी ने उन्हें अवैध खनन घोटाला मामले में गिरफ्तार कर चार्जशीट किया था।

अवैध खनन सिंडिकेट को खुली छूट देने का है आरोप

विभूति कुमार पर पंकज मिश्रा के नेतृत्व वाले एक अवैध खनन सिंडिकेट को खुली छूट देने का आरोप है। बीते 25 अगस्त को ईडी और स्थानीय अधिकारियों द्वारा पांच दिनों के संयुक्त सत्यापन के दौरान अवैध खनन के तथ्य का पता चला। पंकज मिश्रा ने जहां अवैध खनन किया था, वहां कई साइटें स्थित थीं। वह तीन साल से अधिक समय से साहिबगंज में तैनात है। विभागीय सूत्रों की मानें तो वह अपनी अवधि से अधिक रुके थे, लेकिन इसके बावजूद उनका तबादला नहीं किया गया है, इस पर भी सवाल उठ रहे हैं।

सीएम हेमंत सोरेन के जिस बैंक खाते का चेक पंकज मिश्रा के घर मिला, वह हो चुका है निष्क्रिय

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जिस ब्लैंक चेकबुक को लेकर इन दिनों राजनीतिक गलियारे में तूफान मचा है, वह बैंक खाता 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान बैंक ऑफ इंडिया की गंगा प्रसाद शाखा में खोला गया था। यह शाखा महादेवगंज के पास है। चुनाव खर्च के लिए अलग खाता खोलना होता है, इसलिए यह खोला गया था। खाते में 20 लाख रुपये दूसरे खाते से ट्रांसफर किये गये थे।

जिस खाते से राशि ट्रांसफर की गयी, वह झामुमो का था। चुनाव में अलग-अलग चेक के माध्यम से रुपये खर्च किये गये। इस खाते से अंतिम निकासी 31 मार्च 2020 को की गयी। इसके बाद खाते में दो लाख रुपये बचे हैं। काफी समय से जमा-निकासी न होने से खाता निष्क्रिय हो चुका है। इसी खाते से संबंधित ब्लैंक चेकबुक विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के यहां से छापेमारी के दौरान प्रवर्तन निदेशालय को मिली थी।

विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि इस पर हेमंत सोरेन के हस्ताक्षर भी हैं। चेक के संबंध में इडी ने मुख्यमंत्री से पूछताछ की थी। वहां उन्होंने स्पष्ट बताया था कि यह बैंक खाता विधानसभा चुनाव के मद्देनजर खोला गया था। ब्लैंक चेक मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने अपने स्तर से उसके संबंध में जानकारी ली थी। इस दौरान कलेक्ट्रेट में उनकी नामांकन संबंधी संचिका की खोजबीन भी की गयी।

खोजबीन में पता चला कि इसी खाते का प्रयोग चुनाव के आय-व्यय के लिए किया गया था। तब उन्होंने अपने खाते का स्टेटमेंट मंगवाया। पता चला कि उस खाते से चुनाव के अलावा किसी अन्य प्रकार का लेन-देन नहीं हुआ है। हालांकि, चुनाव के दौरान उपयोग के लिए खोले गये खाते को चुनाव समाप्ति के बाद बंद कर देना चाहिए था, जो नहीं किया गया है।

दरअसल, 2019 में मुख्यमंत्री ने जिले के बरहेट और दुमका विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था। दोनों ही जगह से वह चुनाव जीत गये थे। बाद में दुमका विधानसभा सीट से उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। बरहेट विधानसभा सीट पर पांचवें चरण में 20 दिसंबर 2019 को मतदान हुआ था। मालूम हो कि इडी एक हजार करोड़ के अवैध खनन प्रकरण में इन दिनों ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है।

निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा ने हाइकोर्ट से वापस ली अपनी याचिका

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। निलंबित आईएएस और मनरेगा घोटाला की आरोपित पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा की क्वैशिंग याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में अभिषेक की याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अभिषेक झा के अधिवक्ता ने अपनी याचिका वापस ले ली। अभिषेक झा की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, विभास सिन्हा और स्नेह सिंह ने पक्ष रखा। इससे पूर्व हाई कोर्ट में अभिषेक झा ने अपनी अग्रिम जमानत के साथ उनके खिलाफ इडी कोर्ट द्वारा लिए गए संज्ञान को भी रद्द करने की मांग की गयी थी। उन्होंने इडी कोर्ट की ओर से उनके खिलाफ जारी किए गये समन को भी चुनौती दी थी। बता दें कि इससे पहले पांच नवंबर को अभिषेक झा की अग्रिम जमानत याचिका को रांची इडी की कोर्ट ने खारिज कर दिया था। मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े केस में अभिषेक झा आरोपित हैं।

निर्माता निर्देशक प्रभात राज अंतरराष्ट्रीय गौरव रत्न अवॉर्ड से किये गये सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची/इंदौर। झारखंड के जाने माने फिल्म निर्माता निर्देशक प्रभात राज इंदौर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गौरव रत्न अवॉर्ड 2022 से सम्मानित किये गये। इस कार्यक्रम का आयोजन इंफिनिटी होटल इंदौर में भारतीय मानव समाज सेवक संस्थान के बैनर तले किया गया। इसके संयोजक विजय कुशवाहा एवं आयोजक आकांक्षा सिंह थे।

इस कार्यक्रम में कोराना काल के योद्धाओं एवं सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े कार्यकर्ताओं सहित विज्ञान, कला, चिकित्सा, साहित्य व फिल्म से जुड़े लोगों को सम्मानित किया गया। उन्हीं में से एक रांची झारखंड के फिल्म निर्माता निर्देशक और लेखक प्रभात राज को फिल्म क्षेत्र में उनके द्वारा किए गये कार्यों के सम्मान में उन्हें इस अवॉर्ड से

नवाजा गया। बॉलीवुड संगीतकार दिलीप सेन ने प्रभात राज को शॉल,मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही दिलीप सेन ने नवचर्चित ओटीटी मंच वाउ सिनेमा के शुभारंभ पर बधाई संदेश भी दिया। प्रभात राज को यह सम्मान मिलने पर उन्होंने कहा कि यह उनका सम्मान नहीं, बल्कि झारखंड सहित फिल्म क्षेत्र से जुड़े हर एक लोगों का सम्मान हैं और यह उनके साथ साथ झारखंड के लिए भी बड़े ही गौरव की बात हैं।

प्रदीप मिर्धा सर्वसम्मति से चुने गये महापौर प्रत्याशी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रविवार को हतमा मौजा के सभी गांवों के ग्राम वासियों की एक महत्वपूर्ण बैठक समाज सेवी सुकरा मुंडा की अध्यक्षता में हतमा मंडाटांड में नगर निकाय चुनाव में वार्ड नंबर दो के पार्षद प्रत्याशी और रांची नगर निगम के महापौर प्रत्याशी के लिए किया गया। बैठक में महापौर प्रत्याशी के लिए प्रस्ताव मांगा गया, जिसमें एक मात्र प्रदीप मिर्धा सर्वसम्मति से महापौर प्रत्याशी बनाये गये। हतमा मौजा के लोगों ने कहा कि प्रदीप मिर्धा जी पिछले 14 वर्षों से क्षेत्र की जनता के लिए काम कर रहे हैं अतः इन्हें जिता कर महापौर बनाया जाय तो रांची नगरनिगम में एक बेहतर महापौर सावित होंगे।

वहीं वार्ड नंबर दो के पार्षद प्रत्याशी के चार नाम क्रमशः सविता कच्छप, सरिता कुजुर हेंब्रोम, विमला टोप्पो एवं पिक्कु टोप्पो का नाम आया, जिसमें किसी एक में सहमति नहीं बन पायी। गुप्त मतदान कराने की कोशिश की गयी पर नहीं हो पाया। अंत में एक बार निर्णायक

मंडली बना कर सहमति बनाने की कोशिश की गयी पर सहमति नहीं बनने से और एक बैठक अगले रविवार को बुलायी गयी है।

बैठक का संचालन डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू ने किया। मौके पर मुख्य रूप से जगत मिर्धा, कृष्णा भगत, वीरेंद्र सिंह, निरंजन पासवान, अमित कश्यप, लक्ष्मण राम, बसंत उरांव, कोलाहा लोहरा, संतोष राम, नंदू टोप्पो, सामुयल राम, छोटू पहान, आशीष खलखो, आशीष टोप्पो, अंथोनी सांगा, अजय उरांव, विकेश उरांव, संदीप खलखो, राहुल उरांव, सुमन पहान, प्रेम मिर्धा, दीपक लोहरा, सुबोध राम, गोपाल भुटकुवंर, पप्पु, वीरेंद्र मिंज, दीलिप टोप्पो, बजरंग हेंब्रोम, सुमित हेम्ब्रोम, रोहित मुंडा, अभिषेक, अजय कुमा, दीलिप मिर्धा, किशोर मुंडा, पंचम मिर्धा, सोहराय मिर्धा, राजेन मिर्धा, छोटू मिर्धा, सुमन मुंडा, कंचन मुंडा, अभिषेक हेम्ब्रोम, संजय तिर्की, राजु तिर्की, सोमा तिर्की, विजय पासवान, प्रकाश टोप्पो, रोहित टोप्पो, विक्की तिर्की, रामेश्वर कुजुर, अनुज मिर्धा, बबलू मिर्धा, लक्ष्मण उरांव, संजय उरांव, रंजन टोप्पो, बलवीर मुण्डा, अजय मिर्धा, सुरज मिर्धा, पवन कुमार नाग, राजु मुंडा, विशाल कुमार सिंह उपस्थित थे।

होटल का छह लाख का बिल नहीं चुकाया

गैंग्स ऑफ वासेपुर के लेखक पर केस

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। चर्चित फिल्क गैंग्स ऑफ वासेपुर के लेखक जीशान कादरी पर रांची में केस दर्ज किया गया है। रांची के हिंदपीढ़ी थाने में यह केस दर्ज हुआ है। यह प्राथमिकी रांची के मेन रोड स्थित होटल एवीएन ग्रांड के मालिक विशाल शर्मा ने दर्ज कराई है। विशाल शर्मा ने पुलिस को बताया है कि जीशान कादरी ने एक वेब सीरिज की शूटिंग के लिए नवंबर 2020 में कुछ कमरे बुक कराये थे। इसमें वेब सीरीज के कलाकार करीब ढाई महीने तक उनके होटल में ठहरे थे। जिसका पूरा बिल 35,05,898 रुपये हुआ था। बाद में कुल 6 लाख भुगतान किया गया। फिर यह कहते हुए सारे लोग चले गये कि बकाया बिल का भुगतान कर दिया जायेगा, लेकिन आज तक भुगतान नहीं किया गया और अब आरोपी का मोबाइल नंबर भी बंद मिलता है।

पहले भी लग चुका है आरोप : जीशान कादरी पर इससे पहले भी धोखाधड़ी का आरोप लग चुका है। इससे पहले मुंबई के मलाड पुलिस स्टेशन में धारा 420 और 406 के तहत लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के साथ- साथ कार चोरी करने का मामला दर्ज किया गया था। जीशान कादरी पर फिल्म प्रोड्यूसर और फाइनेंसर शालिनी चौधरी ने धोखाधड़ी का आरोप लगाया था।

पूर्व तट रेलवे

निविदा सूचना सं. 39/ET/SBP/ENGG/2022-23, दिनांक :17.11.2022

1.ई-निविदा सूचना सं. 34-eT-DENC-SBP-22

कार्य का नाम : सहायक मण्डल अभियन्ता / सेटमलेन्ट / सम्बलपुर के अधीन स्टेशन बिल्डिंग, मण्डल रेलवे प्रबंधक कार्यालय कॉम्प्लेक्स, DRH, अधिकारी विश्राम गृह (ORH), ORC, EI बिल्डिंग, रेलवे स्टेडियम एवं अन्य सर्विस बिल्डिंग में विविध मरम्मत एवं रख-रखाव कार्य।

कार्य की आकलित लागत (रुपये में) : ₹1,10,05,013.56, EMD (रुपयेमें) : ₹2,05,100/-

2.ई-निविदा सूचना सं. 35-eT-DENC-SBP-22

कार्य का नाम : सम्बलपुर मण्डल में सीनियर सेक्शन इंजीनियर (P.Way)/बलांगीर के अधिकार क्षेत्र के अधीन कि.मी.677.845-678.845, लोईसिंहा-बलांगीर (UP) के बीच कर्व नं.70 एवं 71 (UP) के PSR हटाने से संबंधित सिविल इंजीनियरिंग कार्य।

कार्य की आकलित लागत (रुपये में) : ₹66,71,399.57, EMD (रुपयेमें) : ₹1,33,500/-

3.ई-निविदा सूचना सं. 35-eT-SDENE-SBP-22

कार्य का नाम : 24 (चौबीस) महीने के लिए सम्बलपुर मण्डल के वरिष्ठ अभियन्ता/सहायक मण्डल अभियन्ता/ट्रैक मशीन/सम्बलपुर के अधीन SD/बलांगीर में ट्रैक मशीन का मेजर (Major) रख-रखाव एवं IOH के संबंध में जुड़े विविध जॉब (Job) कार्य एवं मशीनिंग कार्य।

कार्य की आकलित लागत (रुपये में) : ₹81,89,190.94, EMD (रुपयेमें) : ₹1,63,800/-

कार्य पूरा होने की अवधि : 12 (बारह) महीने (क्रम सं.1 हेतु), 06 (छह) महीने (क्रम सं. 2 हेतु) एवं 24 (चौबीस) महीने (क्रम सं. 3 हेतु)।

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय(सभी निविदा के लिए) : दिनांक 12.12.2022 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदाओं के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव के बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम 15 दिन पहले वेबसाइट का अवलोकन करें।

ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), सम्बलपुर

PR-726/N/22-23

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 22 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com
04

विधायक ने किया डीप बोरिंग का उद्घाटन

कोडरमा (आजाद सिपाही)। विधायक नीधी से कोडरमा बंगाली एसोसिएशन को उपलब्ध कराए गए डीप बोरिंग का उद्घाटन रविवार की शाम विधायक डॉ नीरा यादव ने बटन दबाकर किया। आयोजित समारोह के मौके पर बंग भाषियो को संबोधित करते हुए विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि बांग्ला भाषा काफी मीठी भाषा है। ऐसी मीठी भाषा की लोगों से मिलकर काफी अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा कि बंगाली समाज के लोग एक बार जिससे दिल से जुड़ता है वह हमेशा के लिए जुड़ा रहता है। आज मैं भी उनसे दिल से जुड़ गया हूं। उन्होंने समाज को भरपूर सहयोग देने साथ साथ हर संभव मदद का आश्वासन दिया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए डॉ ओमियो विश्वास ने भी विधायक के प्रति समर्पित भाव दिखाते हुए हमेशा साथ खड़ा रहने की बात कही।समारोह के पूर्व विधायक डॉ नीरा यादव ने रवींद्रनाथ टैगोर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का संचालन महिला एसोसिएशन के पूर्व सचिव सह सेवानिवृत्त शिक्षक कल्याणी साहा सरकार ने किया। कार्यक्रम के दौरान एसोसिएशन के सचिव उत्तम चटर्जी, महिला एसोसिएशन के सह सचिव चंद्रानी सरकार, सोमा सरकार ने बुके व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। समारोह के पश्चात समाज के लोगों ने विधायक संग भोजन का लूफ्त उठाया। मौके पर एसोसिएशन के पूर्व सचिव प्रदीप साहा, कोषाध्यक्ष आलोक सरकार, डॉ अधीर विश्वास, रविंद्र चंद्र दास, सुनील देवनाथ, सुधन्य घोष, विमल चटर्जी, उत्तम दास पाल, डॉ अशोक विश्वास, अनूप सरकार, पिंटू मजूमदार, राकेश सेन गुप्ता, वाणी चटर्जी, मृदुला मजूमदार, मनोरमा दास, माया दास, पदमा बनर्जी, सीमा राय, संगीता बनर्जी, लूना मित्रा, अपूर्व सरकार, सुलग्ना राय सहित काफी संख्या में एसोसिएशन के लोग मौजूद थे।

कभी भी हादसे का कारण बन सकता है गोसाईं नाला का पुल

चंदवारा (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत कांको पंचायत में ग्राम गरायडीह और गवनपुर के बीच स्थित दूधी नदी पर बना गोसाई नाला पुल टूटने के कगार पर है। यह कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। स्थिति ऐसी है कि लोग भगवान भरोसे उस पुल से पार करते हैं। वैसे तो यह पुल काफी पुराना और जर्जर हालत में था। लेकिन एक माह पूर्व यह पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। यदि प्रशासन द्वारा इसका बैरिकेटिंग शीघ्र नहीं किया गया तो कभी भी कोई भयानक हादसा हो सकती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह पुल करीब 25 साल पुराना है। इससे पहले जब यह कम जर्जर था, तो यहां के ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी गई थी। पर इस पर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया। लोगों ने बताया कि यहां के ग्रामीण डरते-डरते इस पुल से गाड़ी पार करते हैं कि पता नहीं कब हादसा हो जाए। भारतीय ग्राम विकास संस्थान के अध्यक्ष रामानंद भारती कहना है कि यदि जल्द से जल्द जिला प्रशासन इस पर ध्यान नहीं देती है तो किसी के साथ भी अनहोनी हो सकती है। क्योंकि रात के समय यदि कोई बाहरी ट्रक वहां से गुजरती है, तो उन्हें जर्जर पुल की स्थिति का अंदाजा नहीं होने पर दुर्घटना घट सकती है। जबकि ग्रामीण नरेश भारती, सचिन कुमार भारती, रामबृक्ष गिरी, कामेश्वर भारती, प्रयाग गिरी सुनील भारती, बसंत गिरी आदि ने भी अविलंब इस पुल पर बैरिकेटिंग कर बडे वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने और नए पुल का निर्माण की मांग की है।

भाकपा जिला परिषद की बैठक आज

कोडरमा (आजाद सिपाही)। भाकपा जिला परिषद कोडरमा की बैठक 22 नवंबर दिन मंगलवार को संस्कृतिक भवन जयनगर में रखी गई है। जिसमें 3 माह से ग्रीन कार्ड धारियों को राशन नहीं मिलने, जमीन ऑनलाइन एवं दाखिल खारिज में घूस लेना, कोडरमा जिले में भूमाफिया पनपने आदि सवालों को लेकर दिनांक 30 नवंबर 2022 को जिला समाहरणालय कोडरमा के समक्ष धरना प्रदर्शन करने की तैयारी को लेकर चर्चा होगी। इस बैठक में मुख्य रूप से भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक मौजूद रहेंगे।

विद्यालय में पोशाक का हुआ वितरण

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पंचायत नावाडीह स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गोपेटांड में सोमवार को स्थानीय मुखिया बैजंती देवी एवं समाजसेवी बसंत साव ने संयुक्त रूप से विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच पोशाक वितरण किया। वर्ग 1 एवं वर्ग 2 के छात्र छात्राओं को दो जोड़ा स्कूल ड्रेस, जूता, मौजा एवं स्वेटर दिया गया। मौके पर शिक्षक राजेंद्र गुप्ता, विद्यालय संयोजक प्रकाश राणा आदि मुख्य रूप उपस्थित थे।

पांच साल में नहीं हो सका झुमरीतिलैया वार्ड 13 का अपेक्षित विकास

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। झुमरीतिलैया नगर परिषद के वार्ड 13 के लोगों की मानें तो पिछले पांच साल में इस वार्ड का अपेक्षित विकास नहीं हो सका है। नाली, रोड और सफाई समेत अन्य समस्याएं आज भी सिर उठाकर खड़ी रहती हैं। इस वार्ड के आधे से भी कम इलाके में जलापूर्ति की स्थिति ठीक है। जबकि अधिकांश लोगों को रोज अनियमित जलापूर्ति का सामना करना पड़ता है। वार्ड के अधिकांश इलाकों में नालियां नहीं बनी है। जहां बनी भी वहां सफाई नहीं होती है। इससे लोगों को काफी परेशानी होती है। कई इलाकों की सड़कें भी जर्जर है। इससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। वार्ड में लगे अधिकांश स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी है। कंपनी मरम्मत पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। वार्ड में एक बड़ा और मुख्य नाला है, जिसमें वार्ड का गंदा पानी बहता है। इसकी सफाई नहीं होने से हमेशा बदबू आती रहती है। इसके अलावा नाला मेन रोड कि किनारे है और खुला है।

मरकच्चो उत्तरी पंचायत में लाभार्थियों को गृह प्रवेश कराया

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के उत्तरी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के चयनित छह लाभार्थियों को सोमवार को आवास की चाबी मुखिया रणजीत कुमार सिंह के द्वारा सौंपी गई तथा लाभार्थियों को गृह प्रवेश कराया गया। इस मौके पर उत्तरी पंचायत के मुखिया रणजीत कुमार सिंह ने सरकार की उपलब्धियों का बखान किया गया। उत्तरी पंचायत के करचला नगर निवासी ग्यासुद्दीन मियां, पुनर्वास निवासी द्रोपदी देवी, पुनर्वास निवासी बेबी देवी, कन्द्रैया नगर निवासी आशीष कुमार, धुबाडीह निवासी देवकी देवी, धुबाडीह निवासी कैलास कुमार दास को चाबी सौंपा गया। इस मौके पर मुखिया रणजीत कुमार सिंह, पंचायत सचिव विजय यादव, संजय सिंह, राजेश दास, रोजगार सेवक महेश कुमार समेत लाभुक उपस्थित थे।

सीएचसी ने मनाया परिवार कल्याण दिवस

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को परिवार कल्याण दिवस को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रत्ना रानी ने परिवार कल्याण को लेकर बताया कि पहला बच्चा शादी के दो साल बाद, दो बच्चे के बीच तीन साल का अंतर व परिवार नियोजन को लेकर पुरुष नसबंदी, महिला बंध्याकरण समेत कई उपाय बताए गए। इस अवसर पर किशोरी समेत पांच दंपतियों को सम्मानित किया गया मौके पर परिवार कल्याण पदाधिकारी, बीपीएम रंजीत कुमार सिंह, लेखापाल भवेश सिंह, विशाल सिंह, अनिल कुमार, संजय कुमार, बीटीटी प्रकाश पंडित, मालती देवी एएनएम समेत दर्जनों सहिया दीदी उपस्थित थी।

जन समस्या का निदान हमारी प्राथमिकता : दुलारचंद पटेल

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। कुसुम्भा पंचायत के मुखिया दुलारचंद पटेल के पास रविवार के शाम को एक ग्रामीण द्वारा रखी समस्या को सुबह होते ही निदान करते देख अचंभित हुआ शिकायतकर्ता। विदित हो की रविवार हाट(बाजार) से लौटते समय कुछ ग्रामीणों को बदहाल सड़क पर जाते समय काफी दिक्कत हो रहा था, उसी वक्त अपने पंचायत के मुखिया दुलारचंद पटेल को फोन कर समस्या रखा गया, जिस पर तुरंत पहल करते हुए उसी सुबह अपने साथियों के साथ पहुँच कर मुखिया श्री पटेल ने खराब कच्ची सड़क को ठीक कर दिया इस तरह से काम को देख ग्रामीणों में काफी संतुष्टि व खुशी देखने को मिल रहा था। मौके पर डॉ. नासिर हुसैन, रवि किशोर, जागेश्वर कुमार, संतोष पटेल, व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

योगेंद्र साव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की मुलाकात

सीएम ने दिया समस्याओं के समाधान का आश्वासन : योगेंद्र

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। पूर्व कृषि मंत्री झारखंड सरकार व पूर्व विधायक योगेंद्र साव ने दिन सोमवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की, इस दौरान बड़कागाँव विधायक अंबा प्रसाद भी मौजूद रहीं। मुलाकात के दौरान योगेंद्र साव ने हेमंत सोरेन को पुष्पगुच्छ भेंट किया। पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और विधायक अंबा ने विधानसभा क्षेत्र के कई ज्वलंत समस्याओं एवं उनके समाधान तथा विस्थापितों प्रभावितों के हक अधिकार दिलाने के लिए कई मामलों को बारीकी से रखा। पूर्व मंत्री ने ज्ञापन सौंपकर सर्वप्रथम विस्थापन आयोग के गठन की बात कही। उन्होंने कहा कि पूर्व में विधायक अंबा प्रसाद के प्रश्न पर सदन में यह घोषणा की गई थी कि विस्थापन आयोग का जल्द से जल्द गठन होगा परंतु वर्तमान तिथि तक विस्थापन आयोग का गठन नहीं हुआ है, लोगों को उनका हक एवं अधिकार नहीं मिल रहा है। लोगों को फर्जी केस मुकदमे में फंसाने का धमकी दिया जाता है जिस पर तुरंत कार्रवाई की आवश्यकता है। योगेंद्र साव ने पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में विस्थापन से हो रही समस्या पर अवगत कराते हुए 18 वर्ष या उससे अधिक लोगों को एकल परिवार का दर्जा दिला कर लाभ दिलाने की वकालत की। वहीं उन्होंने जिस तिथि से विस्थापन हो रहा है उसे कट ऑफ डेट मानकर विस्थापितों को रोजगार सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड गठन करने की मांग की। खतियान आधारित विस्थापन कार्ड हो वहीं पूर्व में विधानसभा सत्र के दौरान भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को लागू करने के लिए जो माननीय मुख्यमंत्री जी ने घोषणा की थी उसे जल्द से जल्द धरातल पर उतारने व 2013 के बाद खनन कार्य शुरू करने वाली कंपनियों के द्वारा संबंधित क्षेत्र के विस्थापित एवं प्रभावितों को भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के तहत मुआवजा एवं अन्य सुविधाएं देने की मांग की। पकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना बड़कागांव पर माननीय मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उन्होंने कहा कि 17 नवंबर 2020 को झारखंड सरकार और एनटीपीसी के बीच हुई बैठक में मुआवजा एवं एन्यूटी दर बढ़ाने पर सफल वार्ता हुई थी परंतु उस बैठक के आलोक में लोगों को बढ़ी हुई मुआवजा दर वर्तमान में नहीं मिल रहा है जिस पर तत्काल उपायुक्त हजारीबाग को स्पष्ट दिशा निर्देश दिया जाए ताकि पकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना से विस्थापित हुए लोगों को 25 लाख प्रति एकड़ मुआवजा मिले। पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सबसे मुख्य समस्या जो गैरमजरूआ भूमि का रैयती दर पर मुआवजा भुगतान से संबंधित था उस पर भी उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का ध्यान आकृष्ट कराया एवं इस सबसे बड़ी समस्या का तत्काल हल निकालने का अनुरोध किया, सभी बातों को गौर से सुनने के पश्चात माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी ज्वलंत समस्याओं का त्वरित समाधान का आश्वासन दिया है।

तत्कालीन रघुवर सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण कानून में किए गए संशोधन को वापस ले राज्य सरकार : अंबा प्रसाद

कंपनियों और पूंजीपतियों लाभ पहुंचाने की मंशा से भूमि अधिग्रहण कानून 2013 पर तत्कालीन रघुवर दास की सरकार के द्वारा की गई संशोधन को वापस लेने की भी माँग की। पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और विधायक अंबा प्रसाद ने हेमंत सोरेन से की। अंबा प्रसाद ने सदन में प्रभारी मंत्री जोबा मांझी के द्वारा घोषणा किए गए मामले पर ध्यान आकृष्ट कर कहा कि माननीय मंत्री ने सदन में या कहा था कि राज्य के हेमंत सोरेन सरकार भूमि अधिग्रहण कानून 2013 में रघुवर दास सरकार द्वारा किए गए संशोधन को वापस लेगी और कंपनियों तथा पूंजीपतियों द्वारा ली गई जमीन का उपयोग नहीं करने पर उसे वापस किया जाएगा और जमीन को लैंड बैंक में रखने के प्रावधान में भी संशोधन करते हुए भू स्वामियों को उनकी जमीन वापस लौटाई जाएगी साथ ही क्षतिपूर्ति राशि भी वह स्वामियों को दिया जाएगा।

चरही थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर फल-फूल रहा है कोयला तस्करी का धंधा

- सरकार को रोजाना लाखों रुपये की क्षति

आजाद सिपाही संवाददाता

चरही। चरही थाना क्षेत्र में इन दिनों अवैध कोयले का कारोबार धड़ल्ले से और दिनदहाड़े हो रहा है। इस पूरे कारोबार का संचालन जिला पुलिस की देखरेख में हो रहा है, लेकिन कुछ लोग इसे थाना स्तर का बता रहे हैं। हकीकत यही है कि इस धंधे से सरकार को प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व की क्षति हो रही हैं। चरही थाना क्षेत्र के

कर्माबेड़ा, इंदरा, गरगलया, पंद्रह माइल फुसरी, तापीन एवं 23 नंबर सहित कई जगहों पर अवैध रूप से कोयला डिपो बनाया गया है। वहां सिर्फ ट्रैक्टर, बाइक और साइकिल से कोयले की ढुलाई होती है। सूत्रों के अनुसार विगत एक महीने से सीसीएल हजारीबाग एरिया चरही की आवंटित भूमि और वन विभाग की भूमि से अवैध तरीके से कोयला को चोरी कर ट्रैक्टर, बाइक या साइकिल से चरही थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर खपाया जा रहा है। यहां कोयला पिकअप और 709 वाहन से बरही या चौपारण में संग्रह कर 12 चक्का से बिहार और यूपी की मंडियों में भेजा जा रहा है। सीसीएल तापीन नॉर्थ और तापीन साउथ में अवैध कोयले की कारोबार हर किसी को जानकारी है।

कलीम खान के निधन पर पहुंचे पुर्व विधायक

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखण्ड के कोनहारखुर्द निवासी समाजसेवी यासीन खान उर्फ बाबू खान पिता कलीम खान के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। कलीम खान मृदुभाषी व कुशल ब्यवसायी थे।बताया जाता है कि कलीम खान लंबे समय से बीमार के वजह से राँची स्थित अस्पताल में इलाजरत थे। उनके निधन पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने गहरा दुःख जताया। सूचना पर पूर्व विधायक शोककुल परिजन के घर कोनहारखुर्द पहुंचे। दुःख की घड़ी में सांत्वना दी।मौके पर आशिम खान, इम्तियाज भारती, अयूब खान, आबिद खान, कमाल खान, बिरेन्द्र यादव, शिबू मांझी, सूर्यदेव मांझी समेत कई लोग उपस्थित थे।

डीसी ने आमजनों की समस्याएं सुनी

कोडरमा (आजाद सिपाही)। समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में उपायुक्त आदित्य रंजन ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। एक-एक कर लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में मिले और अपनी फरियाद सुनाई। समस्याओं में मुख्य रुप से रोजगार उपलब्ध कराने, लंबित मानदेय के भुगतान, संपन्न लोगों द्वारा राशनकार्ड से उठाने हेतु आपत्ति, सेविका पद पर पुनः कार्य करने हेतु आदेश देने, सहायिका पद से चयनयुक्त से मुक्त करने, दाखिल खारिज आवेदन रद्द करने से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल है। उपायुक्त ने आमजनों से समस्याओं से जुड़े आवेदन लेते हुए जल्द उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने आमजनों से प्राप्त आवेदनों को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं के निष्पादन का निर्देश दिया।

झारखंडी एकता संघ ने मुंबई के रंगशारदा में झारखंड दिवस का किया आयोजन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। झारखंडी एकता संघ, मुम्बई द्वारा बांद्रा वेस्ट मुम्बई स्थित रंगशारदा हॉल में झारखंड दिवस 2022 का भव्य और सफल आयोजन किया गया। इस संस्था के अध्यक्ष असलम अंसारी और फिरोज आलम (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) की देखरेख में यह रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विनायक राउत, सांसद, शिवसेना, जबकि विशिष्ट अतिथियों में बगोदर विधायक विनोद सिंह, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, चीफ इनकम टैक्स कमिश्नर अजय कुमार, चीफ जेनरल मैनेजर ओएनजीसी मनोज कुमार, जिला परिषद सदस्यों में कुमकुम देवी, रीता देवी, अनूप पांडेय और तैयब शेख का नाम उल्लेखनीय है। यहां अन्य गणमान्य अतिथियों के रूप में ठाकुर मनोज सिंह (अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रकोष्ठ, महाराष्ट्र), उद्योगपति एवं फिल्म निमार्ता अजय सिंह, जियाउल हक कादरी, मुफ़्ती सईद, त्रिभुवन मंडल, टार्जन भाई (अध्यक्ष मधुपुर नगर परिषद) और प्रिंस भाई मौजूद थे। सभी अतिथियो ने संस्था के अध्यक्ष असलम अंसारी और पूरी टीम का दिल से शुक्रिया अदा किया और झारखंडी एकता संघ के सार्थक कदमों की प्रशंसा की। इंडियन ऑयल से जुड़े संजय सहाय की पत्नी को यहां विशेष रूप से सम्मानित किया गया। झारखंडी गूगल के नाम से पहचाने जाने वाले झारखंडी एकता संघ, मुम्बई के संस्थापक, अध्यक्ष असलम अंसारी ने कहा कि यहां आए सभी लोगों का

बहुत धन्यवाद। यहाँ काफी महिलाएं भी आई, मेरे गांव के कई लोग आए, सबका शुक्रिया। न दहेज देंगे न दहेज लेंगे, आज हम सब यह संकल्प करें तो हमारी बेटियां सुरक्षित रहेंगी। बच्चों को पढ़ाना बहुत जरूरी है। प्रवासी मजदूरों के बेटे भी यूपीएससी पास करें, इसके लिए हम सब कोशिश कर रहे हैं। प्रवासी मजदूरों की भलाई के लिए भी हमारी टीम दिन रात काम कर रही है। झारखंडी एकता संघ, मुम्बई के सचिव संतोष कुमार ने बताया कि झारखंड दिवस के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ, जिसमें झारखंड के कई कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। झारखंडी एकता संघ, मुम्बई के कोषाध्यक्ष ताजुद्दीन अंसारी और सदरुल शेख (महासचिव) की मेहनत भी इस कार्यक्रम में भरपूर रही। सुनील कुमार, असगर खान (प्रवक्ता), विनोद प्रसाद राष्ट्रीय सचिव, रवि प्रसाद, काशिफ उल्लाह, लतीफ अंसारी, तौफीक अंसारी, प्रकाश कुमार, माथुर प्रसाद, असलम शेख, मुन्ना प्रसाद, राजेन्द्र शर्मा इत्यादि संस्था से सक्रिय रूप से जुड़े हैं।

ग्रामीण विकास विभाग की बैठक में प्रधानमंत्री आवास और अंबेडकर आवास योजना के लक्ष्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। समाहरणालय सभागार भवन में सोमवार को उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग की बैठक हुई। बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उप विकास आयुक्त ने ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं की विकासात्मक कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने उपस्थित सभी बीडीओ से प्रधानमंत्री आवास योजना तथा अम्बेडकर आवास योजना के अधूरे आवासों के कारणों कि जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना और अम्बेडकर आवास योजना के लक्ष्यों को ससमय पूर्ण करें। साथ ही उन्होंने इस योजना को तय

समय पर पूर्ण करने पर बरही और बड़कागांव के अधिकारियों की प्रशंसा की, उन्होंने कहा कि जिले की रैंकिंग इन योजनाओं में काफी खराब है इसलिए सम्बन्धित अधिकारी नियमित रुप से इस योजना के कार्यों की समीक्षा कर कार्यों में गति लाए। उप विकास आयुक्त ने जेएसएलपीएस के तहत बिरसा हरित ग्राम योजना के द्वारा वितरण किए जा रहे पौधों में आने वाली बीमारियों को दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने मनरेगा के तहत आधार सीडिंग, जॉब कार्ड, आंगनबाड़ी प्रगति प्रतिवेदन, पशुधन योजना, खेल योजना आदि योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण कर स्थानीय स्तर पर जाकर लाभुकों से मिलकर काम करें। मौके पर मौजूद सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों ने अपने पंचायतों में पंचायत सेवक कर्मचारियों की कमी को बताया जिसपर उप विकास आयुक्त ने जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। बैठक में डीआरडीए निदेशक नियाज अहमद, सभी बीडीओ व ग्रामीण विकास विभाग के कर्मी मौजूद थे।

जिला कांग्रेस कमिटी की हुई बैठक

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के मद्देनजर जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह नें की। बैठक में आगामी 26 नवंबर को चौपारण प्रखंड के केन्दूवा मोड़ से महराजगंज बाजार तक 10 किलोमीटर तय करने वाली प्रदेश स्तरीय भारत जोड़ो कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित बरही विधायक उमाशंकर अकेला नें कहा कि पिछ्ले सात सितम्बर से भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे हमारे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का यात्रा कन्या कुमारी से जारी है जो बारह प्रदेशों एंव दो केन्द्रशासित प्रदेशों से करीब 3,5 70 किलोमीटर दुरी तय कर जम्मू-कश्मीर में समाप्त होगी । उसी तर्ज पर हमें भी जिला के सभी प्रखंड, पंचायत से बुथ स्तर पर भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम को जारी रखना है। मौके पर 20 सुत्री कार्यक्रम के जिला उपाध्यक्ष जवाहरलाल सिन्हा, प्रदेश प्रतिनिधि शशि मोहन सिंह, विरेन्द्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, उपाध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता, मिथिलेश दुबे, निजामुद्दीन अंसारी, बिनोद सिंह, बिनोद कुशवाहा, राजीव कुमार मेहता, अनिल कुमार उपाध्याय, कृष्णा कुमार यादव, सरयु यादव, सुनिल सिंह राठौर, नरेश गुप्ता, मकसुद आलम, कजरू साव, सलीम रजा, मनोज नारायण भगत, प्रखंड अध्यक्षों में अब्दुल मनान वारसी, अजित कुमार सिंह, गौतम कुमार मेहता, नरसिंह प्रजापति, कौलेश्वर प्रजापति महासचिव बिनोद कुमार यादव, ओमप्रकाश झा, राजू चौरसिया, सुनिल कुमार ओझा, दिलीप कुमार रवि, जावेद इकबाल, संजय कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

भीम मेहता ने जदयू जिला अध्यक्ष चुनाव को बताया असंवैधानिक

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जनता दल यूनाइटेड जिला अध्यक्ष का चुनाव गत रविवार को डीवीसी गेस्ट हाउस में कराया गया। चुनाव के सफल संचालन के लिए भीम मेहता को जिला निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया था। सोमवार को भीम मेहता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर हुए चुनाव को असंवैधानिक बताया है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि मुझे हजारीबाग में होने वाले जदयू जिला अध्यक्ष के चुनाव का जिला निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया था। पार्टी में क्रियाशील सदस्यों की संख्या 189 है और उपस्थिति मात्र 35-40 सदस्यो की हुई थी। मैने कहा की चुनाव नहीं कराया जा सकता है। अगर आपसी सहमति बनती है तो ठीक है नहीं तो समय बढ़ाकर चुनाव कराया जाएगा। लेकिन हमारी बातों को नजरअंदाज करते हुए चुनाव कराने की बात पर सभी अड़े रहे। उन्होंने बताया की हजारीबाग जिलाध्यक्ष अर्जुन कुमार मेहता दूसरे दिन चुनाव कराने के लिए पर्यवेक्षक से निवेदन किए। लेकिन पर्यवेक्षक मनमाने तरीके से चुनाव कराने लगे तो अर्जुन मेहता अपने समर्थकों के साथ चुनाव का बहिष्कार करते हुए सभा स्थल से बाहर चले गए। तो मैं भी सभास्थल से चुनाव को असंवैधानिक करार देते हुए चुनाव के पूर्व सभा स्थल से निकल गया है।

भराजो एवं खैरा पंचायत में सात स्थायी समिति का गठन

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। टाटीझरिया प्रखंड के भराजो और खैरा पंचायत में सात स्थाई समिति का गठन किया गया है जिसमें सामान्य प्रशासन समिति,निर्माण एवं विकास समिति, महिला शिशु एवं समाजिक कल्याण समिति,स्वास्थ्य शिक्षा एवं पर्यावरण समिति,ग्राम रक्षक समिति,कृषि सहकारिता एवं उद्योग एवं सार्वजनिक समिति तथा संचार एवं अधो संरचना समिति का गठन किया गया जिसमें भराजो पंचायत के सभी विभाग के अध्यक्ष मुखिया स्वास्तिका कुमारी, सचिव पंचायत सेवक विश्वजीत दुबे एवं पदेन सदस्य में उपमुखिया कौलेश्वर कुमार तथा सभी समिति में दो- दो वार्ड सदस्य हैं। खैरा पंचायत के सभी समिति में अध्यक्ष मुखिया कुमारी माधुरी, सचिव पंचायत सेवक अर्जुन प्रसाद एवं पदेन सदस्य उपमुखिया सुलोचना देवी है। मुखिया स्वास्तिका कुमारी एवं कुमारी माधुरी ने कही कि समिति गठन है जो भी सदस्य हैं अपना काम को मन लगा कर करना है ताकि सभी विभाग अपना काम को सही तरीका से करें। समिति गठन करने में वार्ड सदस्य सुधीर कुमार,शीवा कुमार,सुनीता देवी,ललिता देवी, संगीता देवी,रम्भा देवी,उमीर्ला देवी,कौशल्या देवी,दीपक कुमार,पिंकी देवी,बीणा देवी, रघुनंदन प्रसाद, रोहित कुमार, कृष्णा कुमार,सरयु ठाकुर, नागेश्वर प्रजापति, रंजीत कुमार,सुरेंद्र राणा,उमा देवी, उमेश कुमार,ममता कुमारी, भोगी देवी, सुरेश मुर्मु, पप्पु रविदास, प्रिति कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे।

बड़कागांव के नये इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिंह ने किया पदभार ग्रहण

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव के नए इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिंह ने लिया पदभार। पदभार ग्रहण करते हुए बड़कागांव के नए इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिंह ने कहा कि बड़कागांव में अपराध पर अंकुश लगाना है हमारा मुख्य मकसद होगा। आगे उन्होंने कहा कि बड़कागांव के ग्रामीणों के साथ समन्वय बैठाकर बड़कागांव में लॉ एंड ऑर्डर को मेंटेन करूंगा।इसके साथ साथ पेंडिंग पड़े सभी केसों का निपटारा यथाशीघ्र किया जाएगा। ज्ञात हो कि नीरज कुमार सिंह 1994 बैच के हैं। इसके अलावा हजारीबाग सदर थाना में 2018 से 2020 तक बतौर थाना प्रभारी पदस्थापित थे। जिसके बाद दारू के सर्किल इंस्पेक्टर रहे उसके बाद बरही में अपना योगदान दिए। तत्पश्चात इंडक्शन कोर्स करने के लिए चले गए थे। कोर्स करने के बाद अब बड़कागांव के सर्किल इंस्पेक्टर के रूप में अपना योगदान देना शुरू किए हैं।

269 बोटा लकड़ी जब्त

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। वन क्षेत्र पदाधिकारी बगोदर वन परिक्षेत्र के निदेर्शानुसार संयुक्त वन बल के द्वारा चीतरामो सुरक्षित वन से पेपरा प्रजाति के 269 बोटा विभिन्न आकार के अवैध रूप से संग्रहित लकड़ी को गुप्त सूचना के आधार पर जब्त किया गया है ।जप्त लकड़ी अवैध रूप से झुमरा पहाड़ वन क्षेत्र से धनेश्वर महतो द्वारा लाकर अवैध रूप से संग्रहित गया था । जिस पर भारतीय वन अधिनियम 1927 के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है जप्ती लकड़ी को सुरक्षित नवादा स्थाई पौधशाला परिसर मे ले जाकर रखा गया है। आगे भी प्रक्षेत्र मे किसी भी प्रकार के वन अपराध करने पर उनके ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। जप्ती दल में मुख्य रूप से संजित रविदास(प्रभारी वनपाल),मो. असलम अंसारी, टाटीझरिया, अंशु कुमार(प्रभारी वनपाल सरिया), बिनोद गंजू, राजा अहमद (प्रभारी वनपाल चतरोचट्टी), रवि कुमार, उदय कुमार, विष्णु राय आदि शामिल थे।

केरेडारी के पेटो के समाजसेवी बासुदेव साव का निधन

केरेडारी(आजाद सिपाही)। प्रखंड के पेटो पंचायत के पुरनि पेटो निवासी समाजसेवी बासुदेव साव का निधन रविवार को दोपहर दो बजे हो गया। सोमवार को पुरनि पेटो स्थित शमशान घाट पर इनका अंतिम संस्कार किया गया । ये अपने पीछे चार पुत्रों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए रविवार को दोपहर में सिने में दर्द की शिकायत के बाद इन्हें हजारीबाग स्थित आरोग्यम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहाँ चिकित्सकों ने इन्हें मृत घोषित कर दिया। अपने मृदुल स्वाभाव व वाकपट्ता से क्षेत्र में विख्यात थे व समाज के हरेक वर्ग को साथ लेकर चलने में निपुण भी थे झारखण्ड के पूर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र साव भी अंतिम दर्शन को पहुंचे व श्रद्धांजलि अर्पित की वहीं क्षेत्र की विधायक अम्बा प्रसाद ने भी इनके निधन पर शोक संवेदना प्रकट की है। कॉंग्रेस के प्रखण्ड अध्यक्ष सह बीस सुत्री उपाध्यक्ष रवीन्द्र गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि गुरुदयाल साव, पंसस अरविंद साहू, इंटक जिला सचिव चन्दन गुप्ता, अशेश्वर यादव, चोहन महतो, सुनील साहू,उप मुखिया लक्ष्मण साहु, नितेश, मनोहर, संजय साहू, दिनेश मिश्रा, छोटन साव, महादेव, राजेश कुमार, चांदो साव, महेश साव, बैजनाथ, लखन साव, रमेश, जागेश्वर, सुनील साव कई लोगों ने शोक संवेदना प्रकट किया है ।

पुराना डेली मार्केट को खाली कराने के लिए छावनी परिषद ने किसानों की दुकानों पर चलाया बुलडोजर, बवाल

सीइओ के निर्देश पर पुलिस की मौजूदगी में सफाईकर्मियों ने किसानों को लाठी से पीटा

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर के ट्रेकर स्टैंड स्थित पुराना डेली सब्जी मंडी को खाली कराने के लिए बुलडोजर लेकर छावनी परिषद के सीईओ एम एस हरिविजय दर्जनों कर्मियों व पुलिस बल को साथ सोमवार की दोपहर डेली मार्केट पहुंचे। जहां उनके निर्देश पर सफाईकर्मियों ने किसानों के सब्जियों को जब्त करते हुए ट्रैक्टर पर लाद कर ले जाने लगे। इतना ही नहीं, बुलडोजर से उन्होंने बाजार परिसर के दुकानों को भी तोड़ना आरंभ कर दिया।

किसानों ने किया विरोध, मिली लाठी

जिस पर डेली मार्केट के किसानों ने विरोध जताते हुए कहा कि बाजार का मामला वर्तमान में कोर्ट में चल रहा है। कोर्ट से अगर बाजार खाली कराने का निर्देश है, तो हमसब स्वतः दुकानों को खाली कर देंगे। इसके बावजूद कर्मी पुलिस बल की मौजूदगी में दुकानों को तोड़ने लगे। इस पर किसानों ने विरोध जताया, तो छावनी परिषद के सीईओ ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए साथ आये सफाईकर्मियों को पीटने का निर्देश दे दिया! निर्देश पाते ही सफाईकर्मियों ने पुलिस की मौजूदगी में ही किसानों को पीटना आरंभ कर दिया। जिससे कई किसान घायल हो गये। किसानों के घायल होने के बाद सब्जी विक्रेता आक्रोशित होकर कर्मियों को सब्जी फेंक कर खदेड़ने लगे।

छावनी सीईओ और किसानों के साथ धक्का-मुक्की के बाद बढ़ा तनाव

मामला बिगड़ता देख रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर सुशील कुमार किसी तरह बीच-बचाव कर डेली मार्केट से उन्हें बाहर निकाला व

छावनी कर्मियों को बाजार से जाने को कहा। छावनी परिषद के कर्मियों द्वारा किये गये मारपीट में पांच किसान हुए। बाजार को खाली कराने आये छावनी परिषद के कर्मियों ने लाठी से पीटकर पांच किसानों को घायल कर दिया। जिसमें तीन पुरुष व दो महिला किसान शामिल हैं। घायलों में सतलाल महतो, बलराम प्रसाद कुशवाहा, प्रदीप गुप्ता, फुलेश्वरी देवी और सोलिया देवी शामिल हैं। मारपीट की घटना के बाद किसान मजदूर संघ के आह्वान पर घायल किसानों ने थाने में छावनी परिषद के खिलाफ आवेदन भी दिया। लेकिन थाना प्रभारी सुशील कुमार ने घायल किसानों के आवेदन का रिसिविंग देने से इंकार कर दिया।

मामला कोर्ट में होने के बावजूद सीओ ने तानाशाही रवैया अपनाया

किसानों का आरोप है कि मामला कोर्ट में होने के बावजूद छावनी सीईओ तानाशाही रवैया अपना रहे है। किसानों ने कहा कि वे शांतिपूर्ण ढंग से बाजार में सब्जी बेच अपने परिवार का भरन-पोषण करते हैं। लेकिन छावनी परिषद के सीईओ की तानाशाही रवैये से वे क्षुब्ध हैं। छावनी परिषद का कहना है कि छह माह पूर्व हमने किसानों को नोटिस दिया है। लेकिन उक्त नोटिस के खिलाफ कोर्ट में मामला चल रहा है।

न्यायालय के आदेश के बाद स्वतः दुकानों को कर देंगे खाली

किसानों ने कहा कि न्यायालय के आदेश आने पर वे स्वतः दुकान खाली कर देंगे। लेकिन छावनी परिषद के सीईओ अपने तानाशाही रवैया से किसानों को डेली मार्केट से हटाना चाहते हैं। छावनी परिषद के कर्मियों के इसख तरह की हरकत के कारण दर्जनों सब्जी व्क्रिेताओं को काफी नुकसान पहुंचा है। दुकानदारों के समानों को भी नष्ट किया गया है।

बाजार खाली कराने को लेकर क्या कहते हैं छावनी परिषद के कर्मी

छावनी सीईओ एम एस हरिविजय के मोबाइल पर बार-बार कॉल के बाद भी उन्होंने किसी पत्रकार का फोन रिसिव नहीं किया। जबकि मार्केट को खाली कराने पहुंचे छावनी परिषद द्वारा नियुक्ति दंडाधिकारी एस एन राव, के अलावे कर्मियों में ओमप्रकाश चौहान व गया प्रसाद ने बताया कि किसानों के साथ छावनी परिषद के किसी भी कर्मी ने मारपीट नहीं किया है। किसानों ने ही छावनी परिषद के कर्मियों पर पथराव किया है। बाजार को खाली कराने के लिए कई बार उन्हें नोटिस दिया गया है। इसके बाद पीपी एक्ट के तहत यह कार्रवाई की जा रही है। डेली मार्केट छावनी परिषद की है।

मारपीट करने पहुंचे युवक, दो गिरफ्तार पिस्टल और कारतूस बरामद

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू थाना अंतर्गत पीटीपीएस क्षेत्र के रहने वाले कमल कुमार सिंह पिता अमोद सिंह के आवास पर बीते रविवार की रात्रि लगभग 11:00 बजे सात की संख्या में युवक पहुंचे। जिसमें दो युवक घर के अंदर प्रवेश किए बाकी घर के बाहर निगरानी कर रहे थे। कमल सिंह ने बताया कि दोनों युवक घर के अंदर प्रवेश किए और मारपीट करने लगे । घटना के दौरान परिवार के सदस्यप शादी समारोह में गए थे। घर में कमल सिंह के अलावा उनका भाई जितेंद्र सिंह मौजूद था। शोर-शराबा सुनकर जब कॉलोनी के लोग जुटे तो बाहर खड़े युवक वहां से भाग निकले। वही घर के अंदर दोनों युवक पकड़ लिए गए। तत्काल इसकी सूचना पतरातू पुलिस को मिलने के बाद गस्ती में तैनात पतरातू थाना एएसआई वरुण सिंह सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे। दो युवकों के अलावा उनकी कार एक्सयूवी 300 जेएच 01इएन 4027 को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। प्राप्त सूचना के अनुसार पतरातू थाना ले जाने के बाद जब कार की तलाशी ली गई तो उसमें एक पिस्टल के अलावा कई जिंदा कारतूस बरामद होने की चर्चा बताई जा रही है । फिलहाल पुलिस इस मामले को लेकर कुछ भी बताने से बच रही है। साथ ही मामले की छानबीन में जुटी है।

बालू की आपूर्ति नहीं होने से विकास योजनाएं हो रही हैं प्रभावित : पंकज

पतरातू (आजाद सिपाही)। बालू पर कोई सरकारी निर्णय नहीं होने से रामगढ जिले सहित पुरे राज्य में विकास कार्य ठप्प हो गए हैं। यही नहीं इससे हजारो की संख्या में टैज्क्टर मालिक बेरोजगार हो गए हैं। जो अब पटरी पर लाने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है। यह बातें किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केन्द्रीय संयोजक पंकज महतो ने कही। वे सोमवार को पतरातू ब्लॉक मोड़ में बालु की उपलब्धता नहीं होने का विरोध करते हुए धरना आयोजित की थी। इस कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में पतरातू के ग्रामीण शामिल थे। धरना समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित तीनसूत्री मांग पत्र अचल कार्यलय पतरातू को सौंपा गया। इसमें छोटे बालु घाटों को ग्राम पंचायत को सौंपने, बड़े बालु घाटों में किफायती दर पर चालान उपलब्ध कराने और पीएम आवास योजना सहित विकास कार्यों व निजी उपयोग के लिए बालु आपूर्ति करने वाले गाड़ियों को दंड व मुकदमा पर रोक लगाने की मांग शामिल थे। वही मोर्चा द्वारा शाम को मुख्यमंत्री व स्थानीय विधायक का पूतला भी फुका गया। मौके पर कौलेश्वर महतो, गजानंद मुंडा, रामकुमार प्रजापति, जगदेव प्रजापति, हिमांशु कुमार, अजय राम, अखिलेश सिंह, जोबल मांझी, मोती मांझी, अशोक पाहन, प्रेम मुंडा, सराधु करमाली, देवा कुमार, सपन महतो, जयकिशोर पाहन, रिजवान इकबाल, आकाश साव, सुनील साव, विवेक साव, ललिता देवी, उषा देवी, सुनीता देवी, मुनी देवी सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

खैरवार भोक्ता समाज की चुंदरू में बैठक

टंडवा (आजाद सिपाही)। चुंदरु धाम में सोमवार को खैरवार भोक्ता समाज विकास संघ के प्रखण्ड ईकाई की बैठक किया गया ।जिसकी अध्यक्षता उमेश गंझु ने किया ।दो दिन पूर्व शिवपुर साइडिंग को लेकर दो पक्षों को आपसी लड़ाई के दौरान खैरवार भोक्ता समाज पर कथित तौर से असमाजिक रूप से असंवैधानिक जाति सूचक शब्दों से प्रहार किया ।जिसमें समाज के कई वक्ताओं ने यह घटना को काफी निंदनीय बताया ।इसे समाज के लोगो ने स्थानीय प्रशासन से घटना को जाँच कराने एव आरोपियों पर कडी कानूनी कार्रवाई की मांग किया है ।इस मौके पर सिमरिया प्रखण्ड अध्यक्ष छोटू सिंह भोगता, पिंटु गंझु, बासुदेव गंझु, प्रमेश्वर गंझु, लोकनाथ गंझु, गणेश गंझु, सुरेन्द्र गंझु, उमेश कुमार गंझु, कामेश्वर गंझु, कृष्णा गंझु, बाबुलाल गंझु, प्रेम गंझु, कौलेश्वर गंझु आदि भोगता समाज के लोग शामिल थे।

ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा ने पीओ कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर सौंपा मांग-पत्र

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय कमेटी झारखंड द्वारा रविवार को भुरकुंडा परियोजना कार्यालय पर प्रदर्शन के माध्यम से लेबर ऑफिसर को परियोजना पदाधिकारी के नाम मांग-पत्र सौंपा गया। इसके पूर्व मोर्चा के कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए परियोजना कार्यालय पहुंचे। यहां सभा का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष सुभाष दास उर्फ काला बाबू व मंच संचालन मोर्चा के केंद्रीय संगठन मंत्री नकुल प्रसाद ने किया। सभा को संबोधित करते हुए मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार ने कहा कि बलकुदरा में रोड सेल चालू करके कोयलांचल के बेरोजगारों को प्रबंधन रोजगार दे। साथ ही मोर्चा की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उत्पादित कोयले का 75 प्रतिशत कोयला लोकल सेल में दिया जाए। मोर्चा के केंद्रीय प्रधान महासचिव राजेश वर्मा ने कहा कि भुरकुंडा रोड सेल समिति को भंग कर नई कमेटी का गठन हो। ट्रांसपोर्टिंग रोड पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाए जिससे की लोग प्रदूषण से बच सकें। मोर्चा के लोगों ने कहा कि प्रबंधन सभी मांगों पर जल्द से जल्द सकारात्मक पहल नहीं करती है तो चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा। जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी। मांग-पत्र सौंपने वालो में सुभाष, नितेश, सचिन, वीरू, राजेंद्र नायक, मधु बाउरी, मनोज बेदिया, शहजाद आलम, हसीम आलम, कजरू नायक, सुखदेव, महेश शाह, अशोक नायक, प्रेम नायक, विनोद शाह, सिकंदर, प्रेम, सोमरा मुंडा, देवनारायण कोल सहित मोर्चा के कई लोग शामिल थें।

बरियातू स्कूल के गेट कीपर का निधन, शोक

गोला (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के बरियातू उत्क्रमित उच्च विद्यालय के गेटकीपर झूबर पहान का निधन सोमवार को करीब एक बजे निधन हो गया। ज्ञात हो की वे नितप्रतिदिन उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरियातू में ससमय आया करते थे। आज भी विद्यालय आये थे लेकिन थोड़ा तबियत खराब होने की बात कहकर घर चला गया। घर पहुंचने के बाद कुछ घंटों के बाद ही उन्होंने अंतिम सांस ली ।निधन पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरियातू के तमाम छात्र-छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाएं इनके जाने का दुख व्यक्त किया तथा 1 मिनट का मौन धारण करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार महतो, बिनोद बिहारी महतो, भागवत तिवारी, दीप्ति रानी, सरस्वती नायक , रीता बाला ,रीता करमाली , किरण कुमारी, कविता मिश्रा, लाममोहन बेदिया, अजय मिश्रा रुपनाथ महतो, गंधौरी राम, राधे श्याम साहू, मुकेश यादव, शिल्विना लकड़ा, टेरेसा पुस्पिका टोप्पो, आदित्य कुमार, राजेश कुमार सेनापति, उषा रंजन, आनंद मिश्रा, नरेश भगत, बिनोद कुमार , कृपासिंधु महतो, सुधीर चौधरी, मनोज चौधरी, बंदना कुमारी बालेश्वर प्रसाद सिन्हा सहित तमाम माता समिति ने दुख व्यक्त किया ।

चितरपुर महाविद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन, सैकड़ों लोगों ने करायी जांच

रजरप्पा (आजाद सिपाही)। झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची के सौजन्य से सोमवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर में किया गया। जिसमें 300 लोगों का निःशुल्क ब्लड प्रेशर, शुगर, हिमोग्लोबिन, कोलेस्ट्रोल, नेत्र जांच, दंत जांच, किया गया। इस मिशन का लक्ष्य है कि शहर से लेकर गांव तक सभी जगह पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवम रक्तदान शिविर का आयोजन सभी जगहों पर हो ताकि कोई भी इस स्वास्थ्य लाभ से वंचित ना रह सके। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची के अध्यक्ष संतोष सोनी, डाङ्ग एन शरण डायग्नोस्टिक एण्ड इमेजिंग सेंटर के डायरेक्टर नम्रता शरण सिन्हा, आशीष कुमार, मेडिका सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डाङ्ग केङ्ग सीङ्ग लाल, दीपक कुमार, सिलवंती कुमारी, शिलोनी कुमारी, नेशनल डेन्टल क्लीनिक के डाङ्ग संजय कुमार, सुनीता आई हॉस्पिटल के डायरेक्टर डाङ्ग सुनील साव, राजेश कुमार, मोनिका कुमारी , दिनेश कुमार उपस्थित थे। इस स्वास्थ्य शिविर में महाविद्यालय के छात्र-छात्रा सहित महाविद्यालय के शिक्षक तथा शिक्षकेत्तर कर्मियों ने अपने स्वास्थ्य जांच कराया। इस स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम को सफल बनाने में चितरपुर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉङ्ग संज्ञा, प्रो० मनोज झा, प्रो अंजू कुमारी, प्रो० निरंजन महतो, प्रो अंजनी करमाली, प्रो० कुरुतअलैन, प्रो ज्योति कुमारी, प्रो रेवालाल पटेल, प्रो० फहमीदा नाज, प्रो० निकहत परवीन, प्रो ताराशंकर अग्रवाल, प्रो० उत्तम कुमार, शबाना अंजुम, जफरुल हसन खान, सोनू कुमार, कुसुम कुमारी, आसिया अफरिण, पिंटू कुमार, प्रकाश, पूनम, कर्मी, प्रशांत तिवारी तथा रवि साव इत्यादि का सराहनीय योगदान रहा।

हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल : यदुनाथ पांडे

गोला (आजाद सिपाही)। हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल है। यहां खनिज संपदाओं की लूट हो रही है। भ्रष्टाचार एवं उग्रवादी घटना चरम सीमा पर पहुँच गया है। अब यहाँ के आदिवासी भी असुरक्षित महसूस कर रहे है। उक्त बातें भाजपा के वरिष्ट नेता व पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे ने सोमवार को रजरप्पा चोक में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के पैतृक गांव में योजनाओं में लूट मची है। लेकिन कोई देखने वाला नही है। इस ब्लॉक के बीडीओ सीओ लूट मचा के रखे है। बीडीओ की शिकायत उपायुक्त से मिलकर किया जाएगा। कहा कि इस राज्य को भाजपा ने बनाया है और सवारने का काम भी करेगा। भ्रास्तचार के खिलाफ पार्टी लगातार आंदोलन कर रही है। राज्य के सभी प्रखंडों में 17 से 13 नवम्बर तक धरना दिया गया। 19 से 25 नंबर तक जिला मुख्यालयों में आक्रोश प्रदर्शन होगा। मौके पर अजय ओझा,दिलीप सिंह,वसुध तिवारी,ब्रजेश पाठक,गोपी सोनी,आयुष ओझा,लखन अग्रवाल आदि थे।

आजसू मजदूर यूनियन न्यू बस स्टैंड की एक प्रतिनिधिमंडल ने सीइओ को सौंपा 4 सूत्री मांग पत्र

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। आजसू मजदूर यूनियन न्यू बस स्टैंड रामगढ़ की एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी से मिलकर 4 सूत्री मांग सौंपा है। पत्र सौंपने के दौरान यूनियन के अध्यक्ष नीरज मंडल ने कहा कि हम सभी आजसू मजदूर यूनियन न्यू बस स्टैंड रामगढ़ के पदाधिकारी एवं बस स्टैंड के लोग आपको ध्यान आकृष्ट करते हुए मांग करते हैं कि बस स्टैंड में नवनिर्मित शौचालय को अविलंब शुरू करने, पाइप लाइन बिछाने के लिए तोड़ी गई सड़क को अविलंब ठीक करने, बस स्टैंड की चारों और सोलर लाइट की व्यवस्था करने, यात्री की सुरक्षा के लिए रात्रि में पुलिस की गश्ती करवाने को लेकर ज्ञापन सौंपा है। कहा कि विगत कई दिनों से सभी बसों को किसी ना किसी प्रकार से अनावश्यक रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि बस में सवारी बैठाने के लिए गेट के पास यदि यात्री चढ़ाते हैं तो आपके सीबीआर स्टाफ के द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है और मनमानी रूप से चालान काट दी जा रही है और फोरलेन फ्लाईओवर बनने के बाद से रामगढ़ बस स्टैंड में बस वाले आना नहीं चाहते है, अब कुछ गाड़ियां आ भी रही है तो यह सब परेशानियों को देखकर वह लोग भी नहीं आना चाहते हैं। कहा कि आपको ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताना चाहते हैं कि बस स्टैंड रामगढ़ से सरकारी राजस्व आप लोगों को लगभग अच्छा खासा प्राप्त होती हैं। छावनी अधिशासी अधिकारी छावनी परिषद, एमएस हरी विजय ने इन समस्याओं को ध्यान से सुना और आश्वश्त किया की बस वालों एवं यात्रियों की समस्या को देखते हुए समाधान करने का कार्य किया जाएगा। मांग पत्र सौंपने वालों में मुख्य रूप से यूनियन के अध्यक्ष नीरज मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष रंजीत जायसवाल, सचिव बलराम यादव, प्रधान सचिव अमजद हुसैन उर्फ (रिंकू), उपाध्यक्ष संजय बनारसी, कोषाध्यक्ष विजय अग्रवाल, मो अख्तर, दारा जायसवाल, अरुण सोनी, दिलीप अग्रवाल, नगर प्रवक्ता सतीश गुप्ता आदि मौजूद थे।

आरा कोलियरी में वाशरी कोयला उठाव का जीएम ने नारियल फोड़ किया शुभारंभ

कुजू (आजाद सिपाही)। सीसीएल आरा कोलियरी से केदला वाशरी के लिए आरओएम कोयला उठाव करने पेलोडर - डम्फर के साथ पहुँचे सीसीएल अधिकारियों को रैयत- विस्थापित के विरोध के बाद बैरंग लौटना पड़ा। इधर, पीओ ओपी सिंह द्वारा मामला को हर संभव सलटाने का प्रयास किया गया, परंतु विफल रहे। सोमवार की सुबह करीब 12 बजे सीसीएल कुजू जीएम चंद्रशेखर तिवारी अधिकारियों और श्रमिक नेताओं के साथ कोयला उठाव के लिए परियोजना कांटा घर में नारियल फोड़ व अगरबत्ती जला कर पूजार्चना की। तत्पश्चात डम्फर - पेलोडर कोयला उठाव करने के लिए कोयला डिपो चले। जहां दाहो

महतो के नेतृत्व में रैयत- विस्थापित द्वारा डिपो से पूर्व ही नौकरी व मुआवजा की मांग करते हुए वाहन को रोक दिया। जिसके बाद पीओ ओपी सिंह समेत सुरक्षा विभाग द्वारा मौजूद लोगों को समझाने का प्रयास किया गया। जहां सीधे तौर पर विस्थापितों ने उच्च अधिकारियों से बात कर और नौकरी व मुआवजा दिलाने की बात कही।

45989 मीट्रिक आरओएम कोयला का होना है उठाव

सीसीएल कुजू क्षेत्रीय विक्रय पदाधिकारी विनोद कुमार झा ने बताया कि 45989 मीट्रिक टन आरओएम कोयला का आरा परियोजना से उठाव कर केदला वाशरी भेजा जाना है।

कौन कौन थे मौजूद

मौके पर एसओसी विजय प्रकाश, संजय सिंह, हेमन्त सिंह, मो अलाउद्दीन, अली हसन, हैदर अली, संतोष महतो, पारस महतो, जगदीश महतो, मो सदाम, मो वसीर, कलीम अंसारी के अलावे विरोध करने वालों में पुष्पा कुमारी, कौशल्या कुमारी, छोटू टूडू, राजकुमार सोरेन, अंजली देवी, रामलखन मुर्मू, तालो मुर्मू आदि शामिल रहे।

हजारीबाग मतदाता सूची पर्यवेक्षक चंद्रकिशोर उरांव पहुंचे चतरा

पर्यवेक्षक ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

चतरा (आजाद सिपाही)। 01 जनवरी 23 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटो मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, (एसएसआर, 2023) को लेकर सोमवार को हजारीबाग प्रमण्डलीय आयुक्त सह मतदाता सूची पर्यवेक्षक चन्द्रकिशोर उरांव ने निर्वाचन कार्य को लेकर चतरा जिले का दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त अबु इमरान ने चतरा परिसदन में शिष्टाचार मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। पश्चात प्रमण्डलीय आयुक्त मतदाता सूची पर्यवेक्षक के द्वारा चतरा सदर के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी, 27-चतरा(अजा), उप निर्वाचन पदाधिकारी, चतरा तथा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, चतरा एवं प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी, चतरा उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में मतदान केन्द्र संख्या-295 (उमवि पकरिया), मतदान केन्द्र संख्या-294 (पंचायत भवन डाढ़ा दक्षिणी भाग), मतदान केन्द्र संख्या-293 (पंचायत भवन डाढ़ा उतरी भाग) समेत अन्य मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र पर उपस्थित कर्मियों से प्रपत्र-6 ऑनलाईन करने से संबंधित जानकारी ली गई तथा उन्हे निर्देशित किया गया कि जिस किसी भी व्यक्ति की उम्र 01 2023, 01.07.2023 तथा 01.10.2023 को 18 वर्ष पूरा हो जा रहा है तथा वो मतदात बनने का अहर्ता रखते है उनका भी प्रपत्र-6 एकत्रित कर लिया जाय। पंचायत भवन डाढ़ा दक्षिणी भाग में पाया गया कि इस मतदान केन्द्र अन्तर्गत सभी शत प्रतिशत मतदाताओं का आधार लिंक का कार्य कर लिया गया है।

सोशल क्राइम पर कंट्रोल को ले तेवर में चतरा एसपी

चतरा (आजाद सिपाही)। सोशल क्राइम पर नकेल व नशा मुक्ति अभियान में तेजी लाने को ले तेवर में दिखे एसपी राकेश रंजन। सोमवार को सदर थाना में एसडीपीओ अविनाश कुमार व अन्य पुलिस पदाधिकारियों व जवानों के साथ एसपी ने मैराथन बैठक किया। शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर सीसीटीवी अधिष्ठापन, ट्रैफिक व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने, ड्रोन से शहर व आसपास के ईलाकों की नियमित निगरानी, बाइकर्स गैंग व काला शीशा लगाकर संचालित गाड़ियों के विरुद्ध सख्ती समेत जनहित को प्रभावित करने वाले अपराधों पर लगाम लगाने को ले अधिकारियों को कठोर निर्देश दिया। कहा चोरी, लूट, छेड़खानी व असमाजिक तत्वों के जमावड़े समेत अन्य अपराध की सूचना पर होगी त्वरित सख्त कार्रवाई। अपराध पर नकेल में लापरवाही नहीं करेंगे बर्दाश्त। इंसाफ की उम्मीद लेकर थाना पहुंचने वाले फरियादियों से शालीनता से पेश आकर बेहतर पुलिसिंग का संदेश देने का अधिकारियों व जवानों को दिया निर्देश। शहर में टाईगर मोबाइल व अन्य पेट्रोलिंग होगी और भी तेज। अफीम व ब्राउन शुगर समेत अन्य नशा से जुड़े अपराधों के विरुद्ध स्पेशल ड्राइव चलाने का निर्देश। एसपी का सोशल क्राइम पर नियंत्रण को ले दो टूक, कहा स्टेडजी के तहत होगा अपराधमुक्त स्वक्ष समाज का निर्माण। शिक्षण संस्थानों के आसपास भटकने वाले मजनुओं के विरुद्ध कार्रवाई को ले विशेष पेट्रोलिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया।

मामला : सीसीएल सुरक्षा गार्ड पर आदिवासी महिला के साथ छेड़छाड़ व मारपीट करने का आरोप !

सतीबेड़ा के ग्रामीणों ने कुजू ओपी व सीसीएल साइडिंग का किया घेराव, एक सुरक्षा गार्ड सस्पेंड

कुजू (आजाद सिपाही)। सीसीएल सुरक्षा गार्ड द्वारा एक आदिवासी महिला के साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास व मारपीट मामले में सोमवार की सुबह सतीबेड़ा सहित आसपास के दर्जनों ग्रामीणों ने कुजू ओपी समेत सीसीएल रेलवे साइडिंग का घेराव किया। जानकारी के अनुसार, सतीबेड़ा निवासी गुनिया देवी (काल्पनिक नाम) अपने पति के संग रविवार की संध्या पास के जंगल में शौचालय करने गई थी। तभी न्यू सीसीएल रेलवे साइडिंग में कार्यरत दो सुरक्षा गार्डों ने गुनिया देवी को अकेला देख कर उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। अपने बचाव में गुनिया देवी ने उनके साथ हाथापाई व धक्का-मुक्की की। जिससे महिला का कपड़ा फट गया। भुक्तभोगी महिला द्वारा हो - हल्ला करने पर उनके साथ आए लोग एवं अन्य ग्रामीण जमा हो गए। दोनों सुरक्षा गार्ड द्वारा ग्रामीणों के साथ हाथापाई करते हुए वहां से फरार हो गए। घटना के संबंध में

सुरक्षा गार्ड ने भी रखा अपना पक्ष!

इस संबंध में सीसीएल सुरक्षा गार्ड रमेश महतो से पूछे जाने पर बताया कि हमारे उपर छेड़छाड़ व मारपीट आरोप लगाया गया यह आरोप गलत है। कोयला चोरी करने के विरोध मामले में साजिश के तहत हम दोनों को फंसाया गया। साथ ही ग्रामीणों ने जमकर मारपीट किया।

जानकारी देने गुनिया देवी बदहवास हालत में कुजू ओपी पहुंची। जहां उसने लिखित आवेदन देते हुए न्याय की गुहार लगाई। इधर, मामले से आक्रोशित महिला के परिजनों और ग्रामीणों ने कुजू ओपी का घेराव कर डाला। जहां ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद द्वारा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने घेराव कार्यक्रम को स्थगित कर दिया, लेकिन इनका गुस्सा शांत नही हुआ और ग्रामीणों ने सीसीएल कुजू साइडिंग पहुंचकर धरना प्रदर्शन करते हुए घेराव किया। जिसके कारण साइडिंग का कार्य तीन घण्टो तक बाधित रहा। बाद में वार्ता के बाद सीसीएल अधिकारियों द्वारा मामले में लिप्त एक सुरक्षा गार्ड रमेश महतो का तत्काल निलम्बित कर दिया गया। वही, दूसरा सुरक्षा गार्ड राजकिशोर महतो, जो कि मामले में चोटिल हो गया, जिसका इलाज चल रहा है। वार्ता में प्रबंधन की ओर से क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी संजय सिंह, सीसीएल रेलवे साइडिंग मैनेजर राजू रविदास, सुरक्षा विभाग के हेमंत सिंह ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे सुरेश मांझी, गुलाम नबी के अलावे कई ग्रामीण मौजूद रहे।

व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में शिशु गृह का शुभारंभ

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश पर सोमवार को व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में शिशु गृह का शुभारंभ किया गया। शिशु गृह को सुचारू रूप से चलाने के लिए ब्रजेश कुमार गौतम, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कोट प्रशासन सदस्य खालिद रशीद अली अहमद, निबंधन व्यवहार न्यायालय रामगढ़, नाजिर सुमन रंजन सिंह एवं अन्य नजारत कर्मियों को व्यवस्था बनाए रखने के लिए आदेश दिया गया कि भविष्य में किसी प्रकार की कोई असुविधा ना हो। मौके पर श्री गौतम ने कहा कि शिशु गृह की स्थापना एक आवश्यकता थी, ताकि उपस्थित कर्मचारी एवं अधिकारियों एवं बाहर से आए बच्चों की देखभाल अच्छी तरह से की जा सके।

कैसे लगे आतंक पर रोक

नयी दिल्ली में पिछले सप्ताह हुए दो दिवसीय 'नो मनी फॉर टेरर' कॉन्फ्रेंस में भारत ने जिस तरह के सख्त रुख का परिचय दिया वह इस बात का संकेत है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के नये चरण में ढुलमुल रवैये के लिए कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी जायेगी। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कुछ देशों ने आतंकवाद के समर्थन को अपनी विदेश नीति का हिस्सा बना लिया है और कुछ आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाइयों को रुकवा कर इसे परोक्ष समर्थन देते हैं। पीएम मोदी ने किसी देश का नाम भले नहीं लिया हो, लेकिन उनका स्पष्ट इशारा पाकिस्तान और चीन की ओर था। चीन ने पिछले कुछ महीनों में जिस तरह से एक के बाद एक पाकिस्तानी आतंकवादियों को संयुक्त राष्ट्र की काली सूची में डाले जाने से बचाया है, वह जगजाहिर है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी इतना ही कह कर नहीं रुके। उन्होंने कहा कि जो भी देश आतंकवाद का समर्थन करते हैं, ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़े। भारत के इस कड़े रुख की अहमियत इस लिहाज से भी है कि यह नो मनी फॉर टेरर सम्मेलन के मंच से सामने आया है। 2015 में पेरिस में हुए भीषण आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में फ्रांस ने 2018 में पहली बार इस सम्मेलन का आयोजन किया था। तब से हालांकि यह तीसरा ही आयोजन है इस सम्मेलन का, लेकिन फिर भी स्पष्ट है कि यह आतंकवाद के विरोध का एक प्रभावी मंच बन सकता है। ध्यान रहे, पाकिस्तान इसका सदस्य नहीं है, जबकि चीन ने इसमें अपना कोई प्रतिनिधि नहीं भेजा। लेकिन जिन 72 देशों के प्रतिनिधि इसमें सम्मिलित हुए वे पूरी शिद्दत से आगे बढ़ें तो आतंककवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ा सकते हैं। इस लड़ाई का सबसे अहम पहलू है विभिन्न देशों और उनकी एजेंसियों के बीच तालमेल और आतंकवादियों तक पहुंचने वाली आर्थिक मदद पर प्रभावी रोक। विशेषज्ञों का मानना है कि तमाम बाधाओं के बावजूद संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के तहत जो कुछ ठोस बंदिशें लगायी जा सकीं, उन्हीं का नतीजा है कि भारत में पिछले कुछ वर्षों से थोड़ी राहत महसूस की जा रही है। इन बंदिशों के प्रभाव का ही एक सबूत यह भी है कि आजकल संयुक्त राष्ट्र के मंच से ऐसी कार्रवाइयों को रुकवाने के लिए आतंकी संगठन और उनकी हमदर्द शक्तियां पूरा जोर लगाये दे रही हैं। इसी संदर्भ में भारत का वह प्रस्ताव खासा अहम हो जाता है, जो गृहमंत्री अमित शाह ने सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए रखा कि इस सम्मेलन का एक स्थायी सचिवालय बनाया जाये, जो विभिन्न देशों की ओर से आतंकवाद के खिलाफ उठाये जा रहे कदमों में तालमेल बनाये रखे, ताकि उनके सर्वश्रेष्ठ नतीजे सुनिश्चित किये जा सकें। उम्मीद की जानी चाहिए कि सदस्य राष्ट्र इस प्रस्ताव पर पॉजिटिव ढंग से विचार करेंगे।

विशेषज्ञों का मानना है कि तमाम बाधाओं के बावजूद संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के तहत जो कुछ ठोस बंदिशें लगायी जा सकीं, उन्हीं का नतीजा है कि भारत में पिछले कुछ वर्षों से थोड़ी राहत महसूस की जा रही है।

अभिमत
आजाद सिपाही

शायद ही कोई कानून या कोई दिशा-निर्देश हैं जो घरेलू हिंसा या कार्य स्थल पर या फिर घरेलू आधार पर यौन उत्पीड़न से किसी पुरुष की रक्षा कर सकें। एक महिला होने के नाते मैं भारतीय कानून और न्यायपालिका का सम्मान करती हूं, लेकिन मेरा खुद का भी मानना है कि हम महिलाएं सब कुछ पुरुषों के बराबर कर रही हैं, तो हम लैंगिक समानतावाद में विश्वास क्यों नहीं कर सकतीं?

यहां पुरुषों के अधिकारों के लिए कोई आंदोलन नहीं

अनु शर्मा

हम सभी महिलाओं के अधिकारों के बारे में जानते हैं और हमारा कानून इस तरह से बनाया गया है कि यह केवल महिलाओं की रक्षा करता है। यह भेदभाव हर क्षेत्र में देखा जा सकता है, लेकिन घरेलू और वैवाहिक कानून लापरवाही से महिलाओं के पक्ष में है। हमारी अदालतें कार्यस्थल या घर पर घरेलू हिंसा, दहेज और यौन उत्पीड़न जैसे मामलों से भरी पड़ी हैं। आश्चर्यजनक रूप से पुरुषों द्वारा दायर किये गये मामले दुर्लभ या नगण्य हैं और इसका कारण हमारी व्यवस्था, कानून और हमारी विचार प्रक्रिया है।

शायद ही कोई कानून या कोई दिशा-निर्देश हैं जो घरेलू हिंसा या कार्य स्थल पर या फिर घरेलू आधार पर यौन उत्पीड़न से किसी पुरुष की रक्षा कर सकें। एक महिला होने के नाते मैं भारतीय कानून और न्यायपालिका का सम्मान करती हूं, लेकिन मेरा खुद का भी मानना है कि हम महिलाएं सब कुछ पुरुषों के बराबर कर रही हैं, तो हम लैंगिक समानतावाद में विश्वास क्यों नहीं कर सकतीं? हम इसके बारे में बात क्यों नहीं कर सकतीं। महिला सशक्तिकरण समानता की भावना के साथ होता है, लेकिन जब घरेलू स्तर पर या कार्यस्थल पर कोई समस्या होती है, तो हमें पीड़ित की भूमिका क्यों निभानी पड़ती है। चूंकि कानून और समाज हमेशा ही परंपरागत रूप से कमजोर लिंग के रूप में महिलाओं का पक्ष लेता है।

आय और संपत्ति के मामले में कौन कमजोर है, यह तय करने के लिए एक कानून होना चाहिए।

इसलिए कई बार झूठी शिकायतें दर्ज की जाती हैं और कोई बच नहीं पाता। महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा कुछ अलग दिशा ले रही है। अदालतें झूठे मुकदमों से भरी पड़ी हैं।

अचानक जब एक महिला अपने ससुराल वालों से नाराज होती है, तो वे सबसे खतरनाक स्थिति में होते हैं, जिसमें परिवार के बुजुर्ग भी शामिल होते हैं, जो कानून से भयभीत रहते हैं। जाहिर-सी बात है कि ज्यादातर पुरुष ऐसे मामलों में तनाव, अवसाद और मानसिक बीमारी से गुजरते हैं।

पत्नी का पति की संपत्ति, आय और अन्य चीजों पर अधिकार है। लेकिन उस महिला का क्या जो शिक्षित है, कमाती है और जिसके पास लगभग सब कुछ है?

आय और संपत्ति के मामले में कौन कमजोर है, यह तय करने के लिए एक कानून होना चाहिए। कई मामलों में यह स्पष्ट है कि पत्नी सिर्फ इसलिए काम करना नहीं चाहती, क्योंकि वह गुजारा-भत्ता चाहती है और वह अपने पति के पैसे को बनाये रखना चाहती है।

क्या कोई कानून है, जो एक महिला को शिक्षित होने के लिए कमाने के लिए कह सकता है। इसका उत्तर 'नहीं' में है। माता-पिता या समाज द्वारा एक लड़की के मस्तिष्क में यह शुरू से ही अंकित कर दिया जाता है कि एक दिन उसकी शादी होगी और वह अपने आप ही सब कुछ प्राप्त कर लेगी, जो उसके पति के पास है। पहले के दिनों में महिलाएं केवल प्रजनन और बच्चों, घर व बड़ों की देखभाल के लिए जिम्मेदार थीं, लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है और लगभग प्रत्येक महिला काम कर रही है तथा एक स्वतंत्र जीवन जी रही है।

पुरुषों के अधिकारों के लिए हमारे पास लगभग कोई आंदोलन नहीं है। भले ही आप खोज करें तो बहुत कम गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) या शायद कुछ संस्थाएं हैं, जो पीड़ित पुरुषों के लिए आगे आती हैं।

एक विकासशील देश के रूप में जहां हम हर जगह नारी शक्ति की बात कर रहे हैं और उसका समर्थन भी कर रहे हैं, वहीं दूसरा पक्ष भी उतना ही कुरूप होता जा रहा है। क्या हुआ अगर कोई पुरुष घरेलू हिंसा का शिकार है, तो हम में से ज्यादातर लोग इस बात पर यकीन भी नहीं करेंगे या हम में से कुछ की मानें तो एक आदमी के लिए ऐसा कानून है ही नहीं।

सबसे बड़ा सवाल है कि समानता कहां है? एक आदमी के लिए न्याय कहां है? दहेज रोकथाम कानून भारत में कानून के सबसे अधिक दुरुपयोग वाले प्रावधानों में से एक है और ऐसा लगता है कि वर्षों से इसमें कोई संशोधन नहीं किया गया है।

कुछ मामलों में तो शादी के 10-15 सालों बाद भी महिला अचानक दहेज, घरेलू हिंसा और मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगा देती है। यह चौंकाने वाली बात है कि इन सालों में क्या उसे इस सबके बारे में कोई जानकारी नहीं थी? वह किसका इंतजार कर रही थी?

अचानक जब एक महिला अपने ससुराल वालों से नाराज होती है, तो वे सबसे खतरनाक स्थिति में होते हैं, जिसमें परिवार के बुजुर्ग भी शामिल होते हैं, जो कानून से भयभीत रहते हैं। जाहिर-सी बात है कि ज्यादातर पुरुष ऐसे मामलों में तनाव, अवसाद और मानसिक बीमारी से गुजरते हैं। ऐसे मामलों में बच्चों का होना यह दर्शाता है कि जैसे महिलाओं का कोई जैकपॉट लग गया है, क्योंकि वे लगभग हर चीज की मांग करेंगी, जो पुरुष के पास सिर्फ इसलिए है, क्योंकि वह सह-माता-पिता है।

यह कहां लिखा या तय किया गया है कि एक बच्चा केवल एक पुरुष की जिम्मेदारी है? बच्चों का होना हमारी संस्कृति में एक आशीर्वाद के रूप में माना जाता है, लेकिन जब चीजें गलत हो जाती हैं, तो उन्हीं बच्चों का उपयोग अपने पिता से उच्च धन, गुजारा-भत्ता प्राप्त करने के लिए किया जाता है। कुछ मामलों में तो पूरे परिवार को ही झूठे मुकद्दमों में घसीटा जाता है और 10-15 साल क्लीनचिट मिलने पर भी (जो लगभग नामुमकिन है) महिला पर कोई कार्रवाई नहीं होती।

जब हम पुरुषों के अधिकारों के बारे में बात करते हैं, तो इसका मतलब यह नहीं कि हमें महिलाओं के साथ भेदभाव करना चाहिए, बल्कि क्या सच और झूठ है, इसकी पहचान करनी चाहिए। एक महिला होने के नाते मैं महिला अधिकार संरक्षण कानूनों का सम्मान करती हूं, लेकिन किसी को भी उनका दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। इस प्रक्रिया में कुछ संशोधन हैं और ऐसा लगता है कि भारतीय न्यायिक प्रणाली भी आंच महसूस कर रही है। मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में कुछ प्रमुख बदलाव देखने को मिलेंगे। **(यह लेखिका के अपने विचार हैं।)**

जमशेदपुर की खबरें

रेलवे बोर्ड यात्री सुविधा समिति ने टाटानगर स्टेशन का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। रेलवे बोर्ड यात्री सुविधा समिति के सात सदस्यों ने टाटानगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। सोमवार को यात्री सुविधा समिति के सदस्यों ने निरीक्षण के दौरान प्लेटफार्म के सभी कोने-कोने का जांच किया। इस दौरान उन्होंने कमी को देखते हुए टाटानगर के रेल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दी। सुबह से ही सदस्यों के आगमन को लेकर टाटानगर स्टेशन पर सब कुछ चाक-चौबंद किया गया था। साफ-सफाई पर खास ध्यान दिया गया। सोमवार को दिन भर स्टेशन के रेल अधिकारियों में हड़कंप मची रही। रेलवे बोर्ड यात्री सुविधा समिति के सदस्य स्टेशन के रेस्टोरेंट में पहुंचे। जहा सभी सामानों का जांच किया।साथ ही संचालनकर्ता से गुणवत्ता के संबंध में पूछताछ की। मौके पर उन्होंने कुछ यात्रियों से भी खान-पान की जानकारी ली। इसके बाद प्लेटफार्म नंबर एक पर शौचालय का निरीक्षण किया। यहां पर साफ-सफाई को देख फस्ट क्लास एसी वेटिंग हॉल में जाकर सुविधाओं को जानने का प्रयास किया। वही समिति के सदस्यों ने टिकट काउंटर पर जाकर यात्रियों से पूछताछ की।प्लेटफार्म पर लगे कोच डिसप्ले सिस्टम के बारे में भी जानकारी हासिल की। यात्रियों की परेशानी के संबंध में जानकारी ली। सोमवार को टाटानगर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ रही। ओड़िशा में मालगाड़ी बेपटरी होने के कारण अधिकांश ट्रेनों को बदले मार्ग से चलाये जाने के कारण यात्री परेशान रहे। पूछताछ केंद्र से रेल यात्री अपने ट्रेनों की जानकारी ले रहे थे।

धालभूमगढ़ ओवरब्रिज के पास कार दुर्घटनाग्रस्त, महिला जख्मी

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के धालभूमगढ़ ओवर ब्रिज के ऊपर एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस सड़क दुर्घटना में कार सवार महिला जख्मी हो गई। गंभीर रूप से घायल हालत में महिला को धालभूमगढ़ स्थित सामुदायिक केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना सोमवार शाम की है। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

लड़की को बहला-फुसला कर भगाने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

चाकुलिया (आजाद सिपाही)। चाकुलिया पुलिस ने लड़की को बहला फुसला कर भगाने का आरोपी माटिहाना गांव निवासी रंजन सिंह को गिरफ्तार किया है। सोमवार को कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद पुलिस ने जेल भेज दिया है। विदित हो कि चाकुलिया थाना में कांड संख्या 79/2022 के तहत दर्ज मामले के अभियुक्त रंजन सिंह को माटिहाना निवासी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी वरुण कुमार यादव ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ थाना में लड़की को बहला फुसलाकर भगाने के खिलाफ मामला दर्ज था। सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

जमशेदपुर के नये एसओआर दीपू कुमार ने दिया योगदान, कहा

सरकार की जनहितकारी योजनाओं को लागू कराना पहली प्राथमिकता

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जमशेदपुर के नए विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी दीपू कुमार ने पदभार ग्रहण किया.सोमवार को उन्होंने प्रभारी एसओआर राजीव रंजन से पदभार ग्रहण किया। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए दीपू कुमार ने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता विभाग से जुड़ी सरकार की जन हितकारी योजनाओं को लागू करवाना है। उन्होंने कहा कि सभी कार्डधारियों को समय पर राशन मिले, विभाग की धोती-साड़ी योजना, बीपीएल पेट्रोल योजना, समेत अन्य योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराना है। इससे पूर्व प्रभारी एसओआर राजीव रंजन ने उन्हें प्रभार सौंपा। विदित हो कि दीपू कुमार झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। इससे पहले पूर्वी सिंहभूम जिले के बोड़ाम प्रखंड के बीडीओ थे। वहां से तबादला होने के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग में उप सचिव बनाया था। इस अवसर पर फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन के महासचिव प्रमोद गुप्ता, मोहन साव पारस, मुरलीधर वर्णवाल समेत अन्य पीडीएस डीलर मौजूद थे।

झारखंड मजदूर यूनियन ने डीएलसी में किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। झारखंड मजदूर यूनियन का मजदूरों के हक व अधिकार के समर्थन में लड़ाई जारी है। सोमवार को यूनियन के पदाधिकारियों ने गोविंदपुर स्थित स्टील स्ट्रिप्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के ठेका कंपनी महालक्ष्मी इंटरप्राइजेज के खिलाफ विरोध शुरू कर दिया। झारखंड मजदूर यूनियन के केंद्रीय सचिव राजेश सामंत के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल डीएलसी से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। इस दौरान राजेश सामंत ने बताया बीते दिनों कंपनी में कार्य करने के दौरान मजदूर के उंगली फैक्चर होने पर कोई मुआवजा नहीं दिया गया। साथ ही बीते 14 वर्षों से कार्यरत 12 मजदूरों को बिना कारण में बैठा दिया गया। कंपनी में पुनः बहाल करने की मांग व मजदूरों की फाइनल की मांग को लेकर डीएलसी कार्यालय में प्रदर्शन किया गया। ताकि मजदूरों को न्याय मिल सके। उन्होंने बताया फिलहाल मजदूरों की समर्थन में गोविंदपुर स्थित स्टील स्ट्रिप्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के ठेका कंपनी महालक्ष्मी इंटरप्राइजेज खिलाफ डीएलसी को मांग पत्र सौप कर न्याय की गुहार लगाई गई। ताकि राजनीतिक धोन्स दिखाकर टालमटोल करने वाले प्रबंधन पर कार्रवाई हो सके। उन्होंने बताया राज्य सरकार के नियमानुसार कंपनी से सटे गांव के लोगों को 75% नौकरी पर रखा जाना है। एसटी एससी को ठेकेदारों के द्वारा प्राथमिकता दी जानी है। लेकिन बाहरी मजदूर व बाहरी ठेकेदार ही कंपनी पर हावी है। उन्होंने बताया सुनवाई नहीं होने पर आगे की रणनीति तैयार की जायेगी। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड मजदूर यूनियन के केंद्रीय सचिव राजेश सामंत, झारखंड आंदोलनकारी नेता छोटे सरदार, अमित दास,कंचन पासवान,पिंकी सिंह, शशी लोहरा,शिवलाल लोहरा, खुदीराम दास, नवमी बाला देवी, सरायकेला खरसावां जिला अध्यक्ष सुनिल गोराई, उमेश महतो, प्रफुल्ला महतो, बैशाखी देवी, तुलसी सिंकु, प्रकाश लोहरा जातरी उरांव, मनी देवी, प्रकाश लोहरा, बुध राय बोदरा, राय बारी पात्रो, निर्मल मुंडा, सुंदर मनी उरांव, सोमवारी देवी मौजूद रहे।

भाजपा की जनाक्रोश प्रदर्शन में भाजयुमो महानगर की होगी सक्रिय भागीदारी

नेताजी सुभाष मैदान में जुटेंगे हजारों युवा

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। भाजपा जमशेदपुर महानगर का आगामी 25 नवंबर को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जायेगा। जनाक्रोश प्रदर्शन में भारतीय जनता युवा मोर्चा के हजारों कार्यकर्ता भाग लेंगे। सोमवार को साकची स्थित जिला कार्यालय में युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारी व मोर्चा के मंडल अध्यक्षों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनाक्रोश प्रदर्शन को सफल बनाने में युवा मोर्चा की भागीदारी को लेकर व्यापक चर्चा की गई। युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण भाजपा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में नेताजी सुभाष मैदान के लिए प्रस्थान करेंगे। बैठक में प्रदीप मुखर्जी, दिनेश शर्मा, सौरव कुमार, शशि यादव, सुमित श्रीवास्तव, सन्नी संघी, अमित सिंह, अभिषेक डे, नीरज राष्ट्रवादी, रितेश सिंह, सुशील पांडे, उमेश साव, अनसुल कुमार, मुकेश सिंह, विकास सिंह, मनोज ओझा आदित्य गोंड, नवजोत सिंह सोहल, सुमन श्रीवास्तव, विशाल, दीपक तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे।

लूट के कैमरा के साथ युवक गिरफ्तार

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना पुलिस ने लूट के डीएसएलआर कैमरा के साथ आदित्यपुर के माझीटोला दिंदली बस्ती स्थित दास पाड़ा के रहनेवाले मनसा यादव को गिरफ्तार किया है। घटना के संबंध में बीते 29 जनवरी को बागबेड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस के हत्थे चढ़ा मनसा यादव मामले का अप्राथमिक अभियुक्त है। वह पहले आदित्यपुर के ही राम मड़ैया बस्ती के रोड नंबर-13 में रहता था। लूट कांड की जांच में जुटी पुलिस को घटना में उसकी संलिप्तता उजागर हुई। उसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

गढ़वा जिला साइक्लिंग संघ की बैठक

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला साइकलिंग संघ की बैठक जिला मुख्यालय स्थित इंडोर स्टेडियम में की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के चेयरमैन अनिल पांडे के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। आज की बैठक में तय किया गया कि आने वाले 3 दिसंबर को रामा साहू हाइ स्कूल के आउटडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय सीनियर जूनियर सब जूनियर यूथ महिला पुरुष बॉयज गर्ल्स प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न वर्गों में किया जायेगा। आज के बैठक में जिला स्तर पर भाग लेने वाले प्रतिभागियों हेतु कल से ही पंजीकरण फार्म इंडोर स्टेडियम रामा साहू गढ़वा और गोविंद स्कूल गेट के सामने गढ़वा जिला साइकिलिंग संघ के सचिव अरविंद दुबे के कंप्यूटर कैफे से प्राप्त किया जा सकता है। बैठक में यह भी तय हुआ कि आने वाले अगली बैठक में गढ़वा में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता के लिये आयोजन कमेटी का गठन एवं प्रतियोगिता का नामकरण फाइनल रूप से कर लिया जायेगा। बैठक में उपस्थित झारखंड साइकिल संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक ने कहा कि गढ़वा में नयी-नयी प्रतियोगिताओं को सफलतापूर्वक आयोजित करने का श्रेय हमारी पूरी टीम को रहता है और इस बार भी हम लोग इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को बहुत ही सफलता पूर्वक संपन्न करेंगे। बैठक मैं उपस्थित गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष डॉ उमेस सहाय ने कहा कि प्रतियोगिता से संबधित सभी तैयारियां सूचीबद्ध करते हुए हम लोगों को पूर्ण करना चाहिए। जिससे कि राज्य भर से आने वाले खिलाड़ी गढ़वा जिला की यादें सुनहरे रूप से अपने मन में लेकर जाये, आज के बैठक में विधायक खेलकूद प्रतिनिधि धीरज दुबे ने भी अपने विचार व्यक्त किये तथा संघ के सचिव अरविंद दुबे ने धन्यवाद ज्ञापन किया, जिसके उपरांत बैठक समाप्ति की घोषणा की गई। आज के बैठक में उक्त के अलावे जिला साइकिलिंग संघ के कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, वॉलीबॉल प्रशिक्षक प्रभात रंजन तिवारी, फिजिकल टीचर अनिल कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे। उक्त जानकारी गढ़वा जिला साइकिलिंग संघ के सचिव अरविंद दुबे ने दी।

रंगोली प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से स्थानीय गर्ल्स हाई स्कूल में रानी लक्ष्मीबाइ जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकप्रिय समाजसेवी किरण देवी ने निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवानी कुमारी, द्वितीय स्थान खुशी कुमारी, तृतीय स्थान मारिया सौदा, एवं रंगोली प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राएं साक्षी,कृषिका,सिद्धि को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया। मोके पर मुख्य अतिथि किरण देवी ने कहा कि नारी को शिक्षित होना बहुत ही आवश्यक है। अगर नारी शिक्षित होंगी तो आने वाला भविष्य भी शिक्षित होगा उन्होंने छात्राओं से मन लगाकर पढ़ने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य सह प्रोफेसर प्रशांत सहाय ने कहां की नारी हर सदी में ऊंचा आदर्श स्थापित किया है। रानी लक्ष्मीबाई वीरांगना थी। उन्होंने कहा किआज की नारी बहुत से क्षेत्रों में पुरुषों से बेहतरीन कार्य कर अपनी शक्ति का परिचय दे रही है। नारी हमारे समाज और राष्ट्र की धुरी हैं । नारी का विकास किए बिना राष्ट्र विकास असंभव है। वहीं उपस्थित विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सविता गुप्ता ने नारी शक्ति की संज्ञा को समझाते हुए कहा कि नारी ही माता के रूप में बच्चों को पालती हैं। पत्नी और बेटी के रूप में सेविका का कार्य करती है। और देश की आन बान शान के लिए वह वीरांगना का रूप लेकर रक्षा भी करती हैं। कार्यक्रम में परिषद के नगर मंत्री अखिल शुक्ला, सह मंत्री पियूष चौबे शिक्षक अकबर अली सहित अन्य छात्रायें मौजूद थीं।

भाजयुमो के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। भाजयुमो श्री बंशीधर नगर कार्यालय में प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 23 नवंबर को जिला मुख्यालय पर जन आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। इसके लिए मंडल स्तर से पंचायत स्तर पर कार्यकर्ता तैयारी में लग चुके हैं उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने 2019 के चुनाव पुर्व वादा किया था कि झामुमो सरकार बनते ही हर साल पांच लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देंगे। पांच से सात हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता देंगे अगर नहीं दे सके तो राजनीति से संन्यास ले लेंगे लेकिन झामुमो सरकार बनते ही झामुमो कांग्रेस राजद के लोग झारखंड को लुटने में मस्त हो गये। गढ़वा जिला सहीत पुरे झारखंड में युवाओं को रोजगार के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है झारखंड के युवा पलायन को मजबुर है उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में जनता त्राहि त्राहि कर रही है सबकी निगाहें भाजपा की ओर लगी हुई है भाजपा ही झारखंड को बचा सकता है जिस तरह से झारखंड में खनिज संपदा को खुलेआम लुटा जा रहा है इससे झारखंड कंगाल हो रहा है उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में युवा किसान मजदूर हर तरह का आदमी त्रस्त हो चुका है। भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश चौबे ने कहा कि भाजपा के आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम में आम जनता की बड़ी भागीदारी होगी। क्योंकि वर्तमान सरकार में आम जनता त्रस्त हो चुका है लेकिन भाजपा कार्यकर्ता अब चुप नहीं बैठेंगे। झारखंड को बचाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता संघर्ष करेंगे उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में लुट की पुरी छुट है प्रखंड स्तर पर पदाधिकारी जनता को लुट रहें हैं बिना घुस दिए काम नहीं होता है झामुमो सरकार अवैध कारोबार चला रही है जिला मिडिया प्रभारी राजीव रंजन पासवान ने कहा कि झामुमो सरकार में जनता का कोई काम नहीं हो रहा है जनता भटकने को मजबुर है लेकिन झामुमो सरकार बहुत जल्द सत्ता से बाहर होगी। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय, कुमार कनिष्क भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आशुतोष पांडेय, धनंजय यादव, राहुल देव पाल, निरंजन पाठक, सुरेंद्र उरांव सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

करवापहाड़ में लघु सिंचाई विभाग से कृषि और गांव का जलस्तर बनाये रखने को लेकर उठाया कदम

विधायक भानू ने चेकडैम का वृद्ध ग्रामीण के हाथों कराया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

धुरकी/गढ़वा। क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने धुरकी प्रखंड क्षेत्र के गनियारीकला पंचायत अंतर्गत आदिम जनजातीय बाहुल्य गांव करवापहाड़ मे लुघु सिंचाई विभाग से कृषि और गांव का जलस्तर बनाये रखने के लिए 75 लाख रुपए से निर्माण किया जाने वाला चेकडैम का शिलान्यास सोमवार को वृद्ध ग्रामीण के हाथों कराया। इस दौरान विधायक ने शिलान्यास के बाद ग्रामीणो को संबोधित करते हुए कहा की धुरकी प्रखंड का अत्यंत ही पिछड़े और आदिम जनजातीय समुदाय बाहुल्य करवापहाड़ गांव मे खेतों मे पानी से सिंचाई करने और गांव का जलस्तर बढ़ाने के लिए उन्होने प्रयास कर चेकडैम की स्वीकृती दिलाई है। शाही ने कहा की वह अपने क्षेत्र के किसी भी धर्म संप्रदाय और व्यक्ति विशेष को देखकर काम नही करते हैं, उनके क्षेत्र के सभी लोगो के एक सामान्य विकास के लिए समाज के लिए काम करने के प्रति कटिबद्ध हैं। विधायक शाही ने कहा की वह गढ़ और राज दरबार नही बल्की आपहीलोगो की तरह एक आम और साधारण व्यक्ति हैं। उन्होने कहा की आज दो नेता जो कभी अलग-अलग पार्टी मे रहते थे, और उन्हें चुनाव मे हराने के लिए अलग-अलग तरह का प्रयास करते थे। वर्तमान मे दोनो छोटका और मोटका नेता एक हो गए हैं। विधायक शाही ने स्पष्ट रूप से कहा की वह कोइ गाजर और मुली नही हैं जो उखाड़ कर फेंक देंगे। उन्होने कहा की वह जब पिछले कार्यकाल मे विधायक बने थे तब मुख्यमंत्री रघुवर दास के हाथों धुरकी प्रखंड का सबसे बहुप्रतिक्षित कनहर नदी स्थित बालचौरा मे पुल के निर्माण के लिए शिलान्यास करने के बाद पुल का पाया निर्माण हो रहा था, ठीक इसी दौरान विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लगा और जेएमएम की सरकार बनी और बालचौरा पुल के काम को एनओसी देने के नाम पर कार्य का लटका दिया गया। विधायक शाही ने कहा की

मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय का दर्जा दिलायेंगे

धुरकी (आजाद सिपाही)। करवापहाड़ गांव मे अब शेष दो काम उन्हें विशेष रूप से करना है एक धुरकी मीरचइया टाटीदीरी पथ से लेकर करवापहाड़ गांव होते हुए सीधा धुरकी नगर पथ स्थित लोलकी गांव तक कालीकरन और स्थानीय ग्रामीणो की मांग पर यहां का मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय का दर्जा दिलायेंगे। इस दौरान भाजपा के इंद्रमणि जायसवाल, एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष सह मंडल प्रभारी लक्ष्मण राम, विधायक प्रतिनिधी अखिलेश यादव, शशी कमलापुरी भाजयुमो के मनोज कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख विनोद कोरवा, ओमप्रकाश गुप्ता, मंडल महामंत्री मंगल यादव, बीडीसी कुर्बान अंसारी, एकराम खान, कमलेश सिंह गोड़, लाखा यादव, विपिन यादव, तेजु कोरवा सांसद प्रतिनिधी सुदर्शन गुप्ता, मुखिया शंभु गुप्ता, सहादत अंसारी, उपेंद्र चंद्रवंशी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

बीस सूत्री अध्यक्ष ने मंत्री को आवेदन सौंपकर मनरेगा योजनाओं को शुरू कराने की मांग की

धुरकी/गढ़वा (आजाद सिपाही)। बीससूत्री अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने राज्य के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम को लिखित आवेदन सौंपकर धुरकी प्रखंड मे गत एक वर्ष से बंद मनरेगा योजनाओं को स्वीकृती प्रदान कर काम आरंभ करने की मांग की है। इस संबंध मे जानकारी देते हुए बीससुत्री अध्यक्ष ने बताया की धुरकी प्रखंड के सभी पंचायतो मे मनरेगा योजनाओं की प्रसाशनिक स्वीकृती और नये काम बंद रहने के कारण स्थानीय मजदूर भी पलायन करने के लिए विवश हैं। उन्होने मंत्री का ध्यानाकृष्ट कराते हुए कहा की धुरकी प्रखंड सुखाग्रस्त घोषित है। वहीं मनरेगा की कोइ भी योजना चालू नहीं होने के कारण मजदूरों के समक्ष पलायन का रास्ते पर चलने के लिए विवश हो रहे हैं। उन्होने बताया की मंत्री ने उनके आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए राज्य की मनरेगा आयुक्त और गढ़वा उपायुक्त को निर्देश भी दिया है। बीससुत्री अध्यक्ष ने मंत्री को यह भी बताया है की गत सप्ताह उपायुक्त के द्वारा धुरकी मे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया था, वहीं उपायुक्त को धुरकी प्रखंड के सभी मुखिया ने मनरेगा योजनाओ को चालु करने के लिए भी आवेदन सौपा था। बीससूत्री अध्यक्ष ने बताया की मंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया है की शीघ्र धुरकी प्रखंड मे मनरेगा से कुप सेड रोड सहित अन्य काम शुरू किये जायेंगे।

बैठक में नगर निकाय चुनाव को लेकर विशेष चर्चा की

गढ़वा (आजाद सिपाही)। अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा राष्ट्रीय कार्य समिति का बैठक 20 नवंबर 2022 को बिहार क्लब रांची में संपन्न हुई। इस बैठक में नगर निकाय चुनाव को लेकर विशेष रूप से चर्चा किया गयी। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने जरा संघ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी मेंबर उपस्थित थे। बिहार प्रदेश के अध्यक्ष संजय चंद्रवंशी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष रजनी वर्मा, गढ़वा जिला के जिला अध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, पलामू जिला के जिला अध्यक्ष विक्की चंद्रवंशी, पलामू जिला के पूर्व जिला पार्षद शैलू कुमार, सैनी, विजय चंद्रवंशी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र वर्मा, प्रोफेसर उमेश चंद्रवंशी, बहुत से गणमान्य लोग राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में भाग लिए।

ऊर्दू के एक छात्र को पढ़ाने के लिए शिक्षक प्रतिनियुक्त

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा में शिक्षा विभाग ने शिक्षकों की पदस्थापना में अनोखा कारनामा पेश किया गया है। मामाला मझिआंव के आछोडीह प्राथमिक विद्यालय का है। यहां ऊर्दू शिक्षक का पद स्वीकृत नहीं है। बावजूद इसके यहां शिक्षक की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है। यह प्रतिनियुक्ति पूरी क्लास को पढ़ाने के लिए नहीं बल्कि एडमिशन लिए एक स्टूडेंट्स को पढ़ाने के लिए की गई है। शिक्षक प्रतियुक्ति का यह मामला पूरे गढ़वा जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस विद्यालय में पहले से ही 30-1 के अनुपात में पर्याप्त शिक्षक सेवारत थे। आछोडीह प्राथमिक विद्यालय में कुल 121 बच्चे नामांकित हैं. इनमें से एक ही छात्र ऐसा है जिसने ऊर्दू पढ़ने के लिए एडमिशन लिया है। इसे पढ़ाने के लिए जिस ऊर्दू शिक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है, उसका नाम करामत अली अंसारी है। बतौर उर्दू शिक्षक उन्हें बहाल किया गया है. मझिआंव के जिस आछोडीह प्राथमिक विद्यालय में ऊर्दू शिक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है, वहां इसका पद ही सृजित नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि पद सृजन के बिना उर्दू शिक्षक को भेजकर विद्यार्थियों के ऊपर थोप दिया गया है।। ग्रामीणों का कहना है कि दूसरे विद्यालय जहां उर्दू शिक्षक का पद सृजित है और शिक्षक का अभाव भी है, वहां शिक्षक की प्रतिनियुक्ति की जा सकती है। आछोडीह विद्यालय में चार पारा शिक्षक पहले से ही हैं। यहां छात्र-शिक्षक का अनुपात सही है. उल्लेखनीय है कि गढ़वा जिले के प्राथमिक व मध्य विद्यालयों को मिलाकर यहां ऊर्दू शिक्षकों के 327 पद सृजित हैं। जबकि कार्यरत केवल 58 उर्दू शिक्षक ही हैं। इस वजह से उर्दू विद्यालयों में नामांकित विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है। ऐसे में सामान्य विद्यालय में उर्दू शिक्षक को भेजना समझ से परे है।

सुरक्षाबलों ने चलाया लगातार सघन सर्च अभियान

कई विस्फोटक सामग्री बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

रंका। रंका अनुमंडल क्षेत्र के भंडरिया थाना अंतर्गत बूढ़ा पहाड़ के आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षाबलों के द्वारा लगातार सघन सर्च अभियान चलाया जा रहा है। सर्च अभियान के दौरान आज पुनः नक्सलियों के द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने को लेकर छुपा कर रखे गए भारी मात्रा में गोला-बारूद, आइडी, टिफिन बम सहित अन्य सामग्री बरामद हुई है। जानकारी के अनुसार बूढ़ा पहाड़ के बीहड़ जंगलों में कोबरा 203 के ऋटीम एक एवं दो बटालियन एवं सीआरपीएफ कि 172 एवं 62 बटालियन सहित झारखंड जगुआर की संयुक्त टीम द्वारा सघन सर्च अभियान के दौरान जोकपानी नामक घनघोर जंगल में छुपा कर रखे गये निम्नलिखित सामग्रियों की बरामदगी की गई है। बरामद किये गये सामग्रियों में टिफिन बम 120 पीस, विभिन्न मारक क्षमता के आइडी 4 पीस, वायरलेस सेट एक पीस ,एफएम रेडियो एक पीस, कोडेक्स वायर स्विच एक पीस, पंचायत चुनाव के बहिष्कार से संबंधित माओवादी पोस्टर एवं लाल बैनर आदि के नाम शामिल है। सर्च अभियान में कोबरा 203 बटालियन के दितीय कमान अधिकारी कमांडेंट सुभाषचंद्र शीला, अमरेंद्र सहित काफी संख्या में सुरक्षा बल के जवान शामिल थे।

पंच कुंडीय श्री शिवशक्ति महायज्ञ का आयोजन 28 से

सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित भैया रूद्र प्रताप देव हाइ स्कूल के प्रांगण में क्षेत्र की सुख, समृद्धि एवं विश्व कल्याण के लिए पंच कुंडीय श्री शिवशक्ति महायज्ञ का आयोजन आगामी 28 नवंबर से समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से किया जा रहा है। काशी जूना अखाड़ा से आए श्री सागरपुरी नागा बाबा व जलगांव आश्रम जबलपुर से श्री छोटे पूरी नागा बाबा के सानिध्य में 28 नवंबर से 4 दिसंबर तक यज्ञाचार्य पंडित उमेश कुमार शास्त्री के द्वारा संपन्न कराए जाएंगे। पंच कुंडीय श्री शिवशक्ति महायज्ञ में लोगों को कई आकर्षण देखने को मिलेंगे। घास एवं बांस बल्लियों की सहायता से यज्ञशाला का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। इस यज्ञशाला में यज्ञचार्य पंडित उमेश कुमार शास्त्री विधि-विधान एवं मंत्र उच्चारण के साथ यज्ञ हवन संपन्ना करवाएंगे। यज्ञशाला के निर्माण में कोई बाहर के कारीगर नहीं बल्कि गांव के सहयोगियों के साथ अपनी देखरेख में करवाया है। साथ ही महंतो के लिए महायज्ञ परिसर में ही ठहरने के लिए घास-फूस से बनी कुटियाओं का निर्माण कराया जा रहा है।

MINOR IRRIGATION DIVISION, GUMLA

e-Procurement Tender Notice
Two envelope System
Tender Reference No. WRD/MID/GUMLA-F2-21 / 2022-23
Date :- 19.11.2022

1	Name of the work	Construction of Check Dam on Chutia Dhorha Nala Under Block- Basia, District Gumla
2	Estimated Cost (Rs.)	78,70,285=00
3	Time of Completion	11 Months
4.	Date of Publication of Tender on website	02.12.2022 Time 2.00 PM
5.	Last date /Time for Submission of Bids Online	09.12.2022 Time 5.00 P.M.
6.	Last date Time/ Place for receipt of Bids Free Security & other documents.	10.12.2022 Time 5.00 P.M. 1. E.E.M.I.Division Gumla. 2. S.E.M.I.Circle Ranchi. 3. M.I.Design Div. Ranchi.
7.	Date of opening of e-tender	12.12.2022 Time 2.00 P.M.
8.	Name & Address of Office Inviting Tender	Executive Engineer Minor Irrigation Division-Gumla. Karamtoli Road, Gumla.
9.(a) (b)	Contact No. of Procurement officer E-mail of e-Procurement Officer	9431383699 eemidgum@gmail.com
10.	Helpline Number of e-Procurement Cell	0651-2491232

Note :- Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
Executive Engineer,
PR.NO.282865 Minor Irrigation(22-23):D Minor Irrigation Division, Gumla.

धांगरडीहा गांव के मुसहर परिवारों से मिले डीसी

समस्याओं को सुन संबंधित पदाधिकारियों को दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा दिनांक 19 नवंबर 2022 को कल्याणपुर पंचायत अंतर्गत धांगरडीहा गांव के अत्यंत दयनीय स्थिति में रह रहे मुसहर परिवारों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनने के बाद संबंधित पदाधिकारियों को दिये गये निर्देश के आलोक में कल दिनांक 20 नवंबर 2022 को उक्त गांव में कैंप लगाकर सभी का आधार कार्ड निर्माण, राशन वितरण, राशन कार्ड का निर्माण, पेंशन योजना से आच्छादित करने, आवास मुहैया कराने, वन पट्टा देने एवं उनके बच्चों को स्कूल में नामांकन कराने के लिए कैंप का आयोजन किया गया। कैंप आयोजित करके सभी उपस्थित लगभग 40 मुसहर परिवारों के आधार कार्ड निर्माण हेतु एनरोलमेंट का कार्य पूर्ण किया गया। शेष बचे ग्रामीण जो मौके पर उपस्थित नहीं हो सके उनके लिए दोबारा कैंप लगाकर आधार निर्माण का कार्य कराया जाएगा। प्रति परिवार पैतीस-पैतीस किलोग्राम खाद्यान्न का वितरण किया गया। सभी को भूमि व आवास दिलाने हेतु ग्राम सभा का आयोजन कर वन पट्टा देने का निर्णय लिया गया। वृद्धावस्था पेंशन के तहत बचिया मुसहरीन, राजकुमार मुसहर, रामप्रीत मुसहर, रामवृक्ष मुसहर एवं गंगाजली मुसहरीन को पेंशन योजना से आच्छादित करने का कार्य किया गया। उनके बच्चों को स्कूल में नामांकन कराने हेतु जिला शिक्षा अधीक्षक को सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण करने को निर्देशित किया गया। उक्त मौके पर उपायुक्त श्री घोलप ने कहा कि दयनीय स्थिति में रह रहे सभी मुसहर परिवारों को सरकारी योजनाओं से आच्छादित करने का कार्य जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है।

आयोजित कैंप में ये रहे उपस्थित

आयोजित कैंप में निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम, विशेष कार्य पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, एडीएसएस नीतीश कुमार निशांत, अंचल अधिकारी गढ़वा कुमार मयंक भूषण, डीपीओ यूआईडी गिरीश्वर सिंह एवं पंचायत के मुखिया अशोक कुमार चंद्रवंशी सहित कई पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थें।

कार्यालय, झुमरीतिलैया नगर परिषद

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना सं0– J.M.C/ 05/2022-23 (2nd Call) Date – 21-11-2022

कार्य का विवरण–

क्रं0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	निविदा शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
1. 1	Construction of RCC Drain From Birendra Yadav House Near Culvert To House Of Manoj Sinha in Ward No-09 Under Jhumritelaiya Nagar Parishad Koderma.	2250200.00	46000.00	5000.00	120 दिन

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 28.11.2022 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 05.12.2022 अपराहन 5.00 बजे।
4. हार्ड कॉपी में निविदा प्राप्ति की तिथि : 06.12.2022 अपराहन 4.00 बजे स्थान कार्यालय नगर परिषद झुमरी तिलैया
5 निविदा खोलने की तिथि : 06.12.2022 अपराहन 5.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7903772765, 9798062988
7. नगर विकास एवं आवास विभाग में निवंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
8. अग्रधन की राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट ही केवल मान्य होगा।
नोट :– केवल ई–निविदा ही मान्य होगा।
विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

ह0/–
प्रशासक
झुमरीतिलैया, नगर परिषद

PR 282943 (Urban Development) 22-23 (D)

प्रधानमंत्री सड़क योजना में घोर अनियमितता, ग्रामीणों में रोष

सूचना मिलने पर वनपाल परमजीत तिवारी ने मायापुर और पहाड़कोचा में अवैध बोल्डर को जब्त किया

आदर्श कुमार

गारू। गारू प्रखंड अंतर्गत प्रधानमंत्री सडक योजना के द्वारा रामसेली नावाटोली से पहाड़कोचा रोड एवं बारेसाढ बस स्टैंड से मायापुर रोड तक कार्य कराया जा रहा है। जिसकी लंबाई क्रमशः 5.23 कि मी एवं 4.00कि मी है।सडक कार्य ए.के एंड आर के वेंचर जे भी कंस्ट्रशन के द्वारा कराया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य मे संवेदक द्वारा भारी अनियमितता बरती जा रही है। सडक निर्माण कार्य नाबालिग छात्र छात्राओ से कराया जा रहा है। सडक निर्माण कार्य मे वन विभाग से अवैध बोल्डर का धड़ल्ले से प्रयोग किया जा रहा है। जिसकी जिसकी सूचना मिलने पर वन पाल परमजीत तिवारी ने मायापुर एवं पहाड़कोचा में अवैध बोल्डर को जब्त किया। सड़क के किनारे बगल से ही रैयतो के मिट्टी का कटाव कर सड़क निर्माण कार्य में लगाया जा रहा है। जिससे रैयतों के जमीन में गढ्ढा हो जा रहा है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है रैयतों के मना करने पर भी मिट्टी का कटाव किया जा रहा है। इस विषय मे मुखिया सुभाष सिंह ने कहा कि संवेदक को कहा गया है लेकिन संवेदक नहीं मान रहा है, संवेदक के लापरवाही से रैयतो के जमीन भी खराब होते जा रहा है।

बोर्ड मे प्रकलित राशि का उल्लेख नहीं : सड़क निर्माण कार्य के लिए संवेदक द्वारा जो बोर्ड लगाया गया है जिसमे प्रकलन राशि को दशार्या नहीं गया है एवं आधी अधूरी ही जानकारी दी गयी है। सड़क निर्माण कार्य मे मिट्टी में रोलर से मिट्टी को दबाये बिना ही पीसीसी पथ की ढलाई करवाई जा रही है, जबकि कार्य में मिट्टी मे पानी डालकर रोलर से दबाये जाने के बाद ही पीसीसी पथ का निर्माण कराया जाना है। ग्रामीण राजेंद्र प्रसाद, ओम प्रकाश प्रसाद, संजय लोहरा, मुनेश ब्रिजिया, गेंदा लोहरा समेत अन्यो ने कार्य को अनियमितता पूर्ण बतलाते हुए जांच की मांग किया है।ग्रामीण डेविड टोप्पो ने बतलाया की जहां पुलिया की जरुरत ही नहीं है सड़क के बिचो बीच मिट्टी को काट कर जबरन पुलिया बैठाया जा रहा है। पूछने पर संवेदक के मुंशी ने कहा की हर 100 मीटर पर पुलिया बैठाने की स्वीकृति मिली है।

लोहरदगा के कराटे खिलाड़ियों ने कराटे में जीते तीन सिल्वर सहित नौ मेडल

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। जिला कराटे संघ के खिलाड़ियों ने हरिवंश राय टाना भगत इंडोर स्टेडियम होटवार रांची में आयोजित तीन दिवसीय राज्यस्तरीय कराटे चैम्पियनशिप में अपनी कला का शानदार प्रदर्शन करते हुवे तीन सिल्वर तथा छःब्राउंज मैडल पर अपना कब्जा जमाकर राज्य में लोहरदगा जिला का नाम रौशन किया जिसमें लोहरदगा कराटे कल्ब के आदर्श उरांव ने बालक वर्ग 9 वर्ष के अंडर 50 किलो वजन कुमिते में (फाईट) ने प्रतिद्वंद्धी को पछाड़ते हुवे दुसरे स्थान प्राप्त कर सिल्वर मैडल पर अपना कब्जा जमाया, वहीं संतुष्टी महली ने 7 वर्ष बालिका अंडर 25 किलो वजन कुमिते में अपने प्रतिद्वंद्धी को अपना लोहा मनवाते हुवे दुसरे स्थान प्राप्त कर सिल्वर मैडल की हकदार बनी तथा स्काई अप पब्लिक स्कूल कुम्हरिया के अनुज कुमार साहु बालक वर्ग 10 वर्ष अंडर 35 किलो भार में रामगढ़ के खिलाडी को हराकर दुसरे स्थान पर रहे और सिल्वर मैडल पर अपना कब्जा जमाया वही इसी स्कूल की नैना कुमारी ने 11 वर्ष बालिका वर्ग अंडर 35 किलो भार में तृतीय स्थान पर रहीं तथा लक्ष्य कुमार मोदी, आनंद उरांव, रुबी कुमारी ने अपने अपने प्रतिद्वंद्धी को पछाड़ते हुवे तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्राउंज मैडल के हकदार बने तथा लोहरदगा जिला कराटे संघ के यश उरांव ने भी बालक वर्ग 7 वर्ष अंडर 25 किलो वजन कुमिते में रांची के खिलाड़ी को हराकर तृतीय स्थान पर रहे और ब्राउंज मैडल अपने नाम किया। इस मौके पर स्पोर्टस कराटे एसोसिएशन के सचिव सेंसेई केके सिंह, उपाध्यक्ष सिहान मानस सिन्हा, सेसेई हेजाज असदक ने पुरे लेहरदगा के विजेता टीम को बधाईयां दी।

किसान गोष्ठी और फसल प्रदर्शनी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

चंदवा। चंदवा के गांव मे किसानों के बीच किसान गोष्ठी एवं फसल प्रदर्शन का आयोजन किया गया, कंपनी के सेल्स ऑफिसर गौरव सिंह ने किसानों को कहा की एस 4003 धान दो नंबर जमीन में अधिक उपज देने वाला धान है एस 4003 के बाली लम्बी एवं घनी होती है और दाने वजनदार होते है जिससे एक एकड जमीन में दूसरे धान के अपेक्षा पाच किविंटल ज्यादा उपज देती है। वहीं बोरसीदाग और जिलिंग के किसानों ने एस 4003 धान देखने के बाद बहुत हीं खुशी जाहीर की है वहां के किसानों ने कहा की आने वाले खरीफ सीजन में हमलोग एस 4003 लगाएंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे। किसान ने एक स्वर में नारा दिया और कहां पड़े हो चक्कर में, कोई नही है एस 4003 के टक्कर में साथ ही साथ एस 4003 विजयी भवःका भी नारा लगाया गया, इस किसान गोष्ठी एवं फसल प्रदर्शन में चंदवा ब्लॉक के मार्केटिंग डेवलपमेंट ऑफिसर देवसुंदर यादव ने किसानों के बिच धान में लगने वाले मुख्य रोग बीमारी फाल्स स्मर्ट, तना, बीपीएच, बीएलबी, जैसे लक्षण एवं उसके रोक थाम के बारे में विस्तृत रूप से बताया, साथ ही लातेहार से आए हुए मनोज यादव ने भी किसानों को धान के बीमारी और एस 4003, मक्का एनके 30, एनके 7328 के गुणवत्ता के बारे में भी बताया इस किसान गोष्ठी में चंदवा स्थानीय दुकानदार राजेश राम, संदीप कुमार, मुकेश नाथ, शाहबाद आलम, योगेश गिरी, राजकिशोर कुमार, धर्मप्रकाश सोनी, दिनेश प्रजापति, देवेंद्र प्रजापति, मुकेश महतो के अलावे किसान योगेश मुंडा, राजेश मुंडा, बिंदेश्वर गंझू, उदय प्रसाद समेत लगभग 300 किसान उपस्थित थे।

मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची में युवा मतदाताओं को नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार एवं बीडीओ के नेतृत्व में कस्तुरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय, लातेहार में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को मतदान तथा मतदाता के अधिकार, भारत निर्वाचन आयोग तथा निर्वाचन हेतु नये मतदाताओं के पंजीयन संबंधी जानकारी दी गयी। छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में आधार लिंक कराने संबंधी जानकारी दी गयी। युवा मतदाताओं को मतदान की आवश्यकता उनकी भूमिका एवं पंजीयन के संबंध में जानकारी दी गयी। इस दौरान जानकारी देते हुए कहा गया की वर्तमान में जिनकी उम्र-17 वर्ष है तथा आगामी वर्ष 2023 को जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण होगी ऐसे नवीन मतदाताओं का नाम पात्रता अनुसार अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने की अपील की गयी। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुर्नरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत मतदाता जागरूकता के लिए जिलेभर में अभियान संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत नये प्रपत्र-6, 7 एवं 8 में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपित करने या मतदाता सूची में दर्ज जानकारी को संशोधित करने की जानकारी दी गयी।

चंदवा में जेजेएमपी ने लेवी को लेकर सड़क का काम बंद कराया

आजाद सिपाही संवाददाता

चंदवा। चंदवा शहर से महज 5 किलोमीटर दूर एक महुआ से अमझरिया तक सड़क निर्माण किया जा रहा है लगभग 2 महीने से सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है रविवार के शाम लगभग 4:30 बजे दो मोटरसाइकिल सवार लोगों ने बघोतासेमर के पास हथियार के साथ दो मोटरसाइकिल सवार लोग पहुंचे और काम कर रहे मजदूर को धमकाया वहीं पास में मुंशी से उसका मोबाइल भी छीन लिया गांव के ही कुछ लोग उस जगह पर गए हुए थे उन लोगों का भी मोबाइल फोन छीन लिया गया और जेजे एमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहरा से वीडियो कॉल में बात कर आया और उसके बाद कहां की अभिलंब काम बंद कर दिया जाए बंद नहीं किए जाने पर फौजी कार्रवाई की जाएगी सड़क निर्माण में लगे मजदूर और मुंशी जेसीबी ऑपरेटर खलासी और पूर्व उप मुखिया का मोबाइल छीन लिया उपस्थित लोगों ने कहां की कुछ देर दूर जाने के बाद हवाई फायर भी किया लगभग 5 लोगों का मोबाइल फोन लूट कर ले गये जानकारी चंदवा पुलिस को संवेदक द्वारा दिया गया जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी बबलू कुमार ने घटनास्थल पर जाकर जानकारी लिया और पुलिस की टीम छापेमारी लगातार कर रही है। इधर घटना के बाद मजदूर में हड़कंप मचा है सड़क निर्माण कार्य में कोई मजदूर कार्य करने नहीं आए। जिससे काम अभी पूरी तरह बंद है। घटना के बाद थाना प्रभारी बबलू कुमार से पूछा तो उन्होंने कहा कि जो लोग भी ऐसी घटना किया है उसको कानूनी कार्रवाई की जाएगी और सड़क निर्माण कार्य भी कराया जायेगा।

यू डाइस प्लस की ऑनलाइन प्रविष्टि हेतु कार्यशाला आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के तत्वाधान में सभी बीपीओ, सीआरपी, एमआईएस कोऑर्डिनेटर, रिसोर्स टीचर, सहायक और कनीय अभियंता आदि की यू डाइस प्लस 2022-23 की ऑनलाइन प्रविष्टि हेतु कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यालय सभागार में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, लोहरदगा की अध्यक्षता में की गयी। उक्त प्रशिक्षण सत्र में एसीपी, श्याम कुमार चौधरी द्वारा ऑनलाइन प्रविष्टि की जानकारी स्टेप दर स्टेप दी गयी। जिसमें सभी सरकारी, गैर सरकारी, निजी और सहायता प्राप्त 1 से 12 तक संचालित विद्यालयों की सम्पूर्ण जानकारी ऑनलाइन दर्ज की जानी है। इससे पूर्व उक्त सभी कोटि के विद्यालयों को एसडीएमआइएस सत्र 2021-22 को अद्यतन कर फ्रीज किया जाना है। ज्ञात हो कि एसडीएमआईएस के आधार पर ही यू डाइस प्लस का नामांकन और छात्रों का अन्य डेटा भरा जाना है। अतः प्राथमिकता के आधार पर सभी विद्यालय को एसडीएमआइएस अपडेट कर फ्रीज करने का निदेश दिया गया। यू डाइस प्लस अंतर्गत विद्यालय की आधारभूत जानकारी, उपलब्ध संसाधन, भवन, शौचालय, पेयजल आदि की जानकारी ऑनलाइन ही भरी जानी है। प्रशिक्षण में श्याम बिहारी यादव, रियाजुद्दीन अंसारी,ओम प्रकाश रंजन, प्रकाश रंजन, रणविजय खलखो, संतोष कुमार, जीतेन्द्र मित्तल, धर्मेंद्र सोनी, उपेंद्र ठाकुर, निधि गुप्ता, संजीव कुमार, दिनबंधु डे, सुशील रजक इम्तियाज अहमद,जावेद अंसारी, पवन साहू, रामपाल प्रजापति सहित सभी झारखंड शिक्षा परियोजना कर्मी उपस्थित थे।

पासवान समाज की पंचायत स्तरीय बैठक

बालूमाथ। रविवार को दशरथ पासवान (प्रखंड अध्यक्ष) पासवान समाज बालूमाथ की अध्यक्षता में बसिया पंचायत अंतर्गत नगड़ा ग्राम में पासवान समाज की पंचायत स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम नगड़ा निवासी बासुदेव पासवान के द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत दुसाध शिरोमणि बाबा चौहरमल के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिसमें पूर्व विधायक माननीय बालजीत राम, जिला कमिटि सदस्य नंदलाल पासवान, प्रखंड कमिटि बालूमाथ के उपाध्यक्ष जय प्रकाश पासवान, सचिव राजकिशोर पासवान, बालूमाथ पंचायत अध्यक्ष अरुण पासवान, धाधू पंचायत अध्यक्षा बबिता देवी, चितरपूर से महावीर पासवान, कांती देवी, मालती देवी, चुनमुनी देवी, बबीता देवी, कुंती देवी, चेताग पंचायत अध्यक्ष मुकेश पासवान, देवेन्द्र पासवान, राधेश्वर पासवान, झाबर पंचायत के मिडिया प्रभारी मोनू कुमार पासवान, बसिया पंचायत अध्यक्ष नंदलाल पासवान, बालेश्वर पासवान, बासदेव पासवान, जयनाथ पासवान, संजय पासवान, प्यारी पासवान, ओमप्रकाश पासवान, जितेन्द्र पासवान, मारंगलोईया से धनेश्वर पासवान, कुकुरभूका से प्रितम पासवान आदि लोग उपस्थित होकर सामाजिक एकता, अखंडता एवं समरुपता, बनाते रखने का संकल्प लेते हुए अपना अपना विचार व्यक्त किये।

प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

मनिका (लातेहार)। मनिका सोमवार को हाय स्कूल के मैदान में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन की गयी जिसमें प्रखंड क्षेत्र के 54 मध्य विद्यालय 6 से 8 क्लास तक के छात्र-छात्राएं ने भाग लिया जिसमें कबड्डी फुटबॉल वॉलीबॉल लोंग जंप हाई जंप करारे इत्यादि खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन की गयी जिसमें प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय से लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया प्रखंड में अच्छे प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका दिया जायेगा।

बरवाडीह में परिवार कल्याण दिवस पर चलाया गया जागरूकता अभियान

बरवाडीह। परिवार कल्याण दिवस प्रत्येक माह 21 तारीख को मनाया जाता है। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरवाडीह एवं हेल्थ एंड वैलैंट सेंटर पर परिवार नियोजन को लेकर जागरूकता अभियान चलाने समेत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक ने दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश की अभियान का उद्देश्य जनसंख्या वृद्धि को रोकना है। भारत की जनसंख्या चीन की जनसंख्या के करीब पहुंचने वाली है। अभियान के तहत रैली निकालकर दो बच्चा, सुखी परिवार का संदेश दिया जाएगा। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीपीएमयू, पीएसआई प्रतिनिधि, बीटीटी, सहिया साथी, परिवार नियोजन से संबंधित कर्मी मौजूद थे।

दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन

बरवाडीह। खेलों झारखंड 2022-23 कार्यक्रम के तहत बीआरसी बरवाडीह के तत्वावधान में क्षेत्र के विभिन्न स्कूली विद्यार्थियों के लिए प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन रेलवे स्पोर्ट्स क्लब में किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख सुशीला कुमारी, बीडीओ, मुखिया कालो देवी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद शिक्षा विभाग के बीपीओ कामेश्वर सिंह दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों के बीच में दौड़, रिले, रेस, भाला फेंक, हॉकी, फुटबॉल जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। प्रतियोगिता के उपरांत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। प्रमुख सुशीला कुमारी के द्वारा छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए खेलकूद की जरूरत है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में खेल के माध्यम से भी सफलता प्राप्त की जा सकती है। जिसके लिए खेल पर भी ध्यान देने की जरूरत है। मौके पर दिलीप सिह यादव,सुनील सिंह, जितेंद्र कुमार,मनोहर यादव समेत विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक और प्रधानाध्यापक मौजूद थे।

पेट्रोल पंप और जेवर दुकान के सीसीटीवी कैमरे की हुई जांच

लोहरदगा। जिला में आये दिन बढ़ते अपराधिक की घटनाओं को लेकर लेकर जिला के सभी थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाते हुए अपराध नियंत्रण को ले जिले भर के बैंक, पेट्रोल पंप, जूलरी शॉप में लगे सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा गार्ड सभी प्रकार के वाहनों की जांच मेत सुरक्षा के अन्य इंतजामों की जांच की। लोहरदगा एसपी आर रामकुमार के निर्देश पर यह अभियान चला। हाल के दिनों में चोरी और अन्य अपराधों में इजाफा हुआ है। इसे देखते हुए पुलिस ने यह कदम उठाया है। सभी दुकानदारों से कहा गया कि वह अपने सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त रखें साथ ही सुरक्षा गार्ड प्रत्येक गतिविधियों पर पैनी नजर बनाये रखें।

मारपीट करने का मामला दर्ज

कैरो/लोहरदगा। कैरो थाना में छेड़छाड़ और मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। कैरो थाना के थाना मुख्यालय गांव के जगु महतो के पुत्र राजकुमार महतो ने कैरो नवाटोली निवासी जलील खान के दो पुत्र लुटुवा खान, कलुवा खान व गोलू खान के विरुद्ध गर्भवती के साथ छेड़छाड़ व मारपीट करने के आरोप में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया। लिखित आवेदन के अनुसार कैरो थाना कांड संख्या 49/22 धारा 341 323 307 354 504 506/34 भादवि के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गयी।

नगरपालिका निर्वाचन से संबंधित बैठक हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता में नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2022-23 से संबंधित बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में सभी निवार्ची पदाधिकारी और सहायक निवार्ची पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में सभी निवार्ची पदाधिकारी और सहायक निवार्ची पदाधिकारियों को जानकारी देते हुए उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) द्वारा नगरपालिका आम निर्वाचन 2022-23 में अभ्यर्थियों के नामांकन शुल्क, अभ्यर्थियों को नाम निर्देशन पत्र क्रय किये जाने के समय दिये जाने वाले आवश्यक प्रपत्र एवं व्यय पंजी, अभ्यर्थियों की योग्यता, नाम निर्देशन पत्र, प्रस्ताव व समर्थक की योग्यता, भरा हुआ नाम निर्देशन व आवश्यक चेकलिस्ट, नाम निदेशन के समय दो सेट में विहित प्रपत्र प्राप्त करना, भरा हुआ नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करते समय आवश्यक सावधानियां रखना व आवश्यक प्रपत्रों की जांच करना, चेक लिस्ट से सही मिलान करना, अभ्यर्थी का शपथ पत्र भरे जाने, आवश्यक प्रमाण पत्रों की प्रति प्राप्त करना, अभ्यर्थी के व्यय हेतु आकलन के लिए अभ्यर्थी का नया बैंक खाता खुलवाना, भरा हुआ नामांकन पत्र जमा करते समय निवार्ची पदाधिकारी द्वारा अभ्यर्थी को व्यय पंजी देना, प्रपत्र-8,10,11 व 12 की प्रति देना, व्यय जांच कराने के लिए तिथि की जानकारी देना, जीरो एरर के साथ नाम निर्देशन किये हुए पत्रों की स्क्रूटनी करना, नाम निर्देशन पत्रों की बिक्री व नाम निर्देशन संबंधी प्रतिदिन का प्रतिवेदन देना संबंधी जानकारी दी गयी। सभी निवार्ची पदाधिकारियों व सहायक निवार्ची पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि अपने-अपने वार्ड अंतर्गत मतदान केंद्रों की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें। बैठक में वार्ड संख्या 6-10 के निवार्ची पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारी कुडू प्रवीण कुमार सिंह, वार्ड संख्या 11-15 के निवार्ची पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारी सेन्हा विजय कुमार, वार्ड संख्या 16-20 तक के निवार्ची पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारी किस्को बुड़ाय सारू, वार्ड संख्या 21-23 के निवार्ची पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारी कैरो कमलेश उरांव और वार्ड 1-23 के सभी उप निवार्ची पदाधिकारी उपस्थित थे।

थाना प्रभारी के रूप में बिंदेश्वर महतो ने कार्यभार संभाला

बारियातु। बारियातु स्थित बरछिया में बने नवनिर्मित थाना में थाना प्रभारी मुकेश चौधरी के प्रशिक्षण में चले जाने के पश्चात थाना के पुलिस अवरनिरिक्षक बिंदेश्वर महतो ने प्रभारी थाना प्रभारी के रूप में पदभार संभाला। प्रभार के बाद थाना प्रभारी महतो ने बताया कि इससे पुर्व मैं हेरहंज थाना में पुलिस अवरनिरिक्षक के पद पर कार्यरत थे। लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार तबादला कर बारियातु के नये थाना में पदस्थापित किया गया। थाना प्रभारी मुकेश चौधरी के प्रशिक्षण में चले जाने के कारण मुझे थाना का प्रभार सौंपा गया। उन्होंने आगे बताया कि थाने में दो पुलिस अवरनिरिक्षक के रूप में रवि कुमार व दीपक नारायण सिंह एवं तीन सहायक अवरनिरिक्षक द्वारिकानाथ पांडेय, मुख्तार अंसारी व बालेश्वर गंझु के अलावा पुलिस बल कार्यरत हैं। आगे कहा कि मेरा उद्देश्य क्षेत्र में नक्सलवाद, और अपराध पर अंकुश लगाते हुए क्षेत्र को भयमुक्त वतावरण स्थापित करना एंव जनताओं से समन्वय बना कर क्षेत्र को शांति पुर्ण वातावरण में रखना मेरा प्राथमिकता होगा।

अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त

बालूमाथ। बालूमाथ पुलिस ने एक अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया की शनिवार देर रात लातेहार एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर उनके निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। और बालूमाथ थाना क्षेत्र के गणेशपुर ग्राम के पास छापेमारी कर अवैध कोयला लदा ट्रक जेएच0ासीजे 7129 को पकड़ा गया। हालांकि इस दौरान पुलिस को देखकर ट्रक चालक अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। आगे उन्होंने बताया कि अवैध कोयला लदा ट्रक टंडवा थाना क्षेत्र के इदू ग्राम से अवैध कोयला लादकर बालूमाथ की ओर आ रहा था इसी दौरान पकड़ा गया। पकड़े गये ट्रक में करीब 25 टन अवैध कोयला लदा हुआ है। जिसकी बाजार अनुमानित कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है।वही छापेमारी दल में थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद,अमरवाडीह पिकेट प्रभारी प्रेम कुमार सहित शस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

हिरासत से पशु तस्करी के आरोपी को जबरन छुड़ाया, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

सिसई (आजाद सिपाही)। पुलिस पर हमला कर पशु तस्करी के आरोपी को हिरासत से छुड़ाकर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामला रविवार का है। इस मामले में एएसआइ कमलेश प्रसाद के आवेदन पर सिसई बस्ती निवासी एनुल अंसारी, ऐनुल की पत्नी रजिया खातुन, बेटा महफुज अंसारी, बेटी नाजिया परवीन, हबीब अंसारी, जुल्लू अंसारी, शोएब अंसारी, ईसाक अंसारी, नाजीज परवीन सहित 30-40 अज्ञात लोगों के विरुद्ध पुलिस पर हमला करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, सहित कई धाराओं पर केस दर्ज किया गया है। उक्त मामले के आरोपी ऐनुल अंसारी (45) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। इस बावत थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि सिसई बस्ती निवासी ऐनुल अंसारी पर पूर्व से पशु तस्करी करने को लेकर बीते 17 सितंबर को नामजद प्राथमिकी दर्ज हुई थी। तब से आरोपी फरार चल रहा था, गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस टीम उसके घर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर कागजी कार्रवाई करने की प्रक्रिया कर रही थी, इसी दौरान करीब 35-40 की संख्या में परिवार और ग्रामीण लाठी डंडे एवं पत्थर बाजी करते हुए पुलिस से हाथापाई और मारपीट कर पुलिस हिरासत से ऐनुल को जबरन छुड़ाकर ले गये। रविवार रात को गुप्त सूचना मिली की पशु तस्करी का आरोपी ऐनुल सिसई बस्ती के ही कुदरत अंसारी के घर में हैं, जहां से उसे गिरफ्तार कर लिया गया और सोमवार को उसे जेल भेज दिया गया है।

विशेष बैठक का आयोजन किया

जारी (आजाद सिपाही)। जारी प्रखंड में आज सोमवार को प्रखंड अल्बर्ट एक्का जारी मे प्रखंड सभागार में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सुमन गुप्ता के द्वारा किया गया। इस बैठक मे मुख्यतः मनरेगा से संबंधित कार्यो पर विस्तार रूप से चर्चा किया गया। तथा वॉटर संस्था के द्वारा जीवी दाः हासा परियोजना के अंतर्गत किया गया प्लानिंग का क्रियान्वयन शुरू करना है इस पर भी चर्चा किया गया मेट का मनरेगा कार्यो मे क्या क्या भूमिका होनी चाहिए मास्टर रोल समय पर निकाले जॉब कार्ड बनाने इत्यादि पर विशेष रूप से चर्चा किया गया। साथ ही साथ आजीविका पर भी चर्चा किया गया जैसे मछली पालन, बागवानी, खेतिबारी के बारे भी वॉटर संस्था के द्वारा बताया गया। वॉटर संस्था से हंसिका कुमारी, मो. नसीम आलम, मृत्युंजय महतो एवं 7 सीआरपी उपस्थित थे। ब्लॉक से बीडीओ, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सेवक और पंचायत से नव निर्वाचित पंचायत के सभी मुखिया तथा मनरेगा महिला मेट भी उपस्थित थे।

एसआइ और एएसआइ को फॉर्म भरने का दिया प्रशिक्षण

गुमला (आजाद सिपाही)। जिला परिवहन पदाधिकारी गुमला विजय सिंह बिरूवा के निदेर्शानुसार सड़क सुरक्षा सेल के आइटी सहायक मंटू रवानी द्वारा गुमला थाना के एसआई खुशबू वर्मा, एसआइ विवेक चौधरी,एसआइ संजीत कुमार एसआइ मौजामिल, एसआइ प्रेम सागर सिंह, एसआइ बुलेट गोराइ, एएसआइ राधेश्याम सिंह ,एएसआइ राघोपूर्ती, एएसआइ सागीर आलम, एएसआइ बबलू एवं एएसआइ जावेद अख्तर को मोबी टैब एवं ऑफलाइन एक्सीडेंट रिकॉर्डिंग फॉरमैट भरने के विषय में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान टैब के माध्यम से प्राथमिकी के साथ-साथ संलग्न 14 बिंदुओं के फॉर्म की प्रविष्टि करने तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में ब्लैक स्पॉट एवं वल्नरेबल स्पॉट को चिंहित करने की प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई एप्स के माध्यम से जीपीएस लोकेशन भरवाने के साथ ही साथ हिट एंड रन संबंधित जानकारी भी दी गई।

बाइक और कार की सीधी भिड़ंत में युवक घायल

सिसई (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के ड़ाडहा सामटोली के समीप नेशनल हाईवे-43 में सोमवार को बाइक और कार की सीधी भिड़ंत में बाइक सवार सिसइ टंगरा टोली निवासी शरीफ अंसारी का पुत्र सगीर अंसारी (20) गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर घायल को रेफरल अस्पताल भेजा, जहां समाचार लिखे जाने तक उसका इलाज चल रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार सगीर अंसारी अकेले हीरो स्पलेंडर जेएच 07 जे 1628 सिसई से रांची की ओर जा रहा था, इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रहे सेंट्रो कार जेएच 01 सीयू 4445 के बीच में आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं कार सवार लोगों को मामुली चोटें आयी हैं ? टक्कर इतनी जोरदार थी की दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बाइक सवार बना हेलमेट के बाइक चला रहा था, उसे सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगी है।

मेडिकल टीम ने प्राइवेट हॉस्पिटल और क्लीनिक की जांच की

सिसई (आजाद सिपाही)। उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देश पर सोमवार को मेडिकल जांच टीम के द्वारा थाना रोड, मेन रोड, बाजार टांड़ में चलाये जा रहे प्राइवेट हॉस्पिटल और क्लीनिक का जांच किया गया। इसकी जानकारी होते ही कई क्लीनिक बंद करके संचालक फरार हो गये। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी गोपाल कृष्ण कुंवर ने बताया कि गुमला जिला के गुमला सिसई भरनो के प्राइवेट हॉस्पिटल, क्लीनिक का जांच किया गया। जांच के दौरान कई त्रुटियां पाया गया। सिसई में 20 क्लीनिक को जांच किया गया, जिसमें 8 सही और अन्य को अवैध पाया गया। इसकी रिपोर्ट वरीय पदाधिकारियों को दिया जायेगा। इस छापामारी टीम में अपर मुख्य शल्य चिकित्सा पदाधिकारी प्रमोद कुमार सिन्हा, डीएमसी विमल कुमार, सिसई थाना के प्रदीप कुमार शामिल थे।

गुमला पुलिस को मिली बड़ी सफलता

पीएलएफआइ के तीन उग्रवादी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। जिला की बसिया पुलिस ने एसपी एहतेशाम वकारीब को मिली सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के किंदिरकेला पहाड़ी के समीप से पीएलएफआइ संगठन के तीन उग्रवादियों को देसी पिस्तौल एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। सोमवार को एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बसिया एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि किंदिरकेला पहाड़ी के समीप पीएलएफआइ के सक्रिय सदस्य प्रेम लोहरा अपने साथियों के साथ मिलकर किसी घटना को अंजाम देने की तैयारी में है। एसपी से मिले निर्देश के तहत पुलिस बल द्वारा उक्त स्थान की घेराबंदी की गई तो पुलिस बल को देख उग्रवादी भागने लगे।

उग्रवादियों के पास से कई सामान बरामद

इसी क्रम में पुलिस बल द्वारा तीन उग्रवादी जिनमे प्रेम लोहरा, बसंत लोहरा और कुलदीप केरकेट्टा को गिरफ्तार कर लिया गया। उग्रवादियों के पास से एक देशी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस, आठ मोबाइल और एक बजाज कंपनी का मोटरसाइकिल बरामद किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों के खिलाफ बसिया, पालकोट और कोलेबिरा थाना में कई मामले दर्ज है।

पुलिस पब्लिक मीटिंग का हुआ आयोजन

ग्रामीणों को जानकारी दी गई डायन बिसाही कुछ नहीं होता है लोग बीमार पड़े तो चिकित्सा सेवा ले

आजाद सिपाही संवाददाता

डुमरी। डुमरी थाना क्षेत्र आदिम जनजाति विरोध कॉलोनी में ग्रामीणों की उपस्थिति में पुलिस पब्लिक मीटिंग किया गया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को मानव तस्करी, नशा पान, साइबर अपराध, डायन बिसाही, सरकार के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम के संबंध में जागरूक किया गया। जिसमें स्थानीय मुखिया जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण शामिल हुए। सभी ग्रामीणों को जानकारी दी गई डायन बिसाही कुछ नहीं होता है लोग बीमार पड़े तो चिकित्सा सेवा ले उन्होंने कहा कि शिक्षा के अभाव के कारण लोग ऐसे कृतियों से जकड़े हुए हैं, उन्होंने कहा कि हत्या करना कानूनी अपराध है। मौके पर सहस्त्र थाना बल मौजूद रहें।

युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

सिसई (आजाद सिपाही)। भरनो थाना क्षेत्र के जुरा गांव निवासी अजीत उरांव (19) को सिसइ पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस बावत थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि कुंहार मोड़ निवासी रेखा कुमारी ने तीन माह पूर्व आत्महत्या कर लिया था। घटना को लेकर मृतिका की मां चंपु देवी ने अजीत उरांव पर अपनी बेटी से दो वर्षों से प्रेम प्रसंग में साथ रहने के बाद शादी से इंकार करते हुए मानसिक प्रताड़ित करने और बेटी को आत्महत्या के लिए उकसाने को लेकर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। गुप्त सूचना पर अजीत को उसके घर से गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया है।

पुराना थाना परिसर में बन रहे भवन निर्माण का निरीक्षण

गुमला (आजाद सिपाही)। उपायुक्त सुशांत गौरव ने गुमला शहरी क्षेत्र अंतर्गत केंद्रीय पुस्तकालय, साइंस लैब, कृष्णा छात्रावास, पुराना थाना गुमला अंतर्गत बन रहे भवनों के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उप विकास आयुक्त के अलावा संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने नये केंद्रीय पुस्तकालय भवन का जायजा लिया, उपायुक्त ने दीवारों पर पड़े सीलन को ठीक करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में उपायुक्त ने विज्ञान भवन में चल रहे निर्माण/मरम्मती कार्य का भी निरीक्षण किया। उपायुक्त ने साइंस बिल्डिंग में टिकट काउंटर बनाने, दरवाजों में ग्रिल लगवाने सीसा की साफ-सफाई एवं पेंटिंग कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने विज्ञान भवन में पड़े अनूपयोग सामान को दूसरे जगह शिफ्ट करने का निर्देश दिया गया। बिल्डिंग निर्माण कार्य करने वाले कॉन्ट्रैक्टर्स को 15 दिसंबर से पुर्व कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने विज्ञान केंद्र के दीवारों में विज्ञान से संबंधित वॉल पेंटिंग कराने का निर्देश दिया गया। कृष्णा छात्रावास में बन रहे नये भवन के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने छात्रावास की झाड़ियों की साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया। उन्होंने छात्रावास में बच्चों के लिए मनोरंजन हेतु टीवी का अधिष्ठापन कराने, पुराने बिल्डिंग की मरम्मती करवाने , छात्रावास में पानी के निकासी के लिये नाली निर्माण कराने तथा जर्जर पड़े भवनों को तोड़ने के लिये निर्देश दिया। पुराना थाना गुमला में बन रहे 3 नए भवनों के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने थाना में शौचालय बनाने, झाड़ियों की छटाइ करवाने साफ-सफाई कराने आदि का निर्देश दिया।

जिला कांग्रेस कमिटी ने की बैठक

गुमला (आजाद सिपाही)। जिला कांग्रेस कमिटी की बैठक गुमला परिसदन में जिला अध्यक्ष रोशन बरवा के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमे कांग्रेस सशक्तिकरण प्रोग्राम के तहत प्रखंड कमिटी एवं मंडल कमिटी की समीक्षा किया गया सभी ब्लॉक में नई कमिटी बनकर तैयार हो गया है पंचायत और बूथ की नयी कमिटी दिसंबर तक बना कर देना है सभी ब्लॉक मुख्यालय में भारत जोड़ो पदयात्रा आयोजन किया जा रहा है। जिसमे तहत 22 नवंबर को भरनो ब्लॉक में, 23 नवंबर को घागरा ब्लॉक में 24 नवंबर को बिशुनपुर में 25 जारी में 26 नवंबर को बसिया में 27नवंबर को सिसई में 28 नवंबर को रायडीह में 30 नवंबर को चैनपुर में 4 दिसंबर डुमरी ब्लॉक में आयोजित किया जायेगा। जिला मुख्यालय में 5 दिसंबर को भारत जोड़ो यात्रा होगा जो को हवाइअड्डा से पदयात्रा कर स्टेडियम 2 तक जायेगा और सभा होगा। जिसमे झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सभी कांग्रेस के मंत्रीगण सभी विधायक सांसद पूर्व विधायक सांसद आदि शामिल होंगे। गुमला नगर पंचायत में सभी वार्डो पर कांग्रेस समर्थित कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़वाया जायेगा। बैठक में जिलाध्यक्ष रोशन बरवा, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवकुमार भगत चुमनू उरांव, वरीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार, अकील रहमान, मुरली मनोहर प्रसाद, चैतू उराओं, बॉबी भगत, अमृता भगत, आजाद अंसारी, राजनील तिगा, रामनिवास प्रसाद, बैबुल अंसारी, अरुण गुप्ता, विकास साहू, अशिष्णाथ सहदेव, गुलाम सरवर, खालिद शाह, राजेश टोप्पो, निरंजन बाड़ा, लोहारा उरांव, अरविंद साहू, अजय साहू, गुलशन टेटे, जितेंद्र लोहारा, कलाम आलम, भुनेश्वर राम, जय सिंह, फिरोज आलम, मुंतजिर खान मुमताज खान, शाहदेव राम, सुनीता टोपनो, मो. अशरफ अंसारी, मुख्तार आलम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

घाघरा में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा

45 हजार की सामग्री को लगाया जा रहा ढाई लाख में

विकास साहू

घाघरा। प्रखंड के अरंगी पंचायत में हैंड वाश लगाने के नाम पर लाखों रुपये का गड़बड़ी का मामला प्रकाश में आया है। हैंड वाश लगाने के नाम पर प्राक्कलन के विपरीत सामग्री लगा दिया गया है और प्राक्कलन से भी अधिक राशि की निकासी कर ली गई है। यह पूरा कृत्य एक जनप्रतिनिधि के पति के इशारे पर किया जा रहा है। जिसमें प्रखंड स्तरीय कई सरकारी कर्मी मुखिया के अलावे अधिकारी की भी संलिप्तता है और तो और योजना का मापी पुस्तिका अभियंताओं के द्वारा कार्यालय में ही बैठकर बिचौलिया के इशारे पर बनाया गया। जनप्रतिनिधि का दबदबा इतना है कि योजना में संबंधित सरकारी कर्मी व अभियंता सभी उसके आगे नतमस्तक रहते हैं। हैंडवास लगाने के नाम पर टीना का एक डब्बा लगा दिया गया है और ऑर्डिनरी कंपनी का समरसेबल लगाया गया है। वही पानी को संग्रह करने के लिए सिंटेक्स भी ऑर्डिनरी कंपनी का लगाया गया। सोलर प्लेट भी लगाया गया है जो बिल्कुल भी कारगर नहीं है। बावजूद अभियंताओं के द्वारा मापी पुस्तिका शत-प्रतिशत प्राक्कलन के अनुरूप बना दिया गया। हैंडवाश निर्माण कार्य हैंड वाश बनाने के तुरंत बाद से ही सामग्री टूटने लगे हैं। जिससे उसकी पूरी तरह से उपयोगिता खत्म होने लगी है। इस संबंध में पंचायत के पंचायत सचिव आशिक मीर से जब बात किया गया तो उनके द्वारा कहा गया भुगतान आधा किया गया है। पूरा भुगतान नहीं किया गया है पर कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार से पूछने पर पता चला कि योजना का पूरा भुगतान हो गया है और ऑनलाइन साइट में भी योजना का पूर्ण भुगतान दिख रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि पंचायत सेवक को भी योजना में कितना पैसा का भुगतान किया गया इसकी जानकारी नहीं और योजना का पूरा भुगतान हो जाना भ्रष्टाचार की सीमा को दर्शाता है। योजना भुगतान की स्थिति की जानकारी ना ही संबंधित पंचायत सेवक और ना ही मुखिया को अरंगी पंचायत के पलमा स्कूल में हैंडवाश निर्माण एवं अरंगी के जामटोली स्कूल में हैंडवाश निर्माण कराया गया है। जिसमें मुखिया लोदो एक्का से भुगतान के संबंध में पूछने पर उन्होंने कहा एक हैंडवाश योजना का भुगतान हुआ है बाकी का नहीं हुआ है। वही पंचायत सचिव से योजना में हुए भुगतान की जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा दोनों योजनाओं में पहला भुगतान किया गया है। एक योजना में 130000 रुपया। वही दूसरे योजना में 140000 रुपया जबकि ब्लॉक कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार जो सभी योजनाओं का भुगतान करता है, उसने बताया कि दोनों योजनाओं में पूर्ण भुगतान हो गया है। एक योजना में 247600 रुपया वही दूसरे योजना में 247635 रुपया का भुगतान हो गया है।

योजना की स्थल जानकारी तक पंचायत सचिव को नहीं

हैंड वॉश योजना अरंगी पंचायत में किस जगह लगा है, इसकी जानकारी जब पंचायत सचिव आशिक मीर से पूछा गया तो उन्होंने योजना स्थल बताने में भी असमर्थ रहें। उन्हें यह भी पता नहीं कि योजना किस जगह पर लगी है और योजना बनकर पूरी भी हो गई। जिसका पैसे का भुगतान भी हो गया।

न्यूज छपने से फांसी नहीं हो जायेगी: पंचायत सचिव

भ्रष्टाचार के संबंध में जानकारी लेने पर आशिक मीर ने कहा न्यूज छपने से फांसी नहीं होगी। आप लोगों को जो छापना है छाप दीजिये। सब मैनेज होता है सब देख लेंगे। पहले भी बहुत न्यूज हमारे खिलाफ छपा है।

किसी भी तरह की जानकारी पंचायत सचिव ने नहीं दी

अनियमितता के संबंध में कई जानकारी लेने के लिए पंचायत सचिव से बात किया गया पर उन्होंने कोई भी जानकारी नहीं दी। लाभुक समिति के सदस्यों का नाम भी पूछा गया, जिसे भी पंचायत सचिव ने नहीं बताया और अपने ऑफिस से निकल कर चलते बने।

योजना की जांच होगी, दोषी पाये जाने पर होगी कार्रवाई: बीडीओ

इस संबंध में बीडीओ विष्णु देव कच्छप से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सभी हैंडवास योजनाओं की जांच की जाएगी। भौतिक सत्यापन में जो भी योजनाओं में गड़बड़ी दिखेगा, निश्चित रूप से जो भी दोषी होंगे कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जायेगी। फिलहाल अभी हमने सभी हैंड वास योजना पर रोक लगा दिया है और भुगतान करने के लिए भी मना कर दिया है।

प्राथमिक शिक्षा के लिए सरकार हर साल करोड़ों रुपये करती है खर्च

आरसी मध्य विद्यालय मालम नवाटोली में बच्चों से कुदाल, ईट, बालू, मिट्टी ढुलवा रहे शिक्षक

आजाद सिपाही संवाददाता

चैनपुर। प्राथमिक शिक्षा के लिए सरकार हर साल करोड़ों रुपये खर्च करती है ताकि सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे भी पढ़-लिख कर बेहतर भविष्य बना सके। लेकिन कुछ शिक्षक ही सरकार की मंशा पर कुठाराघात करने पर उतारू है। मामला चैनपुर प्रखंड के आरसी मध्य विद्यालय मालम नवाटोली का है। जहां शिक्षा ग्रहण करने किताब-कॉपी, कलम लेकर पहुंचे मासूम बच्चों से यहां के शिक्षकों के द्वरा कुदाल, ईंट, बालू, मिट्टी ढुलवा कर पेशेवर मजदूरों की तरह मजदूरी करवाई जा रही है। यहां

पर नया विद्यालय भवन का निर्माण हो रहा है साथ ही जल मीनार का निर्माण का कार्य चल रहा है लेकिन काम के लिए मजदूरों को ना बुलाकर यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं से मजदूरी करायी जा रही है। छात्र-छात्राओं के माता-पिता का कहना है कि वे अपने बच्चों को स्कूल पढ़ने के लिए भेजते हैं ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो सके जबकि स्कूल में उनसे मजदूरी कराई जा रही है। कलम थामने की उम्र में बच्चों के हाथों में स्कूल प्रबंधक ने कुदाल थमा दी है। मजदूरी नहीं देनी पड़े इसके लिए विद्यालय के शिक्षकों ने इन बच्चों को पढ़ाई कराने के बजाय ईट बालू वह मिट्टी ढोने के काम पर लगा दिया है। उन्होंने कहा कि बच्चे पढ़ लिखकर काबिल बने इसके लिए हम कठोर परिश्रम करते हैं और बच्चों को स्कूल भेजते हैं। हमारे बच्चे स्कूल जाकर शिक्षा पाने की जगह मजदूरी का काम कर रहे हैं यह काफी दुर्भाग्य की बात है।

बच्चों ने बताया विद्यालय आने के कुछ देर बाद से ही हमें मजदूरी का काम कराया जा रहा

वही स्कूल में मजदूरी कर रहे बच्चों से मीडिया कर्मियों ने पूछा कि आप स्कूल पढ़ने आते हैं यहां मजदूरी का काम क्यों कर रहे हैं तो उन बच्चों ने बताया कि सिस्टर ग्लोरिया के कहने पर हम यहां मजदूरी का काम कर रहे हैं। बच्चों ने बताया कि सुबह विद्यालय आने के कुछ देर बाद से ही हमें मजदूरी का काम कराया जा रहा है। आये दिन शिक्षकों के द्वारा हमसे इस तरह का काम कराया जाता है। इधर विद्यालय के प्रधानाध्यापक फादर रोबिन कुजूर से मीडिया कर्मियों ने मिलना चाहा तो पता चला वह किसी मीटिंग में गये हुए हैं फोन के माध्यम से उन्हें सूचना हुई। जिसके बाद वह विद्यालय पहुंचे हालांकि प्रधानाध्यापक ने भी मीडिया कर्मियों के सवाल पर कोई ठोस जवाब नहीं दिये। उन्होंने कैमरे पर कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। वहीं विद्यालय के सहायक शिक्षक सुबोध लकड़ा ने कहा कि बच्चों से टिफिन के टाइम में काम कराया जाता है हालांकि जिस वक्त मीडिया कर्मी स्कूल पहुंचे थे। उस वक्त मात्र 10:45 हुई थी। वही इस संबंध में चैनपुर बीइओ अलमा सलोमी जोजो से फोन पर संपर्क की गई तो उन्होंने मीटिंग में है बाद बात करते हैं कहते हुए फोन काट दिया।

श्रमदान से सार्वजनिक चुआं और धार्मिक स्थल को बनाया

गुमला (आजाद सिपाही)। मिशन बदलाव के बुद्धेश्वर उरांव के नेतृत्व में भरनो ब्लाक के सुपा गांव सार्वजनिक चुवा को श्रमदान कर बनाया गया। उन्होंने ने बताया कि गांव के एक बहुत ही पवित्र स्थल कदम(गुलैची) डाड़ी जो धस कर जमीन के बराबर हो गया था, इसके पुनर्निर्माण के लिए सरकार से बहुत आशा किया गया था पर कोई मदद नहीं मिला। जिस कारण ग्रामीणों द्वारा एक दिन निरंतर 12 घंटा तक श्रमदान कर के साथ में नदी से पत्थर, बालू खोज और ईट, सीमेंट जोगाड़ कर पुनर्निर्माण किया गया। इस डाड़ी को कदम या गुलैची डाड़ी कहा जाता है क्योंकि यहां पर दोनों का पेड़ था, इसी के याद में गुलैची का पेड़ भी लगाये। इस डाड़ी के पानी को गांव के सभी धर्मो के लोग पवित्र मानते हैं और हरेह पूजा पाठ में प्रयोग होता है जैसे शादी में पानी करना, देवी मंडप में पूजा, सरहुल पूजा में सरना स्थल पर घड़ा में पानी भरना इत्यादि कायों में प्रयोग किया जाता हैं। बुद्धेश्वर उरांव, पाहन शेरू उरांव पुनाई उरांव, गंगा उरांव, सोहन उरांव, विजय उरांव, लाखो उरांव, सहदेव, उरांव, एतवा, बोधना, सोमे, बिरशु, भंगा, मांगा, रतिया, संदीप, संजय, बबलू, आजाद, दीपक, परदेशिया,बांधना अंजय, जट्टु,,बिरशो, सुमति, सुकवारो, संचारिया, शुमी, शंकर, अनीश, सूरज, सुमेश, सुभाष, करमचंद, महेश, नीरज के रामुन मिरदहा भी अपना योगदान दिये हैं।

पुरुष नसबंदी जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर डीसी ने किया रवाना

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने सोमवार को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर पुरुष नसबंदी दो जागरूकता रथ को रवाना किया। इन रथों के माध्यम से जिले के सभी प्रखंड वासियों को पुरुष नसबंदी के प्रति जागरूक किया जायेगा। पुरुष नसबंदी अभियान के तहत जिले के सभी सीएचसी स्तर पर विशेष शिविर लगाकर पुरुषों का नसबंदी किया जायेगा। यह अभियान जिले में 21 नवंबर से 20 दिसंबर तक

चलाया जायेगा साथ ही नसबंदी कराने वाले पुरुषों को प्रोत्साहन राशि भी दी जायेगी। मौके पर इस संबंध में उपायुक्त श्री दोड्डे ने कहा कि परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी को सुनिश्चित करने हेतु यह अभियान एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि हर दंपत्ति को छोटा परिवार रखने का प्रयास करना चाहिए। उपायुक्त ने सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी सेविकाओं, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारियों,सखी मंडलों से परिवार नियोजन की सेवाओं को अपनाने हेतु अपने क्षेत्र के योग्य दंपति को जागरुक एवं प्रोत्साहित करने की अपील की। मौके पर प्रभारी सिविल सर्जन,डीपीएम दीपक व अन्य उपस्थित थे।

आरडीडीइ ने किया सीता प्लस टू उच्च विद्यालय का निरीक्षण

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। पलामू आरडीडीई शिवनारायण शाह ने सोमवार को हरिहरगंज अंतर्गत सीता प्लस टू उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों से विद्यालय में पठन-पाठन की स्थिति में सुधार लाने सहित अन्य निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक तथा शिक्षकों से कहा कि साफ-सफाई और समय से कक्षा का संचालन करना शिक्षकों की जिम्मेवारी होती है। कक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक गोपाल शरण राणा,शिक्षक कन्हैया प्रसाद, ओरेंद्र कुमार यादव, बिंदेश्वरी चौधरी, नागदेव यादव, अजय राय, कुमारी सुप्रिया, सलमा लकड़ा ,अबू साह, जोगेंद्र राम आदि शिक्षक व छात्र मौजूद थे।

हुसैनाबाद में 70 मरीजों का हुआ नि:शुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। जिला अंधापन नियंत्रण समिति व राधा लक्ष्मी ट्रस्ट दंगवार के संयुक्त तत्वावधान में हुसैनाबाद में चल रहे नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में सोमवार को कुल 70 मरीजों का मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन किया गया। मंगलवार की सुबह में सभी मरीजों को ट्रस्ट के प्रबंधक न्यासी डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता के द्वारा नि:शुल्क चश्मा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि लेंस प्रत्यारोपण आईओएल विधि से मोतियाबिंद की जांच व ऑपरेशन किया गया है। उन्होंने बताया कि यह ऑपरेशन आगामी मार्च 2023 तक चलेगा। इस दौरान नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. धीरज प्रसाद ने 70 मरीजों को सफल मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया। यह आगे भी प्रतिदिन अन्य मरीजों की जांच प्रक्रिया जारी रहेगा। इसके अलावे जरुरतमंद मरीजों को मुफ्त दवा, चश्मा, खिचड़ी देने की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि किसी भी काम को करने के लिये मानव शरीर का मुख्य अंग आंख ही है। इसके बिना उन्हें दैनिक कार्यों को करने में काफी परेशानी होती है। शिविर में नेत्र सहायक दयानंद कुमार, डॉ. पीएन सिंह, डॉ. दीपक कुमार, सहयोगी जयप्रकाश सिंह उर्फ बच्चा सिंह, अरबिंद कुमार, सुमन कुमारी, कुंदन, उपेन्द्र, अमीत कुमार आदि का योगदान सराहनीय रहा है।

राजेंद्र प्रजापति के निधन पर जपला मुख्य डाकघर में शोकसभा का आयोजन

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। प्रधान डाकघर मेदिनीनगर पलामू में कार्यरत ए पीएम एकाउंट्स राजेंद्र प्रजापति का आकस्मिक निधन पर जपला मुख्य डाकघर में एक शोक सभा का आयोजन कर शोक संवेदना व्यक्त किया गया । मालूम हो की श्री प्रजापति आगामी जनवरी 2023 में सेवानिवृत्त होने वाले थे । शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में डाक निरीक्षक सुमन कुमार समानता,अरविन्द कुमार ओझा ,विनोद चौधरी, संतु मिंज,गामा कुमार साह,पपू कुमार, देवेन्द्र कुमार रवि,मनीष कुमार, राजेश पाठक,शोभनाथ,अरुण सिंह,राजदेव राम,संजय कुमार गुप्ता, अभिषेक कुमार देवेंद्र नाथ गुप्ता ओम कुमार का नाम शामिल है ।

डीसी ने नामुदाग पंचायत में विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। फोटोयुक्त मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत जिले के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप आयोजित किया गया। इसी क्रम में रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने नौडीहा बाजार प्रखंड के नामुदाग पंचायत में विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। सभी मतदान केंद्रों में संबंधित बीएलओ के द्वारा मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का कार्य किया जा रहा था। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री दोड्डे ने सभी बीएलओ से मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में उपयोग में आने वाले सभी फॉर्म यथा 6,7,8 व 8 क के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सभी बीएलओ से कहा कि एक भी योग्य मतदाता ना छूटे यह सुनिश्चित करें। उन्होंने मृत मतदाताओं को सूची से हटाने व जेंडर रेश्यो को बढ़ाने के लिये विशेष रुप से महिला मतदाताओं पर ध्यान देने पर बल दिया। उपायुक्त ने सभी बीएलओ से जिम्मेदारी पूर्वक पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति 17 वर्ष पूरा कर लिया है वो हमारा भविष्य का मतदाता है ऐसे में सभी 17 वर्षीय एज ग्रुप वाले को चिन्हित कर उनका रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से कराने की बात कही। मौके पर प्रशिक्षु आईएएस विसपुते श्रीकांत व सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी जितेंद्र मंडल उपस्थित थे।

पांकी प्रखंड के उपमुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष मो इकबाल अहमद और सचिव अमित शर्मा बने

पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)। पांकी प्रखंड के तेतराई पंचायत भवन में उपमुखिया संघ की बैठक हुई। जिसमे तेतराई उपमुखिया मो. इकबाल अहमद अध्यक्ष बने वही आसेहार पंचायत के उपमुखिया अमित कुमार शर्मा सचिव और पांकी पूर्वी पंचायत के अनारिक राम को कोषाध्यक्ष बनाया गया। जबकि उपाध्यक्ष के रूप में प्रेम राम व सोनम कुमारी वहीं उपसचिव के रूप में बैजनाथ यादव व ऊषा देवी और सत्यदेव सिंह को उपकोषाध्यक्ष बनाया गया। सभी प्रखंड के उपमुखिया सदस्य उपमुखिया संघ कमिटी का पदेन सदस्य के रूप में रहेंगे। संघ की बैठक का संचालन जसवंत कुमार के द्वारा किया गया। संघ के बैठक में संचालन करते हुए जसवंत कुमार ने कहा कि संगठन बन जाने से सभी वार्ड उप मुखिया को मजबूती मिलेगी एवं अधिकार के लिए जागरूक रहेंगे। ग्राम पंचायत में किसी प्रकार के गलत नही होने दिया जाएगा। कोई भी योजना के लिए ग्राम पंचायत सभा वार्ड के जानकारी के बिना नहीं होगा।वहीं उप मुखिया संघ के अध्यक्ष मो. इकबाल अहमद ने कहा कि हम सबको मिलकर पंचायत के विकास में हाथ बढ़ाना है यदि किसी भी उप मुखिया के ऊपर कोई मुसीबत पड़े तो हम सबों को मिलकर उस मुसीबत का सामना करने की जरूरत है। तभी हमारा पंचायत विकास करेगा । मौके पर उपमुखिया सिनू कुमार पासवान,पिंकी देवी,अनिता देवी, सोनी देवी,हलीमा खातून,कंसूल देवी, नितीश कुमार,सुमन सिंह,सुनीता देवी,नौसद अंसारी,अजगूत सिंह,शिव कुमार यादव, दिलीप साव,निरंजन, लक्ष्मण यादव,राजकिशोर सिंह आदि सोशल वर्कर मित्रगण मौजूद थे।

हुसैनाबाद में चढ़ा फुटबॉल का बुखार कल से होगा कर्नल कप का शुभारंभ

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। कर्नल ब्रिगेड फुट्बॉल क्लब द्वारा आयोजित कर्नल कप 2022 जिसमें स्थानीय ग्रामीण युवा की बत्तीस टीमें हिस्सा लेंगी। बुधवार से अनुमंडल मैदान में ग्यारह बजे से प्रारंभ होगा।सभी बत्तीसों टीम अपने फुट्बॉल टीम का झण्डा और बैनर के साथ अनुमंडल मैदान से अम्बेडकर चौक गांधी चौक होते हुए वापस अनुमंडल मैदान तक राष्ट्रीय धुन पर मार्च पास्ट करेंगे। क्लब के संरक्षक कर्नल संजय सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि युवाओं का खेल के प्रति उदासीनता समाज के लिए चिंता का विषय है। हुसैनाबाद किसी जमाने में फुट्बॉल हब हुआ करता था जो आज समाप्त हो रहा है।खेल के प्रति युवाओं को जागरूक करने के लिए खिलाड़ियों द्वारा जपला में मार्च पास्ट तथा क्लब के सभी सदस्यों द्वारा खिलाड़ियों के गाँव में जाकर ड्रेस वितरण समारोह जागरूकता अभियान का ही एक हिस्सा है। उन्होंने आगे कहा कि प्रतिदिन दो मैच खेले जाएँगे पहला मैच दो बजे से तथा दूसरा साढ़े तीन बजे से खेल जाएगा। मार्च पास्ट के बाद तेईस नवंबर को एक ही ओपनिंग मैच मोहम्मदगंज बनाम सडेया के बीच बारह बजे से खेला जाएगा।

विद्यार्थी परिषद ने जीएलए कॉलेज छात्र संघ की इकाई का किया पुनर्गठन

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। विद्यार्थी परिषद मेदिनीनगर इकाई अंतर्गत जीएलए कांलेज इकाई का पुनर्गठन महाविद्यालय परिसर में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक अभय वर्मा ने किया। जबकि संचालन नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से परिषद के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे उपस्थित थे। जिसमें सर्वसम्मति से महाविद्यालय अध्यक्ष विपिन यादव, उपाध्यक्ष मुस्कान कुमारी, कौशल मिश्रा, निशांत पांडे, अभिषेक तिवारी, अभय कुमार सिंह, कॉलेज मंत्री आदर्श चौबे, सह मंत्री आयुष कुमार तिवारी, करण कुमार, धीरज कुमार पांडे, नवलेश यादव, मिथलेश यादव,सोशल मीडिया प्रमुख रोशन कुमार,सह प्रमुख राहुल पाठक,एसएफडी प्रमुख अभिषेक कुमार,सह प्रमुख सौरभ पांडे,एसएफडी प्रमुख रोशन कुमार पाल, सह प्रमुख मिथिलेश यादव, जंतु विज्ञान विभाग प्रमुख रितिक रोशन, इतिहास विभाग प्रमुख सोनू कुमार, गणित विभाग प्रमुख सचिंद्र सिंह, भूगर्भ विज्ञान प्रमुख रिम्पुजय कुमार एवं कॉलेज कार्यकारिणी में पीयूष पांडे, विपिन मींज, मिथिलेश यादव, शुभम कुमार, विकास यादव दिलीप यादव, धनराज यादव, रामानंद यादव, निशांत कुमार गुप्ता की घोषणा की गई। इस मौके पर नगर सह मंत्री अभिषेक कुमार रवि ने कहा कि परिषद नित्य निरंतर छात्रों के सहयोग हेतू सदैव कटिबद्ध है। बहुत जल्द ही महाविद्यालय समेत पूरे जिले में परिषद की नई इकाई तैयार करने का काम विद्यार्थी परिषद करेगी। इस मौके पर मुख्य रूप से परिषद के जिला संयोजक रोहित देव, नगर सह मंत्री नीतीश दुबे, पूर्व छात्र संघ सचिव प्रकाश राय, अरमान पांडे, राहुल कुमार चेरो आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शास्त्रीय संगीतज्ञ पंडित राजाराम मिश्रा का निधन

शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में पलामू का नाम किया था रौशन

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू के ग्राम मोरबे निवासी व वर्तमान मेदिनीनगर रेड़मा निवासी झारखंड के जानेमाने संगीतज्ञ कलागुरु पंडित राजा राम मिश्र नही रहे।सोमवार 20 नवम्बर को देर रात उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका निधन ब्रेन हेमरेज से हुई।आधी रात को बेचैनी की शिकायत के बाद उनके परिजन उन्हें नारायणा हॉस्पिटल ले गए वहां से उन्हें एमएमसीएच ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पंडित राजाराम मिश्र शास्त्रीय संगीत के सेनिया घराने तालुक रखते थे। वे 1985 से आकाशवाणी और दूरदर्शन से जुड़े हुए थे।1993 से देवरानी संगीत महाविद्यालय डालटनगंज के केंद्र अधीक्षक के पद पर कार्यरत थे। पंडित मिश्र प्रयाग संगीत समिति इलाहाबाद के परीक्षक भी थे। पंडित मिश्र सेनिया घराने के पारंपरिक शास्त्रीय संगीत परिवार से संबंध रखते थे।उन्होंने संगीत की शिक्षा गुरु और पिता स्वर्गीय पंडित राम रक्षा मिश्र और उनके बड़े भाई स्वर्गीय सुरेंद्र मिश्रा (आरा,बिहार) के मार्गदर्शन में प्राप्त किया था। राजाराम मिश्र के पिता पंडित राम रक्षा मिश्र भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रसिद्ध गायक थे जो ख्याल गायन में तान और तराना की उत्कृष्ट कमान के लिए प्रसिद्ध थे। पंडित राजाराम मिश्र भी अपने पिता के संगीत मार्ग को ही अपनाया व प्रसिद्धि प्राप्त किया। पंडित राजाराम मिश्रा ने प्रयाग संगीत समिति इलाहाबाद से संगीत प्रवीण की डिग्री और प्राचीन कला केंद्र चंडीगढ़ से संगीत भास्कर की डिग्री प्राप्त की थी। उन्होंने उत्तर प्रदेश,झारखंड,बिहार, मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रतिष्ठित संगीत समारोह के लिए अनगिनत मंच प्रदर्शन किया। पं. राजा राम मिश्र ने अपने शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में पलामू रत्न,पलामू कला श्री,कला गुरु सम्मान,भास्कर सम्मान,सुर श्री सम्मान,धरोहर सम्मान,संगीत गुरु सम्मान जैसे विभिन्न सम्मान प्राप्त किए थे। वो अपने पीछे चार पुत्र और एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके एक पुत्र सूरज कुमार मिश्रा भी संगीत शिक्षक है व अपने पिता की संगीत विरासत को आगे बढ़ा रहे है। उनके निधन पर जिला खेल व सांस्कृतिक पदाधिकारी उमेश लोहड़ा, राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के नवीन तिवारी, सोनू मिश्रा, संतोष तिवारी, चंदन तिवारी, विकास दूबे, विवेका त्रिपाठी, युगांत बद्री पाण्डेय, ब्रजेश तिवारी, गजल गायक किशोर शुक्ला, बांसुरी वादक सचिदानंद तिवारी, आशुतोष पांडेय, नीरज सिन्हा, मुकेश सिन्हा मंटू, शर्मिष्ठा सिन्हा, कामेश्वर सिंह, सुमित भट्टाचार्य, अली रजा शाह, राजा सिन्हा, उमाशंकर मिश्र, मिनी पवन सिंह, फिल्म अभिनेता, लेखक डॉ प्रवेश दुबे, माटीकला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव, लोक कला मंच के अध्यक्ष शिशिर शुक्ला, सुर संगम कला केंद्र के राम व श्याम, किशोर पाण्डेय, इप्टा के राज्य अध्यक्ष डॉ अरुण शुक्ला,इंडियन रोटी बैंक के दीपक तिवारी, सोनू सिंह नामधारी, मासूम आर्ट ग्रुप के अध्यक्ष विनोद पांडेय,संस्कार भारती के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश कुमार,आरएसएस के जिला प्रचार प्रमुख नवीन सहाय, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के ब्रजेश शुक्ला,नृत्य निदेशक सुजीत कुमार, संतन कुमार, सर्च टेलेंट शो के निदेशक सूर्यकांत कुमार,मनोज सिंह, टिवंकल गुप्ता, धनंजय त्रिपाठी, युगल किशोर,बलराम उराँव, ललन सिन्हा, अरविंद अग्रवाल, बबलू चावला, रविशंकर, सोनू सिंह व उत्तम सिंह, दिलीप तिवारी, मुकेश तिवारी व राकेश तिवारी सहित सैकड़ों लोगों ने उनके आवास पर पहूंचकर भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

घर घर यात्रा मुख्य उद्देश्य निगम वासियों की समस्याओं से रू-ब-रू होना : मनोज

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। घर घर यात्रा का लक्ष्य है कि नगर निगम के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचा जाए और उनके समस्या को जाना जा सके। उक्त बातें नगर निगम के भावी प्रत्याशी मनोज सिंह ने कही। वे सोमवार को घर घर यात्रा का तेरहवे दिन 34 नं वार्ड के सुरभी मोहल्ला, डबगर मोहल्ला,हरिजन मोहल्ला,भुईया टोली, शास्त्री नगर व गुरहा के लोगो से मिलकर उनकी समस्या को जाना। श्री सिंह ने बताया कि नगर निगम के वैसे क्षेत्रों में जो नए जूडे.थे उन क्षेत्रों के निवासियों को एहसास ही नहीं है की वो निगम के वासी हो गए हैं। निगम के विकास की किरण इन क्षेत्रों में आज तक नहीं पहूँची है। उन्होने ने कहा कि सुविधा नही तो टैक्स भी नही लेना चाहिए निगम को। चैनपुर वासियों को आश्वस्त किया की जनता का आशीर्वाद मिला तो सबसे पहले चुनाव जीतने के बाद खेतिहर जमीन को टैक्स मुक्त करेगें। श्री सिंह ने कहा कि राजनीति में वह सेवा के लक्ष्य को लेकर आये है। सेवा भाव का माहौल तैयार कर विकास के साथ विश्वास का वातवरण तैयार करना उनकी पहली प्राथमिकता है। श्री सिंह ने कहा कि इस अभियान के दौरान वार्ड वासियों ने जो स्नेह और सम्मान दिया यही स्नेह और सम्मान उनके राजनीतिक जीवन की सबसे बडी पूंजी है। जनता के प्यार और विश्वास की रक्षा कर निगम मे विकास का इतिहास रचेगें। इसी संकल्प को लेकर वह चुनावी मैदान में उतरे है। घर घर यात्रा कार्यक्रम मे लोगों ने मनोज सिंह का भव्य स्वागत किया। इस दौरान रामलाल प्रसाद सोनी, विनय सिंह, कमलाकांत मिश्र, सत्येंद्र प्रसाद सोनी,मुन्ना खान,सराजू खान,संतोष राम,असलम,कैल खान,इकबाल खान,सिकंदर राम,पुशु खान,सोनू खान,वाहिद खलीफा सहित काफी संख्या में वार्ड नंबर 34 के निवासी शामिल थे।

स्पोर्ट्स

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए पाकिस्तानी टीम घोषित, अबरार अहमद व मोहम्मद अली नए चेहरे

भारत के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी-20 मैच से बाहर हुए केन विलियमसन

नेपियर। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन नेपियर में भारत के खिलाफ होने वाले तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले से बाहर हो गए हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने सोमवार को एक बयान में कहा, पहले से तय मेडिकल अपॉइंटमेंट के कारण ब्लैककैप कप्तान केन विलियमसन मंगलवार को नेपियर में तीसरे टी20 मैच में नहीं खेलेंगे। ऑकलैंड एसेस के बल्लेबाज मार्क चैपमैन आज नेपियर में टी20 टीम से जुड़ेंगे। विलियमसन बुधवार को टीम में फिर से शामिल होंगे, जब शुक्रवार को ईडन पार्क में कीवी टीम तीन मैचों की एकदिनी श्रृंखला के पहले मैच में हिस्सा लेगी। कोच गैरी स्टीड ने कहा कि चिकित्सकीय अपॉइंटमेंट का विलियमसन की

कोहनी की शिकायत से कोई लेना-देना नहीं है। स्टीड ने कहा, केन कुछ समय से इसे बुक करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य से यह हमारे कार्यक्रम में फिट नहीं हो पाया है। हमारे लिए खिलाड़ियों और कर्मचारियों का स्वास्थ्य और भलाई सर्वोपरि है, और हम उसे ऑकलैंड में देखने के लिए उत्सुक हैं। स्टीड ने कहा कि चैपमैन हाल ही में क्राइस्टचर्च में टी20 विश्व कप और ट्राई सीरीज में खेलने के बाद टीम में वापस आने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, ₹वह एक गुणवत्ता वाला खिलाड़ी है जो टीम में अच्छी बहुमुखी प्रतिभा प्रदान करता है। स्टीड ने पुष्टि की कि टिम साउथी मंगलवार रात मैकलीन पार्क में तीसरे और अंतिम मैच के लिए टीम की कप्तानी करेंगे। भारत इस समय तीन मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 से आगे चल रहा है। बारिश के कारण पहला मैच रद्द होने के बाद, भारत ने दूसरे टी-20 में कीवी टीम को 65 रनों से हरा दिया। स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव (51 गेंदों में 111* रन) और बल्लेबाजी ऑलराउंडर दीपक हुड्डा (10 रन देकर 4 विकेट) मैच के हीरो रहे।

फीफा विश्व कप : जीत के बावजूद खुश नहीं हैं गुस्तावो अल्फारो, कहा- टीम को कुछ चीजों में सुधार की जरूरत

अल खोर। फीफा विश्व कप 2022 के शुरूआती मैच में मेजबान कतर पर मिली जीत के बावजूद इक्वाडोर के मैनेजर गुस्तावो अल्फारो ने कहा है कि अंतिम 16 में पहुंचने के लिए उनकी टीम को कुछ चीजों में सुधार करने की जरूरत है। कप्तान वालेंसिया ने रविवार को कतर के अल खोर के अल बेयट स्टेडियम में 2022 फीफा विश्व कप के शुरूआती मैच में कतर के खिलाफ दो गोल किये थे। इक्वाडोर ने यह मैच 2-0 से जीता था। मैच के बाद अल्फारो ने कहा, यह एक शानदार जीत थी। विश्व कप के पहले मैच में हमेशा की तरह, आप अधिक दबाव और तनाव महसूस करते हैं। हमें पता था कि हम ऐसा महसूस करने जा रहे हैं। हम इस विश्व

कप में सबसे युवा टीम हैं। उन्होंने कहा, ₹सबसे महत्वपूर्ण बात जीतना था। हमने जैसा चाहा वैसा खेला। मैं पूरी तरह से खुश नहीं हूं लेकिन मैं काफी शांत हूं क्योंकि हमने वही किया जो हमें करना था। हमें 16 के दौर में पहुंचने के लिए कुछ चीजों में सुधार करने की जरूरत है। एनर [वेलेंसिया] नीदरलैंड के खिलाफ खेलेंगे, इसमें कोई संदेह नहीं है। बता दें कि टूर्नामेंट और मैच का पहला गोल वालेंसिया ने 16वें मिनट में पेनल्टी के जरिए किया और टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद उन्होंने मैच के 31वें मिनट में हेडर के जरिए अपना दूसरा गोल किया और अपनी टीम को 2-0 से आगे कर दिया, अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

बेनीडीह साइडिंग गोलीकांड की हो न्यायिक जांच : दीपनारायण

कतरास (आजाद सिपाही)। जदयू के प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बेनीडीह साइडिंग गोलीकांड की न्यायिक जांच की मांग की है। कहा कि गोलीकांड अवैध कोयला सिंडीकेट, बीसीसीएल के भ्रष्ट अधीकारी और सीआइएसएफ की देन है। आज बीसीसीएल में एरिया एक से 12 तक बड़े पैमाने पर कोयला चोर हो रही है। कोयला सिंडीकेट, भ्रष्ट अधीकारी और सीआइएसएफ मिल कर बंद खदानों से अवैध रूप से कोयला उत्खनन करवा रहे हैं। जिसे फर्जी पेपर के माध्यम से बिहार, यूपी और बंगाल भेज कर करोड़ों रुपए कमा रहे हैं। बेनीडीह साइडिंग गोली कांड में मारे गए लोग सिर्फ एक मोहरा है। इस कांड में कई बड़े-बड़े अधिकारी और कोयला चोर सिंडीकेट की संलिप्तता है। अगर गहराई से इसकी जांच हो तो एक बड़ा गिरोह का पदार्फाश हो सकता है। जदयू पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए बेनीडीह साइडिंग गोलीकांड की निंदा करती है। साथ ही हेमंत सरकार से पीड़ित परिवार को 25-25 लाख रुपया मुआवजा और न्यायिक जांच की मांग करती है। दूसरी ओर, बीसीकेयू के केंद्रीय महामंत्री मानस चटर्जी ने पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने का भरोसा दिया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सीआइएसएफ की गोली से चार युवकों की मौत पर जवानों के साथ ही बीसीसीएल पर भी हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए। अवैध धंधे में बीसीसीएल, सीआइएसएफ, स्थानीय पुलिस प्रशासन के संरक्षण में सिंडिकेट चल रहा है। जिससे जुड़े बड़े लोगों पर पुलिस कार्रवाई करने से डरती है और गरीबों पर गोलियां बरसाई जाती है।

कार्रवाई : 31 अगस्त 2021 को थाने में दर्ज हुआ था मामला

थाने से बेल देने के लिए रिश्वत लेते सरायढेला का दारोगा गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। केस डायरी लिखने और थाने से ही जमानत देने के बदले में छह हजार रुपये घूस ले रहे सरायढेला के सब इंस्पेक्टर राजेंद्र उरांव को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीपी) की टीम ने गिरफ्तार किया है। राजेंद्र सरायढेला स्थित बाम्बे स्वीट्स के सामने गिरिडीह लेदा बोको लालपुर निवासी प्रदीप कुमार पांडेय से रिश्वत ले रहे थे, तभी एसीबी की टीम ने रंगे हाथों दबोच लिया।

फिलहाल बहरवाअड्डा कल्याणपुर पिछली में रहने वाले प्रदीप कुमार पांडेय ने राजेंद्र के खिलाफ एसीबी से शिकायत की थी। आरोप लगाया था कि उनके खिलाफ 31 अगस्त 2021 सरायढेला थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उस मामले में थाने से जमानत देने और केस डायरी लिखने के एवज में राजेंद्र ने उनसे 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। पर प्रदीप घूस देना नहीं चाह रहा था। इस लिए उन्होंने केस के आइओ राजेंद्र के खिलाफ निगरानी विभाग में शिकायत कर दी थी। मामले पर संज्ञान लेते हुए एसीबी डीएसपी नितिन खंडेलवाल ने एक टीम का गठन किया था। आरोपों की प्ररंभिक जांच के बाद जाल बिछाकर सोमवार की सुबह आरोपी दबोगा को घूस लेते रंगेहाथ पकड़ लिया गया। राजेंद्र 2018 बैच के दरोगा हैं। वह मूलरूप से गुमला जिले के बिशुनपुर स्थित सेरका चट्टी का रहने वाला है।

एसीबी की गिरफ्त में आरोपित दरोगा।

प्रतिभा का लोहा मनवा रहे डीएवी छह के बच्चे

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर छह के तीन होनहार छात्रों को केंद्र सराकर के विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से इंस्पायर अवार्ड के लिए नामित किया गया है। इनमें कक्षा नवमी की छात्रा आना सिन्हा, कक्षा आठ के प्रियांशु कुमार ओझा और कक्षा छह के ईशान कुमार झा शामिल हैं। प्राचार्य एसके मिश्र ने तीनों प्रतिभागियों की प्रतिभा की सराहना की एवं शुभकामना दी है। ये तीनों प्रतिभागी विज्ञान व तकनीकि की सहायता से समाज, राज्य व राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। डीएवी-6 के उदीयमान विद्यार्थी अपने कठिन परिश्रम से प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं । प्राचार्य ने कहा कि विज्ञान शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थी उन्नति के शिखर पर अग्रसर हो रहे हैं। छात्र-छात्राओं को विज्ञान के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ाना शिक्षकों का कर्तव्य है। तीनों छात्रों में नवम की आना सिन्हा ने (पोर्टेबल एंड फोल्डिंग टेबल) विषय पर अपना खोज पूर्ण किया है। इनके द्वारा बनाया गया पोर्टेबल एंड फोल्डिंग टेबल विद्यार्थियों के पठन -पाठन में उपयोगी होता है। विद्यार्थी सही पोस्चर में बैठकर काम करते हैं। जिसे आसानी से खोल या मोड़ सकते हैं। इसमें हम अपनी जरूरी कागजात सामान भी रख सकते हैं। यह पूर्णतया लकड़ी का बना हुआ टेबल है। वहीं, प्रियांशु ओझा द्वारा (सेलिंग डस्ट केचर विथ अंब्रेला) विषय के लिए नामित किया गया है। इस यंत्र के निर्माण से घर-पडोस या अन्य जगहों पर धूल संग्रह से बचाव को सुरक्षित बनाया जा सकता है। हवा से धूल हटाने के लिए यह अत्यंत ही उपयोगी है। वायु गुणवत्ता को बनाए रखने या सुधारने के लिए वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरण के रूप में इसका प्रयोग होता है। वातावरण में हवा की गुणवत्ता को जांचने के लिए भी इसका उपयोग किया जाता है। वहीं, ईशान कुमार झा का (हैंड्स बैग विथ सेंसर) विषय पर चयन किया गया है। इस खोज के माध्यम से गर्मी के मौसम में हैंडबैग का उपयोग सर्वाधिक होता है। बैग के चोरी होने पर सेंसर के माध्यम से तुरंत ही पता चल जाता है। यदि अन्य जगह पर भी इसका प्रयोग होता है तो सेंसर के माध्यम से खोलने या रखते वक्त इसका अंदाज तुरंत ही लग जाता है। इन तीनों छात्रों को विद्यालय की ओर से भारत सरकार के इंस्पायर अवार्ड के नामित किया गया है।

केरल से कथारा पहुंचा प्रवासी मजदूर देवा का शव, माहौल हुआ गमगीन

आजाद सिपाही संवाददाता

गांव पहुंचे प्रवासी मजदूर के शव के पास उपस्थित लोग।

कथारा। कथारा ओपी थाना अंतर्गत महलीबांध सोरनाटोला निवासी देवानंद उर्फ देवा रजवार का शव सोमवार की अहले सुबह केरल से एम्बुलेंस से गांव पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। जानकारी के अनुसार देवानंद विगत सोमवार को रोजगार की तलाश में केरल गया था। मंगलवार की सुबह रेलवे ट्रेक पर टहलने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद सहकर्मियों ने आनन फानन में कोयलंडी अस्पताल पहुंचाया। जहां जांचोपरांत चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया था। उसके बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी होने और पोस्टमार्टम के बाद शव को लेकर उसके सहयोगी फुलचन्दर रजवार और राजू रजवार एम्बुलेंस से झारखंड के कथारा के लिए निकले। दो दिनों की दूरी तय करने के बाद सोमवार को उसके गांव पहुंचे। वहीं पंचायत समिति सदस्य चन्द्रदेव यादव, लखन यादव, उमेश यादव, विश्वंभर यादव, कुलेशवर यादव, दीपक यादव, कारु यादव, पंजाबी यादव, तुलसी यादव मनोज रजवार आदि ने भरपूर सहयोग किया। मृतक के परिवार में पत्नी सुमूरी देवी, एक बेटी और वृद्ध मां हैं। दुखद बात यह है कि इस घटना के बाद अब इस घर में कमाने वाला कोई नहीं है। देवा घर का इकलौता कमाने वाला था। वहीं गांव वालों ने मुखिया व प्रखंड के अधिकारियों से मांग की कि मृतक के आश्रितों को तत्काल सरकारी सहायता प्रदान की जाये, ताकि इस दुखी परिवार को राहत मिल सके।

चतरोचट्टी में युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरोचट्टी। गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत करीं खुर्द पंचायत के कुबरी टोला गांव में फंदे से लटककर एक युवक द्वारा खुदकुशी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान संदीप कुमार (20) के रूप में हुई है। मृतक की बड़ी मां मूर्ति देवी ने बताया कि उसके माता-पिता बचपन में ही गुजर गए थे। इसके बाद उन्होंने ही उसका लालन पालन किया। रविवार की रात में खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया था। सोमवार अहले सुबह जब उसे खेत में काम करने को उठाने के लिए आवाज दी तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। हमनें सोचा की वह अभी सो रहा है। इस लिए कुछ देर के लिए छोड़ दिया। फिर एक घंटे बाद पुनः कई बार आवाज देने के बाद भी जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो दरवाजे के नीचे से झांककर देखा तो संदीप के पैर लटक रहे थे। आनन फानन में पास पड़ोस के लोगों को बुलाकर दरवाजा तोड़ा गया तो वह छत की कुंडी से लटक रहा था। उधर, मृतक के दोस्त अजीत महतो सहित अन्य ने बताया कि मौत से रविवार की रात संदीप ने फेसबुक स्टेटस पर कई वीडियो अपलोड कर दोस्तों से अपनी संवेदना जताई थी और सुबह मौत होने की जानकारी मिली।

वहीं, घटना की जानकारी चतरोचट्टी पुलिस को मिलने के बाद थाना प्रभारी नीरज कुमार और एसआई बाबूलाल बेदिया दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए बेरमो अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों के अनुसार मामला खुदकुशी का है। युवक अनाथ था। अगर किसी परिजन द्वारा आवेदन दिया जाता है तो प्राप्त आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जाएगी। वहीं, घटना के बाद बड़े पिता बढ़न महतो सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सीआइएसएफ के एनकाउंटर में मारे गये ग्रामीणों का हुआ अंतिम संस्कार

कतरास (आजाद सिपाही)। सीआइएसएफ की गोली से मरे कथित सभी चार कोयला चोरों का पोस्टमार्टम के बाद सोमवार की शाम अंतिम संस्कार किया गया। मृतकों में तीन बाघमारा के, जबकि एक हरिहरपुर थाना क्षेत्र का है। उधर, घटना के बाद पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। वहीं बेनीडीह रेलवे साइडिंग में में सीआइएसएफ और जिला पुलिस की तैनाती की गई है। घटना के बाद विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस-प्रशासन भी चौकस है। बाघमारा थाने में धनबाद (हेडक्वार्टर) डीएसपी अमर पांडेय, बाघमारा डीएसपी निशा मुर्मू, बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति, सीओ कमल किशोर सिंह, कतरास थानेदार रणधीर कुमार सिंह आदि डेरा डाले हुए हैं। जिले से करीब 200 पुलिस बल रविवार से बाघमारा थाना क्षेत्र में तैनात है। सोमवार सुबह से ही बाघमारा बाजार, डुमरा मोड़ सहित अन्य जगहों पर पुलिस सक्रिय है।

शवों को बाघमारा लाने का बेसब्री से था इंतजार

सीआइएसएफ से मुठभेड़ में शनिवार की रात मारे गए चार युवकों के शवों को बाघमारा लाये जाने का बेसब्री से इंतजार हो रहा था। मृतक तेलोटांड़ निवासी प्रीतम चौहान की पत्नी इस दिन स्वजनों के साथ बाघमारा थाना पहुंची थी। उसने कहा कि शव आने के इंतजार में रात गुजर गई। आखिरकार शाम पांच बजे सबसे पहले प्रीतम का शव उसके घर पहुंचा।

दो जून की रोटी ने लील ली चार जिंदगी

बाघमारा के बेनिडीह में दो जून की रोटी के चक्कर में चार लोगों की जान चली गई। सच्चाई यह है कि बेनीडीह साइडिंग में हुई फायरिंग में मरने वाले युवक कोयला तस्करी के खेल में सिर्फ प्यादे हैं। जबकि सरगना पर्दे के पीछे ऐश करते हैं. कोयलांचल में दिनभर चार मौतों के चर्चा होती रही है। पर किसी ने यह नहीं कहा कि कोयला चोरी रोकथाम के लिए पुलिस प्रशासन या बीसीसीएल की ओर से सतर्कता बरती जाती तो शायद बेनीडीह जैसे एनकाउंटर की नौबत नहीं आती। वहीं, सीआइएसएफ की गोली से जिस अताउल अंसारी की मौत हुई, वह सेना में जाने के लिए ही पसीना बहा रहा था। उसके भाई राजा खान ने बिलखते हुए बताया कि उसके भाई की मौत से पूरे परिवार का सपना अधूरा रह गया। पिछले दिनों रांची में बीएसएफ की बहाली में उसने दौड़ निकाल ली थी। काफी खुशी था कि वह सेना में चला जाएगा, लेकिन सपने अधूरे रह गए। वहीं, रथटांड़ निवासी मोहम्मद शहजाद उर्फ जलालुद्दीन खान की डेढ़ महीने की बेटी है। जिसके लिए गर्म कपड़े लाने थे। कई दिनों से मजदूरी नहीं मिल पा रही थी। उसके कुछ दोस्तों ने कोयला लाने का सुझाव दिया। पेट की आग बुझाने की इसी कोशिश ने शहजाद की जान ले ली। वहीं, शहजाद की पत्नी रोजी खातून ने सोमवार को बाघमारा थाने में लिखित शिकायत देकर इंसाफ की गुहार लगाई। कहा कि शनिवार की रात 10 बजे विशु चक्रवर्ती और राजेश यादव उसके घर आये और पति को बुलाकर ले गया। अगले दिन उसकी मौत की सूचना मिली। उधर, घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिये गये हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

2.23 लाख की लागत से पुलिया सहित नाली निर्माण का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

शिलान्यास करती मुखिया व अन्य।

तेनुघाट। ग्राम पंचायत अंतर्गत न्यू मार्केट में दो लाख 23 हजार रुपये की लागत से बनने वाले पुलिया सहित नाली निर्माण का शिलान्यास सोमवार को मुखिया नीलम श्रीवास्तव ने किया। उक्त परियोजना का कार्य मुखिया मद से किया जा रहा है। मुखिया ने बताया कि काफी दिनों से नाली जर्जर अवस्था थी जिससे आवागमन बाधित हो रहा था। दुर्गंध से लोगों का जीना दुश्वार हो गया था। मुखिया द्वारा न्यू मार्केट वासियों की समस्याओं को देखते हुए उसका निदान करते हुए नाली का निर्माण कराया गया। मुखिया ने बताया कि उनकी ओर से पंचायत में विभिन्न योजनाओं का लोकहीत में कार्य किया जाएगा। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य अजीत कुमार पांडेय, वार्ड सदस्य सविता देवी, रंजीत कुमार, शिव शंकर प्रसाद, पंचायत सेवक घलटू प्रमाणिक, संजय प्रसाद, मोहम्मद शाकिर आदि मौजूद थे।

शहीद स्वतंत्रता सेनानी कोका कमार की प्रतिमा का विधायक चमरा लिंडा ने किया अनावरण

कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)। कसमार प्रखंड के ओरमो चौक में शहीद स्वतंत्रता सेनानी कोका कमार की जयंती सह प्रतिमा अनावरण समारोह का आयोजन किया गया। विशुनपुर के झामुमो विधायक चमरा लिंडा ने प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि शहीद कोका कमार करमाली ने कसमार, पेटरवार, गोला एवं गोमिया में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन का बिगूल फूंका था। अंग्रेजों से छक्के छुड़ा दिये थे।

GOVERNMENT OF JHARKHAND
NAME OF ULB : Jhumritelaiya Nagar Parishad

NIT No.: JMC/RFP/05/2022-23
VERY SHORT RFP (REQUEST FOR PROPOSAL)

1	Name of the Work	Selection of Chartered Accountant/ Cost Accountant Firms For Internal Audit of Jhumritelaiya Municipal Council
2	Descriptions and Objectives of the Assignments	Internal Audit to assist in improving the accountability of use Funds and provide a deterrent to malpractice or mismanagement.
3	Language of Documentation	English
4	Mode of submission of bids	Online Mode
5	Tender Document Fees	Rs 10,000/- in the form of Demand Draft
6	Earnest Money Deposit	Rs 50,000/- in the form of Demand Draft
7	EMD Exemption Allowed	No
8	EMD Payable to	Executive Officer, Jhumritelaiya Nagar Parishad Payable at Jhumritelaiya
9	Method of Selection	"QCBS (Quality and cost based Selection method)
10	Total time Period	3 Years
11	Date of starting of Sale/downloading of Tender.	29/11/2022
12	Date of Start of Submission of Bids	29/11/2022
13	Last Date/Time for submission of Bids Online	05/12/2022 Upto 3:00 P.M.
14	Last Date/Time for submission of Bids Security, Cost of Bid Documents	07/12/2022 Upto 5:00 P.M.
15	No of Copies of Tech. and Financial Proposal for each package.	1 copy of Technical Proposal 1 copy of Financial proposal
16	Date/Time of Technical Bid Opening	08/12/2022 at 3:00 P.M.
17	Bid Sale/Submission address	Executive Officer, Jhumritelaiya Nagar Parishad, Addi Bangla Road, Jhumritelaiya – 825409
18	Helpline No	9693145111, 9798062988

Administrator
Jhumritelaiya Nagar Parishad
PR.NO.282942 Urban Development(22-23):D

डीएवी कथारा में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास व नैतिक मूल्यों के संवर्धन पर बैठक

बच्चे हमारी सबसे बड़ी संपत्ति हैं : विपिन राय

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी, अभिभावक व अन्य।

बच्चों-अभिभावकों को संबोधित करते प्राचार्य विपिन राय।

आजाद सिपाही संवाददाता

कथारा। डीएवी के प्रांगण में सोमवार को अभिभावक-शिक्षक की बैठक हुई। बैठक आठवीं, नवमीं और 11वीं कक्षा के लिए आयोजित की गई थी। प्राचार्य विपिन राय की अगुवाई में इसका शुभारंभ हुआ। बैठक विशेष रूप से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं नैतिक मूल्यों के संवर्धन पर आधारित थी। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आपसी संवाद के जरिए शिक्षा को उन्नत, सरल एवं प्रभावी बनाने के कई बिंदुओं पर चर्चा की। प्राचार्य ने कहा कि बच्चें हमारी सबसे बड़ी संपत्ति है। इन्हें सफल बनाने में शिक्षकों के साथ ही माता-पिता अभिभावकों की भी महत्वपूर्ण भागीदारी होनी चाहिए। इस दिशा में सम्मिलित प्रयास होना चाहिए। जिसके दम पर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की नींव रखी जाए। विद्यार्थी उस पौधे के समान है जिन्हें अनुशासन, उत्तम शिक्षा, संस्कार, नैतिक मूल्य तथा प्रेम के जल से सिंचित कर बड़ा बनाया जा सकता है। अभिभावकों ने भी पूरे उत्साह के साथ विद्यालय परिवार को अपना पूरा सहयोग देने की सहमति जताई। इस आयोजन को सफल बनाने में पीके पॉल, एसके झा, एमएन झा, जितेंद्र दुबे, अमित पांडेय, बबलू दसौंधी, रंजीत सिंह शशि भूषण, अमित पाल, अमरनाथ यादव आदि शिक्षकों निशा रानी भूमिका निभाई।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 14 वर्ष 2022–23

1. विभाग का नाम :– जल संसाधन (लघु सिंचाई) विभाग, झारखंड सरकार, रॉची।
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र की विक्री की तिथि :– 24.11.2022से 26.11.2022 तक (3:00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एंव समय :– 28.11.2022 को 03:00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 28.11.2022 को 3:30 बजे अपराह्न
6. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला। (2) सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई अनुमंडल, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एंव निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय परिसर, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
8. परिमाण विपत्र का मूल्य :– राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट जों राष्ट्रीयकृत बैंक, गुमला में भुगतेय हो, मान्य होगा।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

ग्रुप सं0	योजना का नाम	प्रखंड	परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि	निविदा दाता की समुचित श्रेणी
1	Construction of Boundary wall (Part-A) with 02 Nos.of Gate at Khakhari Pahan High School Kotam Block-Gumla Sadar	गुमला	1858700.00	37500.00	5000.00	तीन माह	श्रेणी–03
2	Construction of Boundary wall (Part-B) with 02 Nos.of Gate at Khakhari Pahan High School Kotam Block-Gumla Sadar	गुमला	1670800.00	33500.00	5000.00	तीन माह	श्रेणी–03
3	Construction of Boundary wall at Bazar Samittee Gumla, Village Karoundi, Block Gumla year 2022-23	गुमला	2383700.00	47700.00	5000.00	तीन माह	श्रेणी–03

निविदा की शर्तें :– 1. बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता से निर्गत हुआ हो तथा बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता अवधि निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह तक का हो, मान्य होगा ।
2. निविदा में 10% न्युनतम दर से अधिक न्युनतम दर उद्वत करने पर प्राक्कलित राशि का 20% अथवा 30% अतिरिक्त जमा राशि का डाकघर सावधी जमा पासबुक/बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा । **जो निम्न है**:– 1. 10% से 20 प्रतिशत कम दर की राशि का 20% तक।
2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत राशि देय होगा ।
10. निविदा से संबंधित सभी सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचनापट पर देखा जा सकता है। E-mial ID – eemidgum@gmail.com.

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला

PR 282856 Minor Irrigation(22-23)#D

प्लेटफॉर्म पर चढ़ गयी मालगाड़ी, बोगी के नीचे दबने से तीन महिलाओं की मौत

कोरेइ स्टेशन पर रेस्क्यू जारी : 8 पलटे हुए डिब्बों को लाइन से हटाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। एक मालगाड़ी ट्रेन जाजपुर जिले के कोरेई स्टेशन के प्लेटफार्म के ऊपर चढ़ गयी, जिससे तीन महिलाओं की मौत हो गयी, जबकि कुछ लोग घायल हो गये। सभी को नजदीकी चिकित्सा केंद्र में भर्ती कराया गया है। मृत महिलाओं में से एक पार्वती बिंधानी (55) और उनकी बेटी कढेई बिंधानी (26)। इसी तरह एक अन्य महिला है अबजुन बीबी (42 वर्ष) है। सभी अपनी बहन के घर जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रही थीं।

हादसा जाजपुर जिले के कोरेई स्टेशन पर हुआ। खबरों के मुताबिक मालगाड़ी भद्रक से जाजपुर क्योंझर रोड स्टेशन की ओर आ रही थी। इसी दौरान कोरेई स्टेशन पर ट्रेन के इंजन से करीब सात बोगियां अचानक गिर गयीं। प्लेटफार्म सहित अप और डाउन लाइनों पर सारी बोगियां बिखरी गयीं। इसमें तीन लोगों की मौत हो गयी, क्योंकि वे बग्गी के नीचे दब गये थे। कई अन्य घायल सभी को

मौके से बचा लिया गया और नजदीकी चिकित्सा केंद्र में भर्ती कराया गया। दुर्घटना के बाद इस मार्ग पर यातायात बाधित हो गया है। क्षतिग्रस्त बग्घी को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। दोपहर 2.25 तक 8 में से 8 पलटे हुए डिब्बों को लाइन से हटा दिया गया है। रेल विभाग की राहत ट्रेनें इस रूट पर यातायात को सामान्य करने का प्रयास कर रही हैं। क्रेन की मदद से ट्रेन लाइन को साफ किया जा रहा है। ओड्राफ और दमकल के कर्मचारी दुर्घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी रखे हुए है। जेसीबी मशीन से टूटे हुए टुकड़ों को पटरी से उठाया जा रहा है। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी दुर्घटनास्थल पर पहुंच कर बचाव अभियान की निगरानी कर रहे हैं।

आश्रितों को मिलेंगे पांच लाख : रेल मंत्री

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक ट्वीट में कहा कि कोरेई में ट्रेन दुर्घटना में जान गंवाने वालों के प्रति गहरी संवेदना। मृतकों के परिजनों को पांच लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को एक लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों को 25 हजार की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

सीएम ने दिये घायलों के उचित इलाज के निर्देश

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने दुख जताते हुए जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति भी संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने मृतक के परिवार को 2 लाख रुपये अनुकंपा राशि देने की घोषणा की है।

हेल्पलाइन नंबर जारी

राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री प्रमिला मल्लीक को मौके पर जाकर स्थिति की जांच करने का आदेश दिया गया है। रेलवे विभाग की ओर से हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। पूर्व रेलवे ने कोरेई स्टेशन के लिए नंबर 8455889905 जारी किया है। इसी तरह भुवनेश्वर के लिए नंबर 0674-2534020 जारी किया गया है। खुर्दा रोड के लिए क्रमांक 0674-2492245 जारी किया गया है।

एम्स भुवनेश्वर के डॉक्टर ने जरूरतमंद गर्भवती महिला के लिए रक्तदान किया

आजाद सिपाही संवाददाता



भुवनेश्वर। एम्स भुवनेश्वर के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ देवाशीष मिश्रा अपने नेक भाव के लिए चर्चा में रहे हैं। डॉ मिश्रा ने एम्स भुवनेश्वर के ट्रांसफ्यूजन विभाग में फटी हुई अस्थानिक गर्भावस्था वाली एक महिला को बी-वी रक्त की एक यूनिट तत्काल दान की है। डॉ मिश्रा को अपने विभाग में ड्यूटी के दौरान एक गर्भवती महिला की गंभीर स्थिति में रक्त की तत्काल आवश्यकता का पता चला। ऐसा कोई रिश्तेदार नहीं था जो फटी हुई अस्थानिक गर्भावस्था और रक्तस्राव की स्थिति में तीव्र दर्द से जूझ रही महिला के लिए आवश्यक बी-वी रक्त दान कर सके। साथ ही उस समय ब्लड बैंक में बी-वी ब्लड उपलब्ध नहीं था, लेकिन, खून के लिए गर्भवती महिला के लिए यह आपात स्थिति थी। इसलिए, डॉ मिश्रा ने पूरे दिल से आगे आकर मरीज को एक यूनिट बी-वी ब्लड डोनेट किया। अगर उस समय मरीज को आवश्यक रक्त नहीं मिला होता तो उसकी मौत हो सकती थी, ऐसा एम्स भुवनेश्वर के स्त्री रोग विशेषज्ञ ने बताया। स्त्री रोग विभाग में कुछ दिनों के इलाज के बाद महिला को छुट्टी दे दी गयी है और अब वह ठीक है।

एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर (डॉ) आशुतोष विश्वास ने डॉ मिश्रा के नेक काम की सराहना की है। डॉक्टर न केवल मरीजों का इलाज करते हैं बल्कि जरूरतमंदों की किसी भी तरह की मदद करने के लिए उनके पास सुनहरा दिल भी होता है।

डॉ आशुतोष विश्वास ने कहा कि डॉ देवाशीष मिश्रा ने दूसरों के लिए एक मिसाल कायम की है। एम्स भुवनेश्वर के डॉक्टर के इस नेक काम की सभी ने सराहना की है।

ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के वैज्ञानिक सर्वे मामले की सुनवाई 30 को होगी, हाइकोर्ट ने मांगा जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की कार्बन डेटिंग सहित साइंटिफिक सर्वे कराए जाने की मांग में दाखिल याचिका पर पुरातत्व विभाग से पूछा है कि क्या बिना क्षति पहुचाए कार्बन डेटिंग की जा सकती है। कोर्ट ने कहा अधीनस्थ अदालत ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी यथास्थिति आदेश को देखते हुए साइंटिफिक सर्वे कराने की अर्जी खारिज की है। आशंका व्यक्त की गई है कि कार्बन डेटिंग से कथित शिवलिंग को क्षति हो सकती है।

हाइकोर्ट ने मांगा जवाब : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि गवाही नहीं हो सकती और आकार को बिना नुकसान उसकी आयु का निर्धारण किया जाना जरूरी है। कोर्ट ने राज्य सरकार के प्रमुख सचिव धर्मार्थ विभाग से भी जवाब मांगा है। याचिका की सुनवाई 30 नवंबर को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर ने लक्ष्मी देवी व तीन अन्य की पुनरीक्षण याचिका पर दिया है।

याचिका पर अधिवक्ता ने क्या दिया तर्क : याचिका पर अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने बहस की। उनका कहना था कि साइंटिफिक सर्वे होने से ज्ञानवापी परिसर में मिले शिवलिंग सहित अन्य धार्मिक निर्माण की सही जानकारी मिल सकेगी। यह भी पता चल सकेगा कि वहां मिले शिवलिंग व अन्य मूर्तियां व धार्मिक वस्तुएं कितनी पुरानी है।

याचिका में जिला न्यायालय के फैसले को दी गयी चुनौती : याचीगण ने जिला अदालत वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का साइंटिफिक सर्वे कराने की मांग में अर्जी दाखिल की थी। कोर्ट ने यह कहते हुए अर्जी 14 अक्टूबर को खारिज कर दी कि ऐसा करने से निर्माण को क्षति पहुंच सकती है।

कोर्ट ने हलफनामा देकर स्थिति स्पष्ट करने का दिया निर्देश : भारत सरकार की तरफ से अधिवक्ता मनोज सिंह ने तीन महीने का समय मांगा किंतु कोर्ट ने 30 नवंबर तक स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया है। साथ ही राज्य सरकार के मुख्य स्थायी अधिवक्ता पंचम बिपिन बिहारी पांडेय को भी प्रमुख सचिव का हलफनामा दाखिल कर स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया है।

जाजपुर में पटरी से उतरने के बाद कई ट्रेनें रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। पूर्व तट रेलवे के खुर्दा रोड रेलवे डिवीजन के भद्रक-कपिलास रोड रेलवे सेक्शन के कोरेई स्टेशन पर सुबह करीब 6.44 बजे एक मालगाड़ी पटरी से उतर गयी। दोनों लाइनें अवरुद्ध हैं। रेलवे स्टेशन की इमारत भी पटरी से उतरने से क्षतिग्रस्त हो गई।

दुर्घटना राहत ट्रेन और दुर्घटना राहत चिकित्सा दल को तत्काल मौके पर पहुंचने का आदेश दिया गया है। डीआरएम खुर्दा रोड अन्य शाखा अधिकारियों के साथ मरम्मत कार्य के लिए दुर्घटनास्थल पर पहुंच गया है। फंसे हुए यात्रियों को केटरिंग सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। उपरोक्त ट्रेन के पटरी से उतरने के कारण निम्नलिखित ट्रेनों को रद्द, आंशिक रूप से रद्द और डायवर्ट किया गया है।

ट्रेनों का रद्दीकरण : 12073 हावड़ा-भुवनेश्वर जनशताब्दी एक्सप्रेस, 12277 हावड़ा-पुरी शताब्दी एक्सप्रेस,12821 शालीमार-पुरी एक्सप्रेस
12822 पुरी-शालीमार एक्सप्रेस,18045 शालीमार-हैदराबाद एक्सप्रेस,08454/08453 कटक-भद्रक-कटक पैसेंजर स्पेशल
08441/08442 भुवनेश्वर-ब्रह्मपुर-भुवनेश्वर पैसेंजर स्पेशल, 08412 भुवनेश्वर- बालेश्वर पैसेंजर स्पेशल

ट्रेनों का आंशिक रद्दीकरण: 12074 भुवनेश्वर-हावड़ा जनशताब्दी एक्सप्रेस जाजपुर तक चलेगी और जाजपुर और हावड़ा के बीच रद्द रहेगी। 12278 पुरी-हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस जाजपुर तक चलेगी और जाजपुर और हावड़ा के बीच रद्द रहेगी।
08411 बालेश्वर-भुवनेश्वर पैसेंजर स्पेशल केनुआपड़ा तक चलेगी और केंदुपड़ा और भुवनेश्वर के बीच रद्द रहेगी। 12891 बांगीरीपसी-भुवनेश्वर एक्सप्रेस भद्रक तक चलेगी और भद्रक और भुवनेश्वर के बीच रद्द रहेगी। 18021 खड़गपुर-खुर्दा एक्सप्रेस भद्रक तक चलेगी और भद्रक और भुवनेश्वर के बीच रद्द रहेगी ।

ट्रेनों का डायवर्जन: 18046 हैदराबाद-शालीमार ईस्ट कोस्ट एक्सप्रेस को वाया जाखपुरा-जरोली-टाटा के रास्ते डायवर्ट किया जायेगा। 18477 पुरी-ऋषिकेश कलिंग उत्कल एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन अंगुल-संबलपुर शहर-झारसुगुड़ा होकर किया जायेगा। 22852 बेंगलुरु-संतरागाछी एक्सप्रेस को वाया जाखपुरा-जरोली-टाटा मार्ग पर चलेगी। 22641 त्रिवेंद्रम-शालीमार एक्सप्रेस को वाया जाखपुरा-जरोली-टाटा के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा.12704 सिकंदराबाद-हावड़ा फालकनुमा एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन अंगुल-संबलपुर शहर-झारसुगुडा होकर किया जाएगा.20890 तिरुपति-हावड़ा एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन अंगुल-संबलपुर शहर-झारसुगुडा होकर किया जाएगा.12246 बैंगलोर-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस को अंगुल-संबलपुर शहर-झारसुगुड़ा के रास्ते डायवर्ट किया जायेगा। 12864 बेंगलुरू-हावड़ा एक्सप्रेस को वाया जाखपुरा-जरोली-टाटा के रास्ते डायवर्ट किया जायेगा। 22305 बेंगलुरू-जसीडीह एक्सप्रेस को वाया जाखपुरा-जरोली-टाटा मार्ग पर चलेगी। 22808 चेन्नई-संतरागाछी एक्सप्रेस को वाया जाखपुरा-जरोली-टाटा मार्ग पर चलेगी। 22823 भुवनेश्वर-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन वाया जाखपुरा-जरोली-टाटा किया जायेगा। 12815 पुरी-आनंद विहार नंदन कानन एक्सप्रेस वाया जाखपुरा-जरोली-टाटा मार्ग पर चलेगी। 15906 डिब्रूगढ़-कन्याकुमारी बरास्ता हिजिली-टाटा-नयागढ़-जाखापुरा होकर डायवर्ट किया जायेगा। 12703 हावड़ा-सिकंदराबाद फलकनुमा एक्सप्रेस बरास्ता खड़गपुर-टाटा-नयागढ़-जाखापुरा मार्ग पर चलेगी.12876 आनंद विहार-पुरी नीलाचल एक्सप्रेस को टाटा-नयागढ़-जाखापुरा के रास्ते डायवर्ट किया जायेगा। 22605 पुरिलिया-विल्लुपुरम एक्सप्रेस बरास्ता खड़गपुर-टाटा-नयागढ़-जाखापुरा मार्ग पर चलेगी।

विधानसभा से हटायी गयी कोविड पाबंदियां पत्रकारों को प्रेस गैलरी में जाने की इजाजत

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। कोविड महामारी के चलते विधानसभा में कई तरह की पाबंदियां लगायी गयीं थी। अब इन सभी प्रतिबंधों को पूरी तरह से हटा दिया गया है। इस बार पत्रकारों को प्रेस गैलरी में प्रवेश करने की अनुमति दी जायेगी जब सदन शाम 7 बजे तक चलेगा। बाचस्पति विक्रम केशरी अरुख ने इस बात की जानकारी दी।

सोमवार को विधानसभा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलायी

गयी, जिसमें कहा गया है कि इस बार कटकना नहीं स्वाभाविक रूप से गृह चलेगा।

जानकारी के मुताबिक राज्य विधानसभा का शीतकालीन सत्र 24 नवंबर से शुरू होने जा रहा है। शीतकालीन सत्र में कुल 33 कार्य दिवस रहा हैं। इस बैठक में बताया गया है कि वित्त मंत्री निरंजन पुजारी वित्त वर्ष 2022-23 का अतिरिक्त बजट पेश कर सकते हैं। इसके लिए काफी जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। विधानसभा के पहले दिन अतिरिक्त बजट पेश किया जाएगा। विनियोग विधेयक दो दिसंबर को पारित होगा। इस शीतकालीन सत्र को राज्यपाल ने मंजूरी दे दी है। तय किया गया है कि यह सत्र 24 नवंबर से शुरू होकर 31 दिसंबर को समाप्त होगा।

इंडोनेशिया में भूकंप, 56 की मौत

700 से ज्यादा घायल, दहशत में लोगों ने इमारतें खाली कीं

एजेंसी

जकार्ता। इंडोनेशिया में सोमवार को आए भूकंप में 56 लोगों की मौत हो गई। 700 से ज्यादा लोग घायल हैं। राजधानी जकार्ता समेत आसपास के इलाकों में लोग दहशत में बाहर निकल आए। इमारतों को खाली करवा दिया गया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक भूकंप की तीव्रता 5.6 थी और इसका सेंटर जावा के सियांजुर में था। एक अधिकारी ने बताया कि एक ही अस्पताल में 20 लोगों की मौत हुई है। इससे आशंका जाहिर की जा रही है कि मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है।

इमारतें खाली करायी गयी : सोशल मीडिया पर भूकंप के कुछ वीडियो शेयर किये जा रहे हैं। इनमें टूटी हुई इमारतें, मलबा और क्षतिग्रस्त कारें नजर आ रही हैं। एक अफसर ने कहा- हम लोगों से अपील करते हैं कि वो फिलहाल अपनी इमारतों से बाहर रहें, क्योंकि आफ्टर शॉक्स की आशंका है। राजधानी जकार्ता में एम्बुलेंस के सायरन लगातार सुनाई दे रहे हैं। इंडोनेशिया सरकार की क्विक रिस्पॉन्स टीम हालात पर नजर रख रही है।

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in
Top Government Medical Universities of ABROAD.
Call Now !
UNIVERSITY FLY
+91-7903149721
www.universityfly.com

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

Sontosh Kumar
75037 29696
92056 24569
S MTOY & School Furnituer
Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar,
Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School,
Playgrond, Playschool Park
Playzone, Mails, Backyard,
Recreation Zone, Society & Anganwadis

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं विहित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP◆BUS & HOSTEL FACILITY ◆CAMPUS PLACEMENT◆WELL EQUIPPED LAB◆ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**